संस्करण : प्रयागराज
वर्ष : 15
अंक : 263
पृष्ठ : 6
मूल्य : 2.0
शुक्रवार 27 नवम्बर 2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

www.pratahkalexpress.in

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सच से रूबरू

प्रयागराज से प्रकाशित एवं कौशाम्बी, प्रतापगढ़, अयोध्या, लखनऊ, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, झांसी, बिजनौर में प्रसारित



अधिकार के साथ कर्तव्य बोध कराता है संविधान-सीएम




- संविधान गौरव दिवस समारोह में बोले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ
- संविधान को लेकर भ्रम फैलाने वालों से सतर्क रहने की जरूरत

लखनऊ, संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत की संप्रभुता किसी व्यक्ति, परिवार या जाति विशेष में नहीं, बल्कि देश के आम नागरिक में निहित है। संविधान ने प्रत्येक भारतीय को अधिकार और दायित्व दिया है कि वह देश का संरक्षक है। कोई व्यक्ति या परिवार यह दावा नहीं कर सकता कि उसके कारण भारत अस्तित्व में है या वही भारत का संरक्षक है। भारत का हर नागरिक संविधान की गरिमा और लोकतंत्र की रक्षा का उत्तरदायी है। मुख्यमंत्री गुरुवार को लोकभवन में संविधान गौरव दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे।मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा संविधान हम सबका गौरव और 145 करोड़ भारतवासियों का मार्गदर्शक है। यह हमें अधिकारों का स्मरण कराने के साथ कर्तव्यों का बोध ा भी कराता है और देश के प्रति हमारी जिम्मेदारियों का अहसास कराता है। संविधान निर्माताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के उस विचार को ध्यान में रखा था कि भारत का राजनीतिक भाग्य भारतवासी स्वयं तय करेंगे। इसी भावना से संविधान निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई। भारत का संविधान दुनिया के उन विशिष्ट संविधानों में है, जिसने पहले दिन से ही बिना किसी जाति, क्षेत्र, भाषा और लैंगिक भेदभाव के प्रत्येक वयस्क भारतीय को मताधिकार प्रदान किया। दुनिया के कई ऐसे देश, जो स्वयं को लोकतंत्र का बड़ा समर्थक बताते हैं, वहां लंबे समय तक रंगभेद और लिंगभेद के आधार पर नागरिकों को समान अधिकारों से वंचित रखा गया। लेकिन भारत ने संविधान लागू होने के पहले दिन से ही प्रत्येक वयस्क नागरिक को मतदान का अधिकार दिया। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि आज कुछ लोग भ्रम की स्थिति पैदा करके लाल पुस्तिका लेकर लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। यदि उन्होंने संविधान की प्रति पढ़ी होती तो शायद भारत की संप्रभुता के संरक्षक होने का दावा करने का दुस्साहस नहीं करते। जब उन्हें अवसर मिला था, तब उन्होंने संविधान का गला घोंटने का प्रयास किया। आजादी के तत्काल बाद पहला संविधान संशोधन प्रेस की आजादी को बंधक बनाने के लिए किया गया। समय–समय पर अपने स्वार्थ के लिए संविधान में संशोध ान किए गए। इन लोगों ने केवल संविधान ही नहीं, बल्कि देश की संवैधानिक संस्थाओं और लोकतंत्र को भी कठघरे में खड़ा करने का प्रयास किया। भारत पर लगातार आक्षेप लगाए और लोकतंत्र को कमजोर करने के षड्यंत्र किए। ऐसे लोगों के प्रयासों से सावधान रहना होगा। संविधान और लोकतंत्र को कमजोर करने की साजिशों से देश को बचाना हम सभी का दायित्व है। कांग्रेस ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर को कभी भारत रत्न नहीं लेने दिया। उन्हें संसद तक पहुंचने से रोकने के लिए भी प्रयास किए गए और उन्हें चुनाव हराने के लिए तमाम षड्यंत्र किए गए। पिछली सरकारों ने महापुरुषों के सम्मान की उपेक्षा की। समाजवादी पार्टी की सरकार ने कन्नौज मेडिकल कॉलेज से बाबा साहेब आंबेडकर का नाम हटा दिया था। असीम अरुण के पत्र लिखने पर प्रदेश सरकार ने दोबारा मेडिकल कॉलेज का नाम बाबा साहेब के नाम पर किया। इसी प्रकार उरई मेडिकल कॉलेज का नाम लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के नाम पर किया गया। महाराज सुहेलदेव ने एक हजार वर्ष पहले विदेशी आक्रांताओं को मुंहतोड़ जवाब देकर भारत की रक्षा की थी, लेकिन उनके नाम पर कोई स्मारक नहीं बना। प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन सरकार आने के बाद बहराइच में उनका भव्य स्मारक बनाया गया। बहराइच मेडिकल कॉलेज और आजमगढ़ में नए मेडिकल कॉलेज का नाम महाराज सुहेलदेव के नाम पर रखा गया। राजा महेंद्र प्रताप सिंह, जिन्होंने 1915 में अफगानिस्तान में भारत की अंतरिम सरकार का गठन किया था, उनके नाम पर अलीगढ़ में राज्य विश्वविद्यालय का निर्माण कराया गया। नए संसद भवन में भी संविधान की मूल प्रति को विशेष स्थान दिया गया है।

विपक्ष नहीं, अवरोध पक्ष बन गई है कांग्रेस

पीएम मोदी बोले- महिलाओं को न्याय दिलाने से कोई नहीं रोक सकता



नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को न्याय दिलाने का संकल्प दोहराया है। उन्होंने कहा कि कोई भी शक्ति उन्हें न्याय सुनिश्चित करने से नहीं रोक सकती। प्रधानमंत्री ने संसद में महिला आरक्षण विधेयक की हार के लिए एक विपक्षी दलश को जिम्मेदार ठहराया। गुरुवार को प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित एक हस्ताक्षरित लेख में मोदी ने कांग्रेस का नाम लिए बिना आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी ओबीसी आरक्षण कम करना और मुस्लिम आरक्षण लाना चाहती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि संविधान की यात्रा महिलाओं के योगदान को पहचाने बिना अधूरी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विधायी निकायों में महिलाओं को पर्याप्त प्रतिनिधित्व देने वाला एक कानून एक विपक्षी दल द्वारा पारित नहीं होने दिया गया। यह सांविधानिक मूल्यों के प्रति उसकी अवहेलना को दर्शाता है। संविधान संशोधन विधेयक का उद्देश्य लोकसभा की मौजूदा 543 सीटों को परिसीमन के माध्यम से अधिकतम 850 तक बढ़ाना था। इससे 2029 के आम चुनावों से पहले संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण लागू करने का मार्ग प्रशस्त होता। विधेयक को लोकसभा में दो–तिहाई बहुमत की आवश्यकता थी, लेकिन अप्रैल में यह पारित नहीं हो सका। पीएम मोदी ने कहा कि भारतीय सांविधानिक लोकतंत्र में विपक्ष की स्पष्ट भूमिका है। उन्होंने दुख व्यक्त किया कि प्रमुख विपक्षी दल विरोध पक्ष के बजाय 'अवरोध पक्ष' बन गया है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि दशकों से भारत के कई हिस्सों, खासकर आदिवासी क्षेत्रों में, नक्सलियों ने गरीबों को संविधान द्वारा गारंटीकृत अधिकारों से वंचित किया। उन्होंने इस वर्ष नक्सलवाद के सफल उन्मूलन को संतोषजनक बताया। मोदी ने कहा कि अब केवल दिमागी नक्सल बचे हैं, जो हमारे विकास पथ को पटरी से उतारने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने विपक्षी दल पर ओबीसी आरक्षण कम करने और मुस्लिम आरक्षण लाने की इच्छा को सबसे भयावह बताया, जिसके डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर भी पूरी तरह खिलाफ थे।

केरल हाईकोर्ट का फैसला: दुष्कर्म पीड़िता को 27 हफ्ते का गर्भ गिराने की अनुमति

जान का खतरा, फिर मंजूरी क्यों?

कोच्चि, एजेंसी। केरल हाईकोर्ट ने दुष्कर्म की शिकार नाबालिग लड़की को 27 सप्ताह से अधिक का गर्भ समाप्त कराने की अनुमति दे दी है। मेडिकल बोर्ड ने प्रक्रिया में अत्यधिक रक्तस्राव, संक्रमण, गर्भाशय फटने और यहां तक कि लड़की की मौत का खतरा बताया था। डॉक्टरों ने गर्भावस्था 32 सप्ताह तक जारी रखने की सलाह दी थी, लेकिन लड़की इसके लिए तैयार नहीं थी। अदालत ने उसकी इच्छा को प्राथमिकता देते हुए राज्य सरकार को बिना देरी गर्भपात की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। डॉक्टरों के मुताबिक, इस अवस्था में गर्भपात कराने से लड़की की जान भी जा सकती है। इसके बावजूद अदालत ने लड़की की इच्छा को महत्व दिया। जस्टिस हरिशंकर वी मेनन ने कहा कि पीड़िता नाबालिग है और अपनी पढ़ाई कर रही है। ऐसे में उसकी इच्छा को भी सर्वोच्च महत्व दिया जाना चाहिए। अदालत ने मामले के तथ्यों और कानूनी स्थिति पर विचार करने के बाद कहा कि याचिकाकर्ता की मांग को तत्काल स्वीकार किया जाना जरूरी है।



हाईकोर्ट के निर्देश पर गठित मेडिकल बोर्ड ने लड़की की जांच की थी। इसके बाद अदालत को अपनी रिपोर्ट सौंपी। बोर्ड ने बताया कि गर्भावस्था के मौजूदा चरण में गर्भपात कराने से कई गंभीर जटिलताएं हो सकती हैं। मेडिकल बोर्ड ने जिन संभावित खतरों के बारे में बताया है, उनमें शामिल हैं:–

अत्यधिक रक्तस्रावरू प्रक्रिया के दौरान बहुत ज्यादा खून बहने का खतरा है। इससे लड़की की हालत गंभीर हो सकती है।

प्लेसेंटा का अंदर रह जानारू गर्भपात के बाद गर्भनाल का कुछ हिस्सा गर्भाशय में रह सकता है। इससे स्वास्थ्य संबंधी जटिलताएं बढ़ सकती हैं। गर्भाशय फटने का खतरारू प्रक्रिया के दौरान गर्भाशय को नुकसान पहुंच सकता है। इसकी वजह से गंभीर स्थिति पैदा हो सकती है। संक्रमण और दूसरी जटिलताएंरू झिल्ली समय से पहले फटने और संक्रमण की आशंका भी जताई गई। इसके अलावा बेहोशी देने के दौरान दिल का दौरा पड़ने और मां की मौत तक का खतरा बताया गया। मेडिकल बोर्ड ने यह भी कहा कि इस प्रक्रिया का असर लड़की की भविष्य की गर्भावस्थाओं पर पड़ सकता है। यानी आगे चलकर गर्भधारण करने में भी परेशानी हो सकती है। डॉक्टरों की सलाह के बावजूद क्यों लिया गया फैसला? मेडिकल बोर्ड ने लड़की की गर्भावस्था को 32 सप्ताह तक जारी रखने की सलाह दी थी। हालांकि, पीड़िता गर्भ जारी रखने के लिए तैयार नहीं थी। उसकी इच्छा थी कि गर्भावस्था को जल्द से जल्द समाप्त किया जाए। इस स्थिति में हाईकोर्ट ने लड़की की इच्छा को ध्यान में रखते हुए गर्भपात की अनुमति दे दी। अदालत ने राज्य सरकार को इसके लिए जरूरी चिकित्सा व्यवस्था करने का निर्देश दिया। हाईकोर्ट ने कहा कि पीड़िता से प्रक्रिया के लिए उसकी सहमति से जुड़ा लिखित आश्वासन लेने के बाद गर्भावस्था समाप्त करने की प्रक्रिया बिना किसी देरी के पूरी की जाए।अगर गर्भपात के दौरान बच्चे का जन्म हुआ तो क्या होगा?हाईकोर्ट ने यह भी कहा है कि अगर गर्भावस्था समाप्त करने की प्रक्रिया के दौरान बच्चा जीवित रहता है, तो राज्य सरकार को उसके लिए जरूरी इंतजाम करने होंगे।

भाजपा को अब हमारी परछाइयों से भी डर लगने लगा है-खरगे



- लखनऊ में खरगे संविधान रक्षा मार्च में खुलकर बोले
- खरगे पहुंचे अंबेडकर महासभा, अर्पित की डॉ. बीआर अंबेडकर की अस्थियों को श्रद्धांजलि

लखनऊ, संवाददाता। कांग्रेस ने गुरुवार को लखनऊ में संविध ाान दिवस के अवसर पर अपना संविधान रक्षा मार्च निकाला। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार पर राहुल गांधी और कांग्रेस से डरने का आरोप लगाया, कहा कि उन्हेंअब उनकी परछाइयों से भी डर लगने लगा है। कांग्रेस कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधि ात करते हुए खरगे ने कहा कि सरकार राहुल गांधी और कांग्रेस से इतनी डरी हुई है कि उन्हें अब उनकी परछाइयों से भी डर लगने लगा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पार्टी जब भी मौका मिलेगा, मार्च निकालेगी और अपने निध ारित गंतव्य तक पहुंचेगी। खरगे ने कहा, युवा मित्रों, लखनऊ में कांग्रेस कार्यालय में बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हुए हैं। मुझे आज 26 नवंबर को संविधान सुरक्षा मार्च को संबोधित करने के लिए आमंत्रित किया गया था। यहां की सरकार राहुल गांधी, कांग्रेस पार्टी और हम सभी से इतनी डरी हुई है कि उन्हें अब हमारी परछाइयों से भी डर लगने लगा है। जब वे हमें देखते हैं तो हमसे डरना एक बात है, लेकिन भाजपा को अब हमारी परछाइयों से भी डर लगने लगा है! हम देखेंगे। जब भी मौका मिलेगा, हमारे साथी मार्च निकालेंगे। हम निश्चित रूप से उस गंतव्य तक पहुंचेंगे जहां हमें आज पहुंचना था। मुझे बस यही कहना है।संविधान दिवस के महत्व पर बोलते हुए, खरगे ने कहा कि संविधान सभा ने 26 नवंबर, 1949 को भारतीय संविधान को अपनाया, जिसने देश के प्रत्येक नागरिक को सशक्त बनाया। उन्होंने संविध ाान निर्माण की प्रक्रिया में उत्तर प्रदेश के योगदान पर भी प्रकाश डाला, अक्टूबर 1937 में राज्य विधान सभा द्वारा पारित एक प्रस्ताव का उल्लेख किया।आज एक ऐतिहासिक संविधान दिवस है। 1949 में इसी दिन, संविधान सभा ने भारतीय संविधान को अपनाया, जिसने देश के प्रत्येक नागरिक को सशक्त बनाया। हमने संविधान का मसौदा तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, और उत्तर प्रदेश ने इस प्रक्रिया में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अक्टूबर 1937 में, उत्तर प्रदेश विधान सभा ने भारत सरकार अधिनियम, 1935 को निरस्त करने का आह्वान करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया था। यह प्रस्ताव यहां लखनऊ में, कांग्रेस सरकार के दौरान विधानसभा में पारित किया गया था। इसमें कहा गया था कि भारत का संविधान एक निर्वाचित संविधान सभा द्वारा बनाया जाना चाहिए और भारत सरकार अधि ानियम, 1935 की कोई आवश्यकता नहीं थी।

पिता बनने पर मिलेगी 15 दिन की छुट्टी

तमिलनाडु में पहली बार लागू हुई सुविधा, कब और कैसे ले सकेंगे अवकाश?

चेन्नई, एजेंसी। तमिलनाडु सरकार ने पुरुष सरकारी कर्मचारियों को 15 दिन का पितृत्व अवकाश देने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री सी जोसेफ विजय ने बृहस्पतिवार को इसका एलान किया और इस संबंध में आदेश भी जारी कर दिया। कर्मचारी बच्चे के जन्म से 15 दिन पहले या जन्म के छह महीने के भीतर किसी भी समय यह छुट्टी ले सकेंगे। राज्य में पुरुष सरकारी कर्मचारियों को पहली बार यह सुविधा मिलेगी। सरकार का कहना है कि पुरुष कर्मचारी लंबे समय से पितृत्व अवकाश की मांग कर रहे थे। इसी मांग को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है। राज्य में पहली बार पुरुष सरकारी कर्मचारियों को बच्चों की देखभाल के लिए इस तरह की छुट्टी मिलेगी। सरकार का मानना है कि बच्चे की परवरिश में पिता की भूमिका भी उतनी ही जरूरी है। सरकार ने पितृत्व अवकाश लेने के लिए समय–सीमा भी तय की है। इसके मुताबिक, विवाहित पुरुष सरकारी कर्मचारी बच्चे के जन्म से 15 दिन पहले छुट्टी ले सकते हैं। इसके अलावा बच्चे के जन्म के छह महीने के भीतर भी किसी समय 15 दिन का अवकाश लिया जा सकता है। यानी कर्मचारियों को अपनी सुविधा के अनुसार छुट्टी लेने का विकल्प मिलेगा।



जनगणना पर सुप्रीम कोर्ट सख्तः केंद्र से एक हफ्ते में मांगा जवाब, कहा- जाति का डेटा जुटाने का तरीका बताएं

नई दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को केंद्र और जनगणना संचालन निदेशालय से कहा कि वे जनगणना कराने से जुड़ी मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपीओस) को एक हफ्ते के भीतर रिकॉर्ड पर रखें। इसमें जाति से जुड़ी जानकारी दर्ज करने और उसे सत्यापित करने के तरीके और सुरक्षा उपाय शामिल होंगे। मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची तथा न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने केंद्र की ओर से पेश हुई अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी की इस बात पर ध्यान दिया कि वह अदालत को संबंधित एसओपीओस के बारे में जानकारी देंगी। पीठ ने कानून अधिकारी से एक हफ्ते के भीतर ये विवरण उपलब्ध कराने को कहा। 12 अक्तूबर के अपने आदेश में, पीठ ने सॉलिसिटर जनरल से जनगणना के लिए अपनाई जा रही एसओपीओस को रिकॉर्ड पर रखने को कहा था। साथ ही, यह भी निर्देश दिया था कि केंद्र के एडवोकेट–ऑन–रिकॉर्ड और सॉलिसिटर जनरल के कार्यालय को पेपर बुक का पूरा सेट उपलब्ध कराया जाए। आकाश गोयल की एक याचिका में 14 अगस्त की जनगणना संबंधी अधिसूचना के तहत जाति से जुड़ी जानकारी जुटाने और उसे सत्यापित करने के तरीकों और सुरक्षा उपायों पर चिंता जताई गई है। याचिका में कहा गया है, एक उचित रिट, आदेश या निर्देश जारी किया जाए।

संविधान सिर्फ गाइडबुक नहीं, अमित शाह बोले- पीएम मोदी ने नागरिकों तक पहुंचाए इसके मूल्य



नई दिल्ली, एजेंसी। गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली भाजपा द्वारा आयोजित 'संविधान गौरव दिवस' सेमिनार को संबोधित किया। संविधान दिवस के अवसर पर, अमित शाह, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और अन्य लोगों ने मिलकर भारत के संविधान की प्रस्तावना पढ़ी। इस दौरान अमित शाह ने कहा कि संविधान का सम्मान करना हम सभी भारतीयों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण और गर्व की जिम्मेदारी है। लेकिन, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आजादी के बाद, संविधान को केवल सरकार चलाने के लिए एक गाइडबुक की तरह मानने की कोशिश की गई, और देश के किशोरों, युवाओं और नागरिकों के बीच इसकी भावना को जगाने और मजबूत करने की प्रक्रिया को भुला दिया गया। शाह ने कहा कि जब 2014 में नरेंद्र मोदी जी देश के प्रधानमंत्री बने, तो 2015 में उन्होंने यह तय किया कि हर साल 26 नवंबर को ₹संविधान गौरव दिवस₹ के रूप में मनाया जाएगा, ताकि हमारे संविधान के सर्वोच्च मूल्यों को हर स्कूल, कॉलेज और सभी नागरिकों तक पहुँचाया जा सके। उन्होंने कहा कि जो लोग हमारी सभ्यता का विरोध कर रहे हैं, उनसे मैं कहना चाहता हूँ कि यदि आपके पास अपने जीवन में संविधान के लिए 10 से 15 मिनट का समय है, तो कृपया एक बार संविधान की मूल प्रति को देखें... संविधान की मूल प्रति के अध्यायों की शुरुआत उन चित्रों से होती है, जिनमें भगवान श्री राम का अयोध्या आगमन, भगवान बुद्ध, भगवान महावीर, दशम पिता गुरु गोबिंद सिंह जी, रानी लक्ष्मीबाई, दांडी मार्च और नेताजी सुभाष चंद्र बोस को दर्शाया गया है। विपक्ष पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि जो लोग अपने हाथों में संविधान लेकर चलते हैं, उनसे मेरी विनम्र प्रार्थना है कि वे संसद की लाइब्रेरी में जाएँ, संविधान के लिए 15 मिनट का समय निकालें और संविधान की मूल भावना को समझने के लिए नंदलाल बोस द्वारा बनाए गए चित्रों को देखें। उन्होंने कहा कि हमारे संविधान निर्माताओं ने तय किया था कि सत्ता मिलेगी भी जनता के माध्यम से और जाएगी भी जनता के माध्यम से। सत्ता किसे सौंपनी है, इसका अधिकार जनता को दे दिया गया। और जिन्हें सत्ता मिलती है, उनके लिए यह मार्ग भी तय कर दिया कि शासन संविधान की मर्यादाओं के भीतर ही चलाना है।

संपादकीय

भाजपा-अकाली पुनर्मिलन

पिछले कुछ महीनों से पंजाब व दिल्ली में भाजपा व अकाली दल की तरफ से जिस तरह की बयानबाजियां और राजनीतिक हलचल सामने आ रही थी, उसके निहितार्थ स्पष्ट ही थे। जो संकेत दे रहे थे कि पंजाब में विधानसभा चुनाव से पहले शिरोमणि अकाली दल और भारतीय जनता पार्टी का फिर एक बार साथ आना लगभग तय ही है। वर्ष 2027 के आसन्न पंजाब विधानसभा चुनाव से ठीक पहले इन दोनों दलों का साथ आने का फैसला बताता है कि यह गठबंधन सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी और मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस को चुनौती देने के ठोस प्रयास कर कर रहा है। इस गठबंधन की घोषणा गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव के मौके पर की गई है, जिसके ऐतिहासिक और प्रतीकात्मक, दोनों ही तरह के महत्व हैं। यहां उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी और अकाली दल ने पहली बार तीन दशक पहले भी हाथ मिलाया था। उस समय इस गठबंधन को आतंकवाद से उबरते पंजाब में हिंदू–सिख एकता के प्रतीक के रूप में देखा जाता था। कालांतर दोनों दलों के रिश्तों में खटास उस समय आई, जब केंद्र सरकार द्वारा लाए गए तीन विवादित कानूनों के विरोध में व्यापक जनाक्रोश दिखा। किसानों के आक्रोश के चलते अकाली दल को अपना जनाधार खिसकता नजर आया था। कालांतर वर्ष 2020 में अकाली दल ने भाजपा नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन से नाता तोड़ लिया था। बहरहाल, इस गठबंधन की घोषणा के बाद जिस तरह के बयान गृहमंत्री अमित शाह की तरफ से आए हैं, वह दर्शाता है कि पिछले एक दशक में शिरोमणि अकाली दल के सिमटते जनाधार के बावजूद इस क्षेत्रीय दल को पर्याप्त महत्व दिया जा रहा है। अमित शाह ने गठबंधन की घोषणा के बाद कहा कि अकाली दल पंजाब में बड़े भाई की भूमिका में रहेगा। साथ ही यदि गठबंधन की जीत हुई तो मुख्यमंत्री पद अकाली दल को ही मिलेगा। वैसे यह एक हकीकत है कि इस गठबंधन के बावजूद पंजाब के राजनीतिक परिदृश्य को पूरी तरह बदल देना आसान भी नहीं होगा। वैसे आज भी शिरोमणि अकाली दल पर साल 2025 की बेअदबी की घटनाओं और उसके बाद हुए राज्यव्यापी विरोध ा–प्रदर्शनों का बोझ है। जिसने उस समय अकाली सरकार को हिलाकर रख दिया था। वहीं, केंद्र में सत्ताधारी भाजपा के खिलाफ तीन कृषि कानूनों को लेकर उपजे गुस्से को पूरी तरह समाप्त नहीं समझ लेना चाहिए। तब किसान काफी नाराज हुए थे और उन्होंने दिल्ली की सीमाओं पर पूरे एक साल तक आंदोलन किया था। अंततरू नवंबर 2021 में प्रध ाानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन कानूनों को वापस लेने की घोषणा की थी। लेकिन इसके बावजूद आगामी चुनावों में भाजपा को कोई सकारात्मक प्रतिसाद पंजाब की जनता की तरफ से नहीं मिला था। तीन माह बाद, 2022 के विधानसभा चुनावों में भाजपा को सिर्फ दो सीटों में ही संतोष करना पड़ा था। कमोबेश शिअद की स्थिति भी कोई अच्छी नहीं रही थी। उसे तब सिर्फ तीन ही सीटें मिली थीं। निस्संदेह, यह अकाली दल का अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन था। इसके विपरीत आम आदमी पार्टी ने तब रिकॉर्ड जीत दर्ज की थी। बहरहाल, भाजपा और शिअद के इस पुनर्मिलन से दो मुख्य सवाल खड़े होते हैं। क्या इस गठबंधन के पीछे पंजाब के उन्नयन को लेकर कोई साझा विजन है? या ये फिर महज चुनावी गणित ही है? सवाल यह भी है कि क्या यह गठबंधन दोनों दलों के लिये लाभदायक साबित होगा? निस्संदेह, आज पंजाब गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। इसमें आर्थिक दबाव भी एक बड़ा कारण है। राज्य गंभीर बेरोजगारी की चपेट में है। वहीं राज्य में नशीले पदार्थों का बढ़ता कारोबार व सेवन एक गंभीर चुनौती है। हालांकि, भाजपा ने पंजाब में नशे के खात्मे को अपनी प्राथमिकता बताया है और नशामुक्त पंजाब का रोडमैप भी सार्वजनिक किया है। जब पंजाब के राज्यपाल को कहना पड़ता है कि यहां गोलियां पटाखों की तरह चलती हैं, तो गैंगस्टरों के पसरे आतंक को समझा जा सकता है। शिअद और भाजपा के इस गठबंधन के लिये असली इम्तिहान यह भी होगा कि वे मतदाताओं को कैसे यकीन दिलाएंगे कि यह पंजाब के लिये सबसे बेहतर विकल्प है?

पीडीए के संकल्प से सत्ता की चुनौती तक : अखिलेश का घोषणापत्र, पुराने वादों का हिसाब और योगी सरकार का रिपोर्ट कार्ड

2027 के चुनाव से पहले सपा ने रोजगार, सामाजिक न्याय, आरक्षण और किसान हितों को बनाया चुनावी एजेंडाय सवाल यह है कि नए वादे कितने व्यावहारिक हैं और पुराने वादों का कितना हिसाब दिया गया है?



परवेज आलम
पत्रकार/सामाजिक विचारक
एवं स्तंभकार

उत्तर प्रदेश की राजनीति में विधानसभा चुनाव 2027 की आहट के साथ राजनीतिक दलों ने अपने एजेंडे और प्राथमिकताएं स्पष्ट करनी शुरू कर दी हैं। इसी क्रम में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने संविधान दिवस के अवसर पर 26 नवंबर को पार्टी का नया घोषणापत्र जारी किया। इसे श्जन–मन का मैनिफेस्टोश और श्सत्ताइस का संकल्प, पीडीए का प्रणपत्रश नाम दिया गया है। इस घोषणापत्र का केंद्रीय विचार पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्गों की राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक भागीदारी बढ़ाना है। लेकिन इस बार सपा का घोषणापत्र केवल सामाजिक समीकरणों तक सीमित नहीं है। इसमें रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, किसान, महिला सुरक्षा, बिजली और पुरानी पेंशन जैसे विषयों को भी प्रमुखता दी गई है।

इस घोषणापत्र को समझने के लिए तीन सवालों पर विचार करना जरूरी है। पहला, सपा ने 2022 के चुनाव में क्या वादे किए थे और अब किन नए वादों के साथ सामने आई है? दूसरा, मौजूदा योगी सरकार ने अपने कार्यकाल में रोजगार, कानून–व्यवस्था, बुनियादी ढांचे और कल्याणकारी योजनाओं के मोर्चे पर क्या काम किए हैं? और तीसरा, क्या दोनों राजनीतिक पक्ष अपने दावों और वादों को स्पष्ट वित्तीय तथा प्रशासनिक योजना के साथ जनता के सामने रख रहे हैं?

2022 के वचनपत्र से 2027 के प्रणपत्र तक : बदला एजेंडा, कायम रोजगार और किसान का सवाल

समाजवादी पार्टी ने 2022 के विधानसभा चुनाव में श्समाजवादी वचन पत्रश जारी किया था। उस समय पार्टी ने घरेलू उपभोक्ताओं को 300 यूनिट मुफ्त बिजली, किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली, सभी फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी), किसानों को 2025 तक कर्जमुक्त करने और पांच वर्षों में 22 लाख रोजगार देने का वादा किया था। महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 33 प्रतिशत आरक्षण, छात्राओं को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा और इंटर पास विद्यार्थियों को लैपटॉप देने जैसे प्रस्ताव भी शामिल थे।

2026 के नए घोषणापत्र में रोजगार का लक्ष्य बढ़ाकर 25 लाख सरकारी नौकरियां करने की बात कही गई है। बेरोजगार स्नातकों को नौकरी मिलने तक पांच हजार रुपये मासिक भत्ता देने, जाति आधारित जनगणना कराने, सरकारी ठेकों में पीडीए वर्गों को हिस्सेदारी देने और पांच रुपये में भोजन उपलब्ध कराने वाली समाजवादी कैंटीन शुरू करने जैसे प्रस्ताव शामिल हैं। महिलाओं और जरूरतमंद परिवारों के लिए सालाना 40 हजार रुपये की सहायता, गंभीर बीमारियों के लिए 10 लाख रुपये तक स्वास्थ्य सुरक्षा और पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की बात भी कही गई है।

यहां एक महत्वपूर्ण बदलाव दिखाई देता है। 2022 में सपा का जोर रोजगार सृजन, बिजली और किसान कल्याण पर था, जबकि 2027 के घोषणापत्र में रोजगार के साथ सामाजिक प्रतिनिधित्व और आर्थिक हिस्सेदारी को अधिक स्पष्ट राजनीतिक स्वरूप दिया गया है। पुराने घोषणापत्र में महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रस्ताव था, जबकि नए दस्तावेज में महिलाओं, बुजुर्गों और जरूरतमंद परिवारों के लिए आर्थिक सहायता की घोषणाएं प्रमुखता से रखी गई हैं।

पुराने वादों का हिसाब देना भी जरूरी

लोकतंत्र में घोषणापत्र केवल भविष्य का सपना नहीं, बल्कि राजनीतिक दलों के लिए जवाबदेही का दस्तावेज भी होना चाहिए। इसलिए सपा के नए घोषणापत्र पर चर्चा करते समय 2022 के वादों का हिसाब लेना भी आवश्यक है।

मसलन, 2022 में 22 लाख रोजगार देने का वादा किया गया था। अब 25 लाख सरकारी नौकरियों का लक्ष्य रखा गया है। सवाल है कि पिछले लक्ष्य के मुकाबले कितने रोजगार सृजित हुए, कितनी नियुक्तियां हुईं और कितने पद रिक्त रह गए? इसी प्रकार 2025 तक किसानों को कर्जमुक्त बनाने का वादा किया गया था। पार्टी को स्पष्ट करना चाहिए कि उसके प्रस्तावित किसान ऋण मुक्ति कार्यक्रम से कितने किसानों को लाभ मिल सकता है और इसके लिए कितने बजट की आवश्यकता होगी।

300 यूनिट मुफ्त बिजली और सभी फसलों पर एमएसपी के वादे भी 2022 में किए गए थे। अब नए घोषणापत्र में इन्हें फिर से प्रमुखता मिली है। इसका अर्थ है कि ये मुद्दे अभी भी राजनीतिक और आर्थिक बहस के केंद्र में हैं। मतदाताओं को यह जानने का अधिकार है कि पिछली बार सत्ता में न आने के कारण कौन–से वादे लागू नहीं हो सके और यदि भविष्य में सरकार बनी तो उन्हें लागू करने की समयसीमा तथा वित्तीय व्यवस्था क्या होगी।

यह भी ध्यान रखना होगा कि 2022 के वादों को लागू करने का अवसर सपा को नहीं मिला, क्योंकि वह सरकार नहीं बना सकी। इसलिए उन्हें अधूरे सरकारी काम बताना उचित नहीं होगा। लेकिन अपने पुराने चुनावी वादों की प्रगति, अनुभव और व्यावहारिकता पर जनता को जवाब देना पार्टी की राजनीतिक जिम्मेदारी जरूर है।

लोकतंत्र में घोषणापत्र राजनीतिक दल का वचन होता है और जनता का सवाल उसका अधिकार। उत्तर प्रदेश की जनता को अब नारों से अधिक स्पष्ट नीति, रोजगार की गारंटी, किसान की समृद्धि, महिला की सुरक्षा, सामाजिक न्याय और जवाबदेह शासन चाहिए। 2027 की चुनावी बहस में सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा यही होना चाहिए कि कौन क्या कह रहा है, उससे भी अधिक यह कि उसके वादों को पूरा करने की योजना कितनी स्पष्ट और व्यावहारिक है।

योगी सरकार के नौ वर्षों का रिपोर्ट कार्ड : रोजगार, विकास और कानून–व्यवस्था

दूसरी ओर प्रदेश में 2017 से सत्ता संभाल रही भाजपा सरकार के सामने भी अपने कामकाज का हिसाब जनता के सामने रखने की चुनौती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार कानून–व्यवस्था, बुनियादी ढांचे, निवेश, धार्मिक पर्यटन और सरकारी भर्तियों को अपनी प्रमुख उपलब्धियों के रूप में प्रस्तुत करती रही है।

सरकार के मार्च 2026 में जारी नौ वर्ष के उपलब्धि दस्तावेज के अनुसार, उसके कार्यकाल में नौ लाख से अधिक सरकारी नौकरियां दी गई हैं। वहीं मुख्यमंत्री ने अगस्त 2026 में यह संख्या 9.30 लाख से अधिक बताई थी। सरकार के अनुसार पुलिस विभाग में 2. 19 लाख से अधिक पदों पर भर्ती की गई है। ये सरकारी दावे हैं, जिनका आकलन नियुक्तियों की वास्तविक संख्या, नियमित और संविदा पदों के अंतर तथा रोजगार की गुणवत्ता के आधार पर होना चाहिए।

सरकार ने एक्सप्रेसवे, सड़क, एयरपोर्ट, मेडिकल कॉलेज, औद्योगिक निवेश और धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में भी विस्तार का दावा किया है। महाकुंभ 2025, अयोध्या में राम मंदिर, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और प्रदेश में निवेश आकर्षित करने के प्रयासों को विकास के प्रमुख उदाहरणों के रूप में प्रस्तुत किया गया है। सरकार का दावा है कि इन परियोजनाओं से पर्यटन, व्यापार और रोजगार के अवसर बढ़े हैं।

हालांकि विकास का मूल्यांकन केवल बड़ी परियोजनाओं और निवेश सम्मेलनों से नहीं हो सकता। यह भी देखना होगा कि निवेश प्रस्तावों में से कितने धरातल पर उतरे, कितने लोगों को स्थायी रोजगार मिला और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास का लाभ कितनी समानता से पहुंचा।

रोजगार : दोनों दलों के सामने सबसे बड़ा सवाल

उत्तर प्रदेश में युवाओं का रोजगार ऐसा विषय है, जिस पर सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को जवाब देना होगा।

सपा ने 2022 में 22 लाख रोजगार का वादा किया था और अब 2027 के लिए 25 लाख सरकारी नौकरियों का लक्ष्य रखा है। दूसरी ओर योगी सरकार नौ लाख से अधिक सरकारी नियुक्तियों का दावा कर रही है। इन दोनों आंकड़ों की सीधी तुलना उचित नहीं होगी, क्योंकि एक चुनावी वादा है और दूसरा सरकार की ओर से बताई गई नियुक्तियों की संख्या।

फिर भी असली सवाल रोजगार की प्रकृति का है। कितनी नौकरियां नियमित हैं? कितने पद संविदा पर हैं? कितनी भर्तियां लंबित हैं? निजी क्षेत्र में रोजगार की गुणवत्ता और वेतन का स्तर क्या है? युवाओं को इन सवालों के स्पष्ट जवाब चाहिए।

सपा का पांच हजार रुपये मासिक बेरोजगारी भत्ता तत्काल आर्थिक सहायता का प्रस्ताव है, लेकिन भत्ता स्थायी रोजगार का विकल्प नहीं हो सकता। वहीं सरकार की भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता और समयबद्धता के दावे तभी सार्थक होंगे, जब प्रतियोगी परीक्षाओं का कैलेंडर नियमित हो, पेपर लीक जैसी समस्याओं पर प्रभावी नियंत्रण हो और चयनित अभ्यर्थियों को समय पर नियुक्ति मिले।

सामाजिक न्याय और पीडीए : प्रतिनिधित्व बनाम वास्तविक सशक्तीकरण

नए घोषणापत्र में जाति आध ाारित जनगणना और सरकारी ठेकों में पीडीए वर्गों के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण का प्रस्ताव विशेष महत्व रखता है। सपा का कहना है कि पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्गों को केवल राजनीतिक प्रतिनिधित्व नहीं, बल्कि आर्थिक संसाधनों और निर्णय प्रक्रिया में भी भागीदारी मिलनी चाहिए।

यह बहस संविधान में समानता, सामाजिक न्याय और आरक्षण की व्यवस्था से जुड़ी हुई है। हालांकि सरकारी ठेकों में प्रस्तावित 50 प्रतिशत हिस्सेदारी का कानूनी आधार, पात्रता, आरक्षण की श्रेणियां, छोटे उद्यमियों की भागीदारी और वित्तीय सीमा स्पष्ट करना आवश्यक होगा। इसे लागू करने के लिए विस्तृत नीति और संवैध ाानिक परीक्षण की भी जरूरत पड़ सकती है।

वहीं भाजपा सरकार की ओर से महिला स्वयं सहायता समूहों, छात्रवृत्ति, सामाजिक पेंशन और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को अपनी उपलब्धियों में गिनाया जाता है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार एक करोड़ से अधिक महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने का दावा किया गया है। ऐसे में वास्तविक बहस यह होनी चाहिए कि इन योजनाओं से महिलाओं की आय, आर्थिक स्वतंत्रता और निर्णय लेने की क्षमता में कितना बदलाव आया है।

सामाजिक न्याय केवल घोषणाओं या जातीय समीकरणों से पूरा नहीं होगा। इसके लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, प्रशासनिक भागीदारी और भेदभाव से सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी।

किसान : कर्जमाफी, एमएसपी और गन्ना भुगतान का पुराना सवाल

उत्तर प्रदेश की राजनीति में किसान हमेशा से महत्वपूर्ण रहे हैं। सपा ने 2022 में सभी फसलों पर एमएसपी, किसानों को 2025 तक कर्जमुक्त करने, सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली और किसान पेंशन का वादा किया था। नए घोषणापत्र में भी कृषि ऋण माफी, एमएसपी की कानूनी गारंटी, गन्ने का 24 घंटे में भुगतान और किसान पेंशन जैसे प्रस्ताव शामिल किए गए हैं।

दूसरी ओर योगी सरकार का दावा है कि 2017 से अब तक गन्ना किसानों को 2.80 लाख करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया गया है। सरकार ने सिंचाई परियोजनाओं और कृषि उत्पादन में वृद्धि को भी अपनी उपलब्धियों में शामिल किया है।

लेकिन किसान की वास्तविक स्थिति का मूल्यांकन केवल कुल भुगतान से नहीं होना चाहिए। गन्ना किसानों को समय पर भुगतान, छोटे किसानों की लागत, खाद–बीज की उपलब्धता, फसल बीमा के दावे और बाजार में उपज का उचित मूल्य भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं।

सपा को अपनी ऋणमाफी और एमएसपी योजनाओं की वित्तीय रूपरेखा बतानी होगी, जबकि सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि किसान को सरकारी आंकड़ों से आगे वास्तविक लाभ मिल रहा है।

बिजली और पुरानी पेंशन : लोकलुभावन वादे या आर्थिक जिम्मेदारी?

300 यूनिट मुफ्त घरेलू बिजली का वादा सपा ने 2022 में भी किया था और अब इसे फिर से प्रमुखता दी गई है। इसके साथ किसानों को मुफ्त सिंचाई बिजली देने की बात भी सामने आई है। पुरानी पेंशन योजना बहाल करने का प्रस्ताव भी सरकारी कर्मचारियों के बीच महत्वपूर्ण बहस का विषय बन सकता है।

लेकिन इन योजनाओं की लागत कम नहीं होगी। च्ै स्महपेसंजपअम त्मेमंतबी के उत्तर प्रदेश बजट विश्लेषण 2026–27 के अनुसार राज्य का कुल बजट परिव्यय लगभग 9. 13 लाख करोड़ रुपये है और राजकोषीय घाटा जीएसडीपी का तीन प्रतिशत अनुमानित है। बिजली वितरण कंपनियों का मार्च 2025 तक संचित घाटा करीब एक लाख करोड़ रुपये बताया गया है।

इस परिस्थिति में मुफ्त बिजली, किसान ऋणमाफी और पुरानी पेंशन जैसी योजनाओं को लागू करने के लिए स्पष्ट वित्तीय स्रोत बताना जरूरी होगा। सवाल यह नहीं कि जनता को राहत क्यों दी जाए, बल्कि यह है कि राहत का खर्च किस मद से आएगा और शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क तथा अन्य विकास कार्यों पर उसका क्या प्रभाव पड़ेगा।

कानून–व्यवस्था : दावों के साथ जवाबदेही भी जरूरी

योगी सरकार कानून–व्यवस्था को अपनी प्रमुख उपलब्धि बताती है। पुलिस आधुनिकीकरण, महिला सुरक्षा, साइबर अपराध नियंत्रण और संगठित अपराध के खिलाफ कार्रवाई को सरकार अपनी नीति का हिस्सा बताती रही है।

दूसरी ओर सपा ने नए घोषणापत्र में महिला सुरक्षा, त्वरित न्याय, फास्ट ट्रैक अदालतों और पुलिस व्यवस्था में आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल की बात कही है। अखिलेश यादव ने अपराध, माफिया गतिविधियों और महिलाओं के विरुद्ध अपराध पर कठोर कार्रवाई का प्रस्ताव रखा है।

इस मुद्दे पर राजनीतिक आरोप–प्रत्यारोप से आगे बढ़कर अपराध के आंकड़ों, दोषसिद्धि दर, महिलाओं के विरुद्ध अपराध ा, लंबित मुकदमों और पुलिस में रिक्त पदों का तुलनात्मक अध्ययन होना चाहिए। कानून का राज किसी एक दल का चुनावी नारा नहीं, बल्कि शासन की अनिवार्य जिम्मेदारी है।

घोषणापत्र में सबसे जरूरी सवालरू समयसीमा और बजट कहां है?

सपा के नए घोषणापत्र में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं हैं, लेकिन उनके क्रियान्वयन की रूपरेखा पर स्पष्टता आवश्यक है।

25 लाख सरकारी नौकरियों के लिए कितने वर्ष की समयसीमा होगी?

पांच हजार रुपये बेरोजगारी भत्ते के लिए पात्रता और लाभार्थियों की संख्या क्या होगी?

40 हजार रुपये की वार्षिक सहायता किन महिलाओं और परिवारों को मिलेगी?

10 लाख रुपये के स्वास्थ्य कवर का वित्तपोषण किस प्रकार होगा?

50 प्रतिशत सरकारी ठेका आरक्षण का कानूनी और प्रशासनिक स्वरूप क्या होगा?

पुरानी पेंशन बहाली का राज्य के बजट पर कितना प्रभाव पड़ेगा?

किसानों की ऋणमाफी और एमएसपी गारंटी के लिए कितनी धनराशि निर्धारित होगी?

इसी तरह मौजूदा सरकार को भी अपनी उपलब्धियों के साथ लंबित भर्तियों, बेरोजगारी, किसानों की समस्याओं, स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा की गुणवत्ता और बिजली वितरण व्यवस्था की चुनौतियों का जवाब देना चाहिए।

निष्कर्ष : चुनावी वादों से आगे जनता को चाहिए काम का हिसाब

उत्तर प्रदेश का 2027 विध ाानसभा चुनाव केवल राजनीतिक दलों के बीच सत्ता की प्रतिस्पर्धा नहीं होगा, बल्कि विकास के अलग–अलग मॉडलों और शासन की प्राथमिकताओं पर भी बहस का अवसर होगा। अखिलेश यादव का नया घोषणापत्र सामाजिक न्याय, रोजगार और आर्थिक भागीदारी को केंद्र में रखता है, जबकि योगी सरकार अपने नौ वर्षों के कार्यकाल में बुनियादी ढांचे, कानून–व्यवस्था, निवेश और सरकारी नियुक्तियों को अपनी उपलब्धियों के रूप में सामने रख रही है।

दोनों पक्षों के दावों का मूल्यांकन तथ्यों, बजट और जमीन पर हुए काम के आधार पर होना चाहिए। केवल घोषणाओं से जनता का विश्वास नहीं जीता जा सकता और केवल उपलब्धियों के प्रचार से सभी समस्याओं का समाधान साबित नहीं होता।

मतदाता को यह जानने का पूरा अधिकार है कि किस दल ने क्या वादा किया, सत्ता में रहने पर क्या किया और भविष्य की योजनाओं को लागू करने के लिए उसके पास क्या ठोस व्यवस्था है।

परवेज आलम
पत्रकार/सामाजिक विचारक
एवं स्तंभकार

मध्य शक्तियों के उदय की चर्चा, भारत की भूमिका

अरुण कुमार डनायक

जनवरी 2026 में दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक मंच की बैठक में कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने मध्य शक्तियों को एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा था, श्मध्य शक्तियों को एकजुट होना होगा, क्योंकि यदि वे निर्णय लेने की मेज पर नहीं हैं, तो दूसरे उनके भविष्य का फैसला करेंगे। कार्नी का यह वक्तव्य केवल कूटनीतिक सलाह नहीं, बल्कि बदलती वैश्विक व्यवस्था की वास्तविकता को रेखांकित करता है। अमेरिका और चीन जैसी महाशक्तियां अपने आर्थिक, सैन्य और तकनीकी प्रभाव से दूसरे देशों पर दबाव बना रही हैं। ऐसे में कनाडा, भारत, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, इंडोनेशिया और जापान जैसे देशों के सामने अपनी स्वतंत्र विदेश नीति और राष्ट्रीय हितों की रक्षा की चुनौती है। कार्नी अमेरिका के विरुद्ध नया गुट बनाने के बजाय समान हितों वाले देशों के बीच व्यापार, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, महत्वपूर्ण खनिजों और वैश्विक संस्थाओं में सुधार के लिए सहयोग बढ़ाने पर जोर देते हैं, ताकि वैश्विक निर्णयों में उनकी भागीदारी प्रभावी हो सके। मध्य शक्ति की अवधारणा के अंतर्गत ऐसे देश आते हैं, जो महाशक्तियों जैसी प्रभुत्वकारी क्षमता न रखते हुए भी अपनी आर्थिक, भौगोलिक और कूटनीतिक सामर्थ्य से वैश्विक निर्णयों को प्रभावित कर सकते हैं। भारत की बहु–संरेखण नीति इसी सोच को दर्शाती है। वह राष्ट्रीय हितों के अनुरूप विभिन्न शक्ति–समूहों से सहयोग करता है। मध्य शक्तियों के सहयोग की यह बहस गुटनिरपेक्ष आंदोलन की स्वतंत्र विदेश नीति और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की भावना की याद दिलाती है। मध्य शक्तियों की कोई सर्वमान्य सूची नहीं है और उनके राजनीतिक, आर्थिक तथा सुरक्षा संबंधी हित भी अलग–अलग हैं। जापान और दक्षिण कोरिया की सुरक्षा अमेरिका से जुड़ी है, भारत रणनीतिक स्वायत्तता को प्राथमिकता देता है, जबकि ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका विकासशील देशों के हितों पर जोर देते हैं। कनाडा और जर्मनी भी अपनी निर्भरता पर पुनर्विचार कर रहे हैं। इसलिए इनके लिए स्थायी राजनीतिक या सैन्य गठबंधन के बजाय साझा हितों पर मुद्दा–आधारित सहयोग अधिक व्यावहारिक है। इस संदर्भ में अमेरिका, चीन और रूस की स्थिति भी महत्वपूर्ण है। चीन आर्थिक और सैन्य रूप से तेजी से उभरा है। आर्थिक असंतुलन और पड़ोसी देशों से अविश्वास जैसी चुनौतियों के बावजूद वह वैश्विक व्यवस्था को प्रभावित करने की क्षमता रखता है। यूक्रेन युद्ध और पश्चिमी प्रतिबंधों से दबाव के बावजूद रूस की परमाणु शक्ति, ऊर्जा संसाधन और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता उसे प्रभावशाली बनाए हुए हैं। वहीं, अमेरिका का सैन्य और वित्तीय प्रभाव अब भी व्यापक है, हालांकि चीन की बढ़ती शक्ति को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इस बहस में भारत की स्थिति विशिष्ट है। विशाल जनसंख्या, बड़ी अर्थव्यवस्था, परमाणु क्षमता और व्यापक बाजार के साथ उसकी भौगोलिक स्थिति तथा पश्चिमी देशों और ग्लोबल साउथ से संवाद की क्षमता उसे विशेष स्थान देती है। 2023 में जी–20 की अध्यक्षता के दौरान अफ्रीकी संघ को स्थायी सदस्यता दिलाने और विकासशील देशों के मुद्दों को प्रमुखता देने में भी भारत ने अहम भूमिका निभाई। लेकिन मुख्य प्रश्न है कि क्या भारत इस अवसर को पहचान रहा है?

प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान, AI और IT में करियर बनाने का दिया संदेश

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। सलोरी स्थित नेशनल जीनियस इंस्टीट्यूट में O Level परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी एवं शिक्षाविद श्री नारायण यादव ने मेध ावी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रशांत सर ने कहा कि वर्तमान समय में ।ज और प्ज सेक्टर युवाओं के लिए रोजगार एवं करियर के नए अवसर खोल रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी शिक्षा और डिजिटल स्किल्स अपनाकर आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया। कार्यक्रम में ओम सर, आलोक सर, नीरज सर, विमलेश सर सहित संस्थान की पूरी टीम मौजूद रही। अंत में सफल विद्यार्थियों को मेडल एवं स्मृति–चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

ऑडिट दिवस पर वॉकथॉन का आयोजन, अधिकारियों-कर्मचारियों ने लिया हिस्सा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। ऑडिट दिवस–2026 के अवसर पर 26 नवंबर को कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा–प्रथम), उत्तर प्रदेश, प्रयागराज की ओर से वॉकथॉन का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य स्वस्थ जीवनशैली, शारीरिक फिटनेस और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ सामूहिक सहभागिता को प्रोत्साहित करना रहा।



वॉकथॉन का शुभारंभ कार्यालय परिसर से हुआ। इसमें प्रधान महालेखाकार श्री राज कुमार, वरिष्ठ उप महालेखाकार सुश्री प्रोमी, उप महालेखाकार डॉ. लोकेश चौधरी सहित भारतीय लेखा एवं लेखापरीक्षा विभाग (आईएएंडएडी), प्रयागराज के विभिन्न कार्यालयों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वॉकथॉन कार्यालय परिसर से शुरू होकर इंदिरा गांधी चौराहा, इलाहाबाद हाईकोर्ट के गेट नंबर–दो और एकलव्य चौराहा होते हुए पुनः कार्यालय परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में प्रतिभागियों ने उत्साह और सामूहिक सहभागिता का परिचय दिया।

इस अवसर पर प्रधान महालेखाकार राज कुमार ने स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नियमित शारीरिक गतिविधियों को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया। वरिष्ठ उप महालेखाकार सुश्री प्रोमी ने अधि ाकारियों एवं कर्मचारियों के बीच आपसी समन्वय, टीम भावना और सकारात्मक कार्य–संस्कृति को बढ़ावा देने पर जोर दिया। ऑडिट दिवस के तहत आयोजित इस वॉकथॉन के माध्यम से स्वास्थ्य जागरूकता और सामूहिक सहभागिता का संदेश दिया गया।

मोबाइल टावर केबिन काटकर बैटरियां चोरी, नेटवर्क प्रभावित, इलाके में दहशत

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मऊआइमा (प्रयागराज)। थाना क्षेत्र के सरपताही रमना स्थित इंडस मोबाइल टावर पर बुधवार की रात चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने टावर की केबिन को कटर से काटकर अंदर रखी चार कीमती बैटरियां चुरा लीं। चोरी गई बैटरियों की कीमत लगभग साढ़े तीन से चार लाख रुपये बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार बुधवार रात करीब 2 बजे टावर का अलार्म बजा। अलार्म बजते ही कंपनी के कर्मचारी मौके पर पहुंचे तो देखा कि केबिन का ताला टूटा हुआ है और केबिन को काटा गया है। अंदर से चार बैटरियां गायब थीं। कर्मचारियों ने तुरंत इसकी सूचना कंपनी के अधिकारियों और मऊआइमा पुलिस को दी।

बैटरियां चोरी होने के बाद इलाके में मोबाइल नेटवर्क सेवा बुरी तरह प्रभावित हो गई है। सरपताही रमना, देवापुर और आसपास के कई गांवों में लोगों को कॉल करने और इंटरनेट चलाने में परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि रात से ही नेटवर्क बार–बार जा रहा है। बताया जा रहा है कि इससे पहले देवापुर स्थित इंडस टावर में भी इसी तरह लाखों रुपये की बैटरियां और अन्य सामान चोरी हो चुका है, जिसका अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है। लगातार हो रही चोरियों से कंपनी के कर्मचारियों और स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। इंडस टावर के सुपरवाइजर सूर्य प्रकाश तिवारी ने गुरुवार को मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। उन्होंने पुलिस से जल्द से जल्द चोरों को पकड़ने और चोरी का खुलासा करने की मांग की है।

इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक जगदीश कुशवाहा ने बताया कि तहरीर मिली है, मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

महिला ने लगाई बस कंडक्टर और ड्राइवर पर छेड़खानी का आरोप, केस दर्ज

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मऊआइमा। मऊआइमा के एक गांव कीएक महिला ने बस कंडक्टर और ड्राइवर पर मारपीट तथा छेड़खानी का आरोप लगाया है। महिला का आरोप है कि वह बीते 19 नवंबर को प्रयागराज से प्रतापगढ़ जाने वाली बस पर सफर कर रही थी। बस जैसे ही मऊआइमा के सकरा मऊ के पास पहुंची कंडक्टर ने दोगुना भाड़ा मांगा जिसका महिला के पति ने विरोध किया और कहा मऊ आइमा तक 140 रुपए दो लोगों का किराया होता है जबकि कंडक्टर 240 रुपए की मांग पर अड़ा रहा।इसी बीच सकरा मऊ के पास बस नंबर यू पी 70 एच टी 2224 को रोक कर ड्राइवर और कंडक्टर महिला के पति से मारपीट करने लगे, पति को पीटता हुआ देख पत्नी ने बीच बचाव करने का प्रयास किया तो उस के साथ भी मारपीट और अश्लीलता की गई।महिला की तहरीर पर पुलिस ने खलासी रेहान उर्फ राजू तथा बस ड्राइवर अज्ञात के खिलाफ मारपीट तथा छेड़खानी का केस दर्ज कर लिया और मामले की जांच की जा रही है।

संविधान दिवस पर कोरांव तहसील परिसर में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन





प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। संविधान दिवस के अवसर पर बुधवार को कोरांव तहसील परिसर में कार्यक्रम आयोजित कर भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। इस दौरान तहसील परिसर स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पुष्पमाला अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम में उपजिलाधि ाकारी कोरांव ठाकुर प्रसाद सिंह, तहसीलदार अनिल कुमार यादव, अजय पेशकार, राहुल एसटी, संग्रह अनुसेवक कमलेश्वर, बंधु, आशुतोष सोनी, अनिल कुमार, पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष एवं अधिवक्ता रामेश्वर तिवारी तथा अधिवक्ता रोहित तिवारी, सुरेंदर, नाजीर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

इस अवसर पर बाबा साहेब के योगदान को याद करते हुए भारतीय संविधान के महत्व और उसके मूल आदर्शों के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया।

संविधान दिवस पर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन का कार्यक्रम, मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति अरिदम सिन्हा रहे मौजूद



प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। संविधान दिवस के अवसर पर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, इलाहाबाद की ओर से 26 नवंबर को ऐतिहासिक लाइब्रेरी हॉल में शाम चार बजे कार्यक्रम आयोजित किया गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. सीपी उपाध्याय की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली मुख्य अतिथि तथा वरिष्ठ न्यायमूर्ति अरिदम सिन्हा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. सीपी उपाध्याय, महासचिव संतोष कुमार मिश्र सहित पदाधिकारियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इसके बाद अध्यक्ष एवं महासचिव ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया।

महासचिव संतोष कुमार मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय संविधान 26 नवंबर 1949 को अंगीकृत हुआ और 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया। संविधान केवल शासन संचालन का दस्तावेज नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा तथा नागरिकों के अधि ाकारों और कर्तव्यों का मार्गदर्शक है।

विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ न्यायमूर्ति अरिदम सिन्हा ने संवैध ाानिक मूल्यों को आत्मसात करने पर जोर देते हुए कहा कि भारतीय संविधान भारत की आत्मा है। उसका सम्मान करना प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य एवं दायित्व है। मुख्य अतिथि मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली ने बार और बेंच के बीच आपसी सामंजस्य बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि न्यायिक सक्रियता से ही संवैधानिक मूल्यों का संरक्षण संभव है।

अध्यक्ष डॉ. सीपी उपाध्याय ने अपने संबोधन में कहा कि संविधान एक जीवंत दस्तावेज है, जिसमें समय–समय पर होने वाले संशोधन उसके जीवंत बने रहने का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि संविधान की सीमाओं के भीतर रहकर ही सभी को अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने अतिथियों एवं उपस्थित अधिवक्ताओं के प्रति आभार भी व्यक्त किया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, उपाध्यक्षगण शक्ति सिंह, आशुतोष पांडेय, अवनीश कुमार श्रीवास्तव, जितेंद्र सिंह, अन्नपूर्णा सिंह चंदेल एवं रंजना सिंह उपस्थित रहे। संयुक्त सचिव प्रशासन आशुतोष त्रिपाठी, संयुक्त सचिव लाइब्रेरी जय प्रकाश सिंह, संयुक्त सचिव प्रेस कपिल देव यादव, संयुक्त सचिव महिला शिवांगी भार्गव, कोषाध्यक्ष मुकुल पांडेय तथा महिला कोषाध्यक्ष उष्मा मिश्रा भी कार्यक्रम में मौजूद रहीं।

इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य सौरभ शुक्ला, आचार्य प्रवीण तिवारी, देवाशीष त्रिपाठी, अंकुश यादव, आदित्य सिंह, चित्रांशु श्रीवास्तव, कृष्ण मोहन सिंह (के. एम. सिंह), अखिलेश कुमार शुक्ला, अभिषेक तिवारी, अमित सिंह (बिसेन), अदिति पांडेय, वंदना सिंह, दिव्या यादव, सोनी गुप्ता एवं दुर्गा कुमारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने अतिथियों एवं अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए समारोह के समापन की घोषणा की। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य सौरभ शुक्ला, आचार्य प्रवीण तिवारी, देवाशीष त्रिपाठी, अंकुश यादव, आदित्य सिंह, चित्रांशु श्रीवास्तव, कृष्ण मोहन सिंह (के.एम. सिंह), अखिलेश कुमार शुक्ला, अभिषेक तिवारी, अमित सिंह (बिसेन), अदिति पांडेय, दिव्या यादव, सोनी गुप्ता एवं दुर्गा कुमारी तथा महिला कार्यकारिणी सदस्य वंदना सिंह उपस्थित रहीं।

व्यापारी बंधु समिति की बैठक में धीरेन्द्र केसरवानी ने नगर मजिस्ट्रेट के सामने उठाए जनसमस्याओं के मुद्दे

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सोरांव प्रयागराज। बुधवार की देर शाम प्रयागराज के कलेक्ट्रेट स्थित संगम सभागार में प्रत्येक माह आयोजित होने वाली व्यापारी बंधु समिति की बैठक नगर मजिस्ट्रेट की अध यक्षता में आयोजित की गई । जिसमें शहर,नगर, दूर दराज गांवों के व्यापारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और अधि ाकारियों के सामने जन समस्याओं को भी उठाया। जहां पर उपस्थित नगर मजिस्ट्रेट ने जल्द ही समस्याओं को हल करने के संबंधित अधिकारी को निर्देशित किये।

इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष धीरेन्द्र केसरवानी ने भदरी रेलवे फाटक पर अंडर पास बनवाने को लेकर एक बार फिर नगर मजिस्ट्रेट विनय सिंह के समक्ष जोरदारी के साथ उठाया जिसपर उन्होंने तत्काल प्रभाव से रेलवे के संबंधित अधिकारियो को दिशा निर्देशित करने की बात कही। इसी तरह शिवगढ़ स्थित ठाकुरद्वारा मंदिर से संकल्प स्कूल तक बनने वाली सड़क का निर्माण अब तक न होने पर तत्काल प्रभाव से जेई तुषार को दो दिन में सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ करवाने का अल्टीमेटम दिया । इसी तरह शिवगढ़ चौराहे से पु शिवगढ़ नहर तक सड़क निर्माण व नाली निर्माण को लेकर पिछले माह उठाए गये मुद्दों पर अब तक कोई ठोस कार्यवाही न होने पर एक माह तक समय देने की बात कही।इसी तरह जिला संगठन मंत्री रामनरेश विश्वकर्मा ने उसरही पेट्रोल पंप से शिवगढ़ नहर तक सड़क किनारे लगी झाड़ियों को साफ करवाने की बात पिछले माह की बैठक में उठाई गई जिस पर कोई ठोस कार्यवाही न होने पर जल्द ही कार्य करवाने की बात कही ।इसी तरह सहसों बाजार के अध्यक्ष अमन केसरवानी ने सहसो बाजार रोड पर पानी भरने की बात को पूरी तन्मयता के साथ उठाया जिस पर जिला पंचायत के एक कर्मचारी द्वारा उस मामले को हल करने के लिए एक साल का समय मांगा। जिस पर व्यापारी नेता धीरेंद्र केसरवानी,अमन केसरवानी , ने रोष भी प्रकट किया।इसी तरह नवाबगंज व्यापार मंडल के अध्यक्ष आशीष जायसवाल ने भी नवाबगंज थाने से संबंधित जमीन पर कब्जा करने व मारपीट करने की बात कही जिस पर नगर मजिस्ट्रेट ने इस मामले को जल्द समाध ाान करने की बात कही। बैठक में प्रमुख रूप से राजीव कृष्ण श्रीवास्तव, सुशांत केसरवानी, अनिमेश अग्रवाल, विजय गुप्ता, राहुल केसरवानी शोभित मित्तल, उज्ज्वल केसरवानी,कृष्ण कुमार सिंह, संजय केसरवानी शांतिपुरम आदि व्यापारी नेता उपस्थित रहे।

लोकतंत्र को सशक्त बनाने में प्रत्येक नागरिक का मताधिकार : पंकज जायसवाल

संविधान दिवस पर आर्य कन्या डिग्री कॉलेज में एनएसएस , एनसीसी, लॉ डिपार्टमेंट की ओर से शपथ ग्रहण संपन्न

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। संविधान दिवस



के अवसर पर आर्य कन्या डिग्री कॉलेज में एनएसएस , एनसीसी और लॉ डिपार्टमेंट की ओर से शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आज आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरमैन पंकज जायसवाल ने की। उन्होंने अपने संबोधन में लोकतंत्र को सशक्त बनाने में प्रत्येक नागरिक के मताधिकार के महत्व को बताया।

चेयरमैन पंकज जायसवाल ने कहा कि अहर्य युवा समय रहते अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने का आह्वान किया। प्राचार्य प्रो अर्चना पाठक ने संविधान की प्रस्तावना , संविध ाान सभा का गठन और इसके महत्व के बारे में जानकारी देते हुए सभी को संविधान दिवस की बधाई दी। उन्होने सभी स्वयंसेविकाओं को जागरूक नागरिक के रूप में अपनी भूमिका निवर्हन करने और अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संयोजन तथा संचालन एनएसएस की कार्यक्रम प्रभारी डॉ. रंजना त्रिपाठी ने किया। उन्होंने कहा की संविधान महान ग्रंथ है जिसकी परिधि से हमारा देश दुनिया का सर्वश्रेष्ठ लोकतांत्रिक देश है। स्वीप की नोडल अधि ाकारी डॉ. शिखा जायसवाल ने मतदाता आईडी बनवाने से संबंधि ात आवश्यक दिशा–निर्देशों की जानकारी दी।

इस अवसर पर सलाहकार प्रो ममता गुप्ता, उप प्राचार्या प्रो इभा सिरोठिया, प्रॉक्टर डॉ रंजना त्रिपाठी, डीन डॉ शशि कुमारी, एनसीसी प्रभारी डॉ दीपशिखा, डॉ दामिनी, डॉ सुधा, डॉ गौतम , डॉ रत्नेश , स्वयंसेविकाएं, कैडेट और छात्राएं उपस्थित रही।

संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ की मौत, मचा कोहराम

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मऊआइमा। मऊआइमा थाना क्षेत्र के बांका जलालपुर गांव में गुरुवार को एक अधेड़ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव घर के समीप नल के पास पड़ा मिला। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची



पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार बांका जलालपुर निवासी राम सुमेर सरोज (55) वर्ष पुत्र स्वर्गीय भगेलु सरोज अविवाहित थे और घर पर अकेले रहते थे। गुरुवार को उनके भाई अशोक कुमार सरोज काम के सिलसिले में प्रतापगढ़ गए हुए थे। घर लौटने पर उन्होंने राम सुमेर को नल के पास अचेत अवस्था में पड़ा देखा। पास जाकर देखा तो उनकी मौत हो चुकी थी।

अशोक कुमार सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनके भाई घर पर अकेले थे। ग्रामीणों के अनुसार राम सुमेर नल पर गए थे। आशंका जताई जा रही है कि ठंड के कारण फिसलकर गिरने से उन्हें अंदरूनी चोट लगी हो और समय पर इलाज ना मिलने से उनकी मौत हो गई। हालांकि, मौत का वास्तविक कारण अभी स्पष्ट नहीं है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। इंस्पेक्टर मऊआइमा जगदीश कुशवाहा ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा।

संविधान के आदर्शों को अपने आचरण, कार्यप्रणाली में आत्मसात करें : भगवती सिंह

यूपी बोर्ड मुख्यालय में मनाया गया संविधान दिवस

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज (यूपी बोर्ड मुख्यालय) के मुख्यालय में आज संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम बोर्ड मुख्यालय के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान परिषद के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया। इस अवसर पर यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने उप्र ने संविधान में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समता एवं बंधुता के मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संविधान के आदर्शों को केवल स्मरण करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें अपने आचरण एवं कार्यप्रणाली में आत्मसात करना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि एक उत्तरदायी प्रशासनिक व्यवस्था के निर्माण में प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी की महत्वपूर्ण भूमिका है। अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं संवेदनशीलता के साथ करना ही संवैधानिक मूल्यों के प्रति हमारी वास्तविक प्रतिबद्धता है। कार्यक्रम में प्रयागराज क्षेत्रीय कार्यालय के अपर सचिव कमलेश कुमार, घ्ज्योति प्रसाद अपर सचिव क्षेत्रीय कार्यालय मेरठ, सत्येंद्र कुमार सिंह अपर सचिव (प्रशासन), वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी, उप सचिव (प्रशासन), परिषद के समस्त उप सचिव, सहायक सचिव, प्रशासनिक अधि ाकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

यूपी बोर्ड ने परीक्षा के लिए बनाए 8113 परीक्षा केन्द्र : सचिव भगवती सिंह

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज (यूपी बोर्ड) की वर्ष 2027 की परीक्षाओं के लिए 8113 परीक्षा केन्द्र बनाए गये है। यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि आज परिषदीय केन्द्र निध ार्रण समिति की बैठक में समिति के अनुमोदनोपरान्त अन्तिम रूप से कुल 8113 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये गये है। अन्तिम रूप से निर्धारित परीक्षा केन्द्रों की सूची परिषद की वेबसाइट नचउेच.मकन.पद पर अपलोड करा दी गयी है। उल्लेखनीय है कि यूपी बोर्ड की प्रायोगिक परीक्षाएं 11 जनवरी 2027 से और लिखित परीक्षाएं पांच फरवरी 2027 से शुरू होने जा रही है। हाई स्कूल और इण्टरमीडिएट की परीक्षा में 53 लाख से ज्यादा परीक्षार्थी शामिल होगे।



डीजी पीएसी आलोक सिंह बने लोकसेवा आयोग के अध्यक्ष

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। उ प्र लोकसेवा आयोग प्रयागराज के अध्यक्ष डीजी पीएसी आलोक सिंह बने है। भारत का संविधान के अनुच्छेद – 316 के खण्ड (1) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आलोक सिंह, डीजी, पीएसी उप्र को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। लोकसेवा आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष आलोक सिंह (जन्मतिथि 24 जनवरी, 1967) का कार्यकाल भारत का संविधान के अनुच्छेद– 316 में प्रावधानित व्यवस्था के अनुसार उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज में उनके पद ग्रहण करने की तिथि से 23 जनवरी 2029 तक होगा। अलीगढ निवासी आलोक सिंह है। लोकसेवा आयोग के पूर्व अध यक्ष संजय श्रीनेत का कार्यकाल 21 नवंबर को खत्म हो गया है जिससे यह पद रिक्त हो गया था।



घर से किशोरी को ले जाने का आरोप, युवक पर मुकदमा दर्ज

प्रातःकाल एक्सप्रेस

अमेठी। थाना क्षेत्र के एक गांव में घर से 15 वर्षीय किशोरी को बहला–फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आया है। किशोरी की मां ने गांव के ही एक युवक पर बेटी को ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर के मुताबिक, 24 नवंबर की शाम करीब सात से आठ बजे के बीच आरोपी किशोरी को बहला–फुसलाकर अपने साथ ले गया। काफी तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चला। इस पर मां ने बुधवार को पुलिस से शिकायत की। प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश की जा रही है।

संविधान दिवस पर एसपी अमेठी ने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को दिलाई शपथ

प्रातःकाल एक्सप्रेस

अमेठी। संविधान दिवस के अवसर पर गुरुवार को पुलिस कार्यालय गौरीगंज में पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना का पाठ कराते हुए संविधान के प्रति निष्ठा और कर्तव्यों के पालन की शपथ दिलाई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने सभी को भारत को संपूर्ण प्रभुत्व–संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष एवं लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाए रखने तथा नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय सुनिश्चित कराने का संकल्प दिलाया। साथ ही विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा एवं अवसर की समानता बनाए रखने तथा व्यक्ति की गरिमा, राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता को बढ़ावा देने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह सहित पुलिस कार्यालय में तैनात अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने संविधान के आदर्शों और मूल्यों के अनुरूप अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का संकल्प लिया।



सपा कार्यालय में मनाया गया संविधान दिवस

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। समाजवादी पार्टी कार्यालय में प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर संविधान दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को नमन करते हुए संविधान के मूल आदर्शों न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता पर चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि भारतीय संविधान समाज के सभी वर्गों के हितों, गैर–बराबरी, छुआछूत तथा प्रत्येक नागरिक के हक और अधिकारों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। संविधान भारत के लोकतांत्रिक गणराज्य की आधारशिला है, जो प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार और सम्मान प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि संविधान में निहित मूल्यों और सिद्धांतों की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। समाज में समानता, न्याय और भाईचारे को मजबूत करने के लिए सभी को संविधान के आदर्शों पर चलना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव चौधरी मंजर यार ने किया। इस अवसर पर सदर विधायक चंद्र प्रकाश लोधी, पूर्व अध्यक्ष राम शरण यादव, दलजीत निषाद, शमीम अहमद, राम कृपाल सोनकर, राम नारायण निषाद, मनोज यादव, डीजी कुशवाहा, हीरा लाल साहू, डॉ. अमित पाल, आरती पाल, रत्नेश रत्ना, ज्ञान सिंह, संदीप माली, वीके साहू, कपिल यादव, प्रेमनाथ विश्वकर्मा, सुनील उमराव, सुहैल खान हेमू, शनि लोधी, धीरेन्द्र निषाद, आशीष नामदेव, विमलेश पटेल, शिवम यादव, अभिषेक पासवान, शैलेन्द्र मिश्रा, नवाब मलिक, अंकित पायलट, विमल यादव, दिनेश पासवान, हिमांशु विश्वकर्मा, महेश पाल, मनोज लोधी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



सरकारी जमीन पर निर्माण करने पर मुकदमा दर्ज

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। बिंदकी तहसील क्षेत्र के सिकंदरपुर गांव में सरकारी भूमि पर बार–बार रोक के बावजूद मकान निर्माण कराए जाने के आरोप में पुलिस ने कुंदन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। तहसीलदार के निर्देश पर कार्रवाई की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव की गाटा संख्या 327, जिसका क्षेत्रफल 0.2100 हेक्टेयर तथा गाटा संख्या 328, जिसका क्षेत्रफल 0.3090 हेक्टेयर है, राजस्व अभिलेखों में नवीन परती यानी सरकारी भूमि के रूप में दर्ज है। आरोप है कि कुंदन ने गाटा संख्या 327 की सरकारी जमीन पर मकान का निर्माण शुरू करा दिया। निर्माण की जानकारी मिलने पर राजस्व और पुलिस टीम कई बार मौके पर पहुंची और काम रुकवाते हुए आरोपी को सरकारी भूमि पर निर्माण न कराने की चेतावनी दी। इसके बावजूद आरोपी कथित तौर पर चोरी–छिपे निर्माण कार्य जारी रखे रहा। बार–बार चेतावनी और प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद भी निर्माण नहीं रुकने पर तहसीलदार ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश दिए। पुलिस ने कुंदन के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 324(5) और 329(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अमेठी में उर्वरकों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध, किसानों को नहीं होगी खाद की कमी



जनपद में 19,627 मीट्रिक टन यूरिया और 3,810 मीट्रिक टन डीएपी की उपलब्धता सुनिश्चित, एनपीके खाद के प्रयोग की भी किसानों से अपील

प्रातःकाल एक्सप्रेस

अमेठी। जनपद में रबी फसलों की बुवाई एवं कृषि कार्यों को देखते हुए किसानों को समय से उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी शशांक चौधरी के निर्देश पर जनपद की सभी संचालित उर्वरक समितियों, महिला उपभोक्ता संघ तथा इफको केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है, जिससे किसानों को आवश्यकता के अनुसार समय से खाद मिल सके। इस संबंध में जिला कृषि अधिकारी देवेंद्र सिंह निरंजन ने बताया कि जनपद में 23 नवंबर 2026 को इफको यूरिया की 2,668 मीट्रिक टन की एक रैक प्राप्त हुई है। इसके बाद जनपद में यूरिया की कुल उपलब्धता बढ़कर 19,627 मीट्रिक टन हो गई है। उन्होंने बताया कि 25 नवंबर 2026 को एचयूआरएल की एक रैक प्राप्त हुई है, जिसमें 757 मीट्रिक टन डीएपी एवं 150 मीट्रिक टन टीएसपी शामिल है। इसके अतिरिक्त 26 नवंबर को पीपीएल की एक रैक सुल्तानपुर में पहुंच रही है, जिसमें से जनपद अमेठी को 350 मीट्रिक टन डीएपी प्राप्त होगी। इस प्रकार प्राप्त होने वाली एवं वर्तमान में उपलब्ध मात्रा को मिलाकर जनपद में डीएपी का कुल भंडार 3,810 मीट्रिक टन हो जाएगा। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद में अन्य उर्वरकों की भी पर्याप्त उपलब्धता है। वर्तमान में 2,949 मीट्रिक टन एनपीके, 1,871 मीट्रिक टन एसएसपी तथा 159 मीट्रिक टन एमओपी उपलब्ध है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनपद में उर्वरकों की कोई कमी नहीं है और किसानों को निर्धारित व्यवस्था के अनुसार खाद उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने किसान बंधुओं से अपील की कि वे डीएपी के साथ–साथ एनपीके उर्वरक का भी संतुलित एवं आवश्यकतानुसार प्रयोग करें। फसलों की आवश्यकता के अनुरूप उर्वरकों का उपयोग करने से पोषक तत्वों की पूर्ति के साथ मृदा स्वास्थ्य बनाए रखने में भी सहायता मिलती है। जिला कृषि अधिकारी ने यह भी बताया कि निजी उर्वरक विक्रेताओं को शासन द्वारा निर्धारित दरों पर ही उर्वरक की बिक्री करने के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी विक्रेता द्वारा उर्वरक के साथ अनावश्यक टैगिंग करने, निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत वसूलने अथवा कालाबाजारी किए जाने का मामला सामने आने पर संबंधित विक्रेता के विरुद्ध उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 में निहित प्रावधानों के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग द्वारा उर्वरकों की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जा रही है, ताकि किसानों को खेती–किसानी के दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

संविधान के मूल्यों को आत्मसात करने का विद्यार्थियों ने लिया संकल्प

प्राथमिक विद्यालय हिसामपुर परसखी में प्रस्तावना का सामूहिक पाठ कर दिलाई गई शपथ

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। संविधान दिवस के अवसर पर गुरुवार को विकासखंड कड़ा के प्राथमिक विद्यालय हिसामपुर परसखी में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छात्र–छात्राओं व शिक्षकों ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया तथा संविधान के आदर्शों पर चलने की शपथ ली।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संविधान निर्माण के इतिहास, मौलिक अधिकारों, नागरिक कर्तव्यों और लोकतांत्रिक मूल्यों की जानकारी दी गई। शिक्षकों ने बताया कि 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने भारतीय संविधान को अंगीकृत किया था। इसी ऐतिहासिक दिन की स्मृति में प्रतिवर्ष संविधान दिवस मनाया जाता है। संविधान प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार प्रदान करने के साथ ही देश की एकता और अखंडता को मजबूत आधार देता है।



विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामकृष्ण साहू ने कहा कि संविधान दिवस महज एक आयोजन नहीं, बल्कि नागरिकों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने का महत्वपूर्ण अवसर है। विद्यार्थियों को बचपन से ही संविधान के मूल्यों, अनुशासन, समानता और आपसी भाईचारे की भावना को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। आज के विद्यार्थी ही कल के जिम्मेदार नागरिक और देश के भविष्य के निर्माता हैं।

कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक परंपराओं का सम्मान करने तथा देश की एकता और अखंडता को मजबूत बनाने के लिए प्रेरित किया गया। सभी ने संविधान की गरिमा बनाए रखने और एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करने का संकल्प लिया। इस मौके पर शिक्षक रिया सेठी, बीरेंद्र कुमार, वालंटियर रोहिणी देवी, रसोइया व अभिभावक उपस्थित रहे।

संविधान गौरव दिवस पर जिले के 49 स्थलों पर मूर्ति विकास कार्यों का शिलान्यास

डॉ. आंबेडकर मूर्ति विकास योजना के तहत प्रतिमा स्थलों का होगा नवीनीकरण और सौंदर्यीकरण

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। संविधान दिवस पर गुरुवार को जनपद में संविधान गौरव दिवस मनाया गया। शासन के निर्देश पर डॉ. बीआर आंबेडकर मूर्ति विकास योजना के तहत जिले के विभिन्न विकास खंडों एवं नगर निकायों के कुल 49 चयनित स्थलों पर महापुरुषों की प्रतिमाओं के नवीनीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का शिलान्यास किया गया। कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

विधानसभा बिंदकी के खजुहा की पांच और तेलियानी की चार ग्राम पंचायतों, जहानाबाद के अमौली की चार, देवमई की पांच और मलवां की एक ग्राम पंचायत में कार्यक्रम हुए। अयाहशाह विधानसभा के बहुआ की चार, असोथर की एक और हसवा की दो ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया। खागा विधानसभा के धाता की दो, विजयीपुर की चार ग्राम पंचायतों और नगर पंचायत खागा के वार्ड छह में भी कार्यक्रम आयोजित हुए। सदर विधानसभा के भिटौरा, तेलियानी और हसवा की ग्राम पंचायतों तथा पीरनपुर वार्ड में भी शिलान्यास किया गया। हुसेनगंज विधानसभा के हथगांव और भिटौरा में कार्यक्रम हुए। मलवां के शाहजहांपुर में विधायक राजेंद्र सिंह पटेल, खजुहा में विधायक जयकुमार उर्फ जैकी, विजयीपुर के टेनी में राज्यमंत्री कृष्णा पासवान, नरैनी में विधायक विकास गुप्ता तथा हथगांव में जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह मौजूद रहे। वहीं कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। उन्होंने बाबा साहेब के योगदान को याद करते हुए समानता, स्वतंत्रता, बंधुत्व और न्याय के संवैधानिक मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया। इस दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान की शपथ दिलाई गई।



सरहदों की रक्षा करने वाले जवान को अपनी पुश्तैनी जमीन बचाने के लिए करनी पड़ रही जद्दोजहद

भारतीय सेना में तैनात सतीश मिश्रा ने पड़ोसी पर लगाया जमीन कब्जाने की कोशिश और परिवार को एससी–एसटी एक्ट में फंसाने की धमकी देने का आरोप

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। देश की सरहदों की निगहबानी करने वाले एक भारतीय सेना के जवान को अपनी ही पुश्तैनी जमीन की सुरक्षा के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। मामला बाघराय थाना क्षेत्र का है, जहां भारतीय सेना में तैनात सतीश मिश्रा ने अपने पड़ोसी संजय मिश्रा पुत्र राधेश्याम मिश्रा पर जमीन कब्जाने की कोशिश करने का आरोप लगाया है।

सतीश मिश्रा के मुताबिक, उनकी जमीन साहू की चरही भाव में स्थित है। करीब दो–तीन वर्ष पूर्व इसी जमीन को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था, जिसके बाद मामला थाने तक पहुंचा था।

आरोप है कि उस समय पुलिस और राजस्व टीम के निरीक्षण के बाद आपसी सुलह–समझौता हुआ था। समझौते के दौरान सतीश मिश्रा ने अपनी जमीन पड़ोसी संजय मिश्रा को दे दी थी, जिसका लिखित समझौता भी किया गया था।

लेकिन अब करीब दो वर्ष बाद फिर से जमीन को लेकर विवाद सामने आ रहा है। सतीश मिश्रा का आरोप है कि पड़ोसी संजय मिश्रा उनकी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं और उनके परिवार को एससी–एसटी एक्ट में फंसाने की धमकी भी दे रहे हैं।इस पूरे मामले को लेकर सेना में तैनात सतीश मिश्रा ने दूरभाष पर बताया कि वह मामले को बाघराय थाने के साथ–साथ पुलिस के उच्चाधिकारियों तक पहुंचाएंगे। साथ ही क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी के समक्ष भी अपनी शिकायत रखेंगे। अब सवाल यह है कि देश की सीमाओं की सुरक्षा में तैनात जवान को अपनी पुश्तैनी जमीन की सुरक्षा के लिए आखिर क्यों भटकना पड़ रहा है, क्या पुलिस और राजस्व विभाग इस मामले की निष्पक्ष जांच कर जवान को न्याय दिलाएगा, फिलहाल, मामले में दूसरे पक्ष का पक्ष और पुलिस की आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने आना बाकी है।

स्कूली बच्चों को दिलाई सड़क सुरक्षा की शपथ

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। जनपद को सड़क दुर्घटनामुक्त बनाने के उद्देश्य से यातायात माह नवंबर 2026 के तहत बुधवार को हनुमान इंटर कॉलेज अजुहा में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी देकर सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल, एनएचएआई कानपुर के परियोजना निदेशक पंकज यादव और पुलिस अधीक्षक सत्य नारायण प्रजापत के निर्देश पर आयोजित हुआ। अजुहा पुलिस चौकी प्रभारी अनुराग सिंह की उपस्थिति में प्रोजेक्ट मैनेजर राकेश भारद्वाज और अतुल यादव के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। बच्चों को वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करने तथा यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। राजस्थान सरकार के सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित वरिष्ठ सीएसआर मैनेजर फिरोज खान ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। विद्यार्थियों की भागीदारी से सड़क सुरक्षा का संदेश घर–घर तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जीरो फेटेलिटीज डिस्ट्रिक्ट अभियान के तहत विद्यालयों, टोल प्लाजा, सार्वजनिक स्थलों और हाईवे किनारे लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इनका उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाकर कौशाम्बी को सुरक्षित और दुर्घटनामुक्त जिला बनाना है। कार्यक्रम में पुलिसकर्मी ललित कुमार, उदय सिंह, विद्यालय के शिक्षक–शिक्षिकाएं और अन्य लोग मौजूद रहे।



संविधान दिवस पर बाबा साहेब एवं भगवान बुद्ध की प्रतिमाओं पर किया गया माल्यार्पण

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर गुरुवार को ग्राम पंचायत उतरार स्थित बाबा साहेब स्मारक स्थल पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि व हीरागंज व्यापार मंडल अध्यक्ष विनोद यादव की अगुवाई में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं भगवान बुद्ध की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने बाबा साहेब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए संविधान में निहित समानता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व के मूल्यों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि भारतीय संविधान देश के प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार और सम्मान के साथ जीवन जीने का अवसर प्रदान करता है। बाबा साहेब के विचार आज भी सामाजिक समरसता और एक सशक्त राष्ट्र के निर्माण के लिए प्रासंगिक हैं।कार्यक्रम में कमलेश गौतम, रामआसरे गौतम, प्रेम नारायण गौतम, अनिल सरोज, सुभाष गौतम, अतुल गौतम, प्रीतम देवी, संदीप यादव, विपिन यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

संविधान दिवस पर पुलिस लाइन में गूंजा संविधान का संदेश, एसपी ने दिलाई मौलिक कर्तव्यों की शपथ

अभिमन्यु मांगलिक ने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को संविधान के आदर्शों पर चलने का किया आह्वान

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। संविधान दिवस के अवसर पर गुरुवार को पुलिस लाइन में संविधान के प्रति सम्मान और लोकतांत्रिक मूल्यों के पालन का संदेश दिया गया। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना का पाठ कराते हुए मौलिक कर्तव्यों के पालन की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि भारतीय संविधान देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है। संविधान में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता के आदर्श प्रत्येक नागरिक के लिए महत्वपूर्ण हैं। पुलिस विभाग के अधिकारी और कर्मचारी इन संवैधानिक मूल्यों को अपने कार्य व्यवहार में अपनाते हुए जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को अपने कर्तव्यों का पालन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही संविधान में वर्णित मूल आदर्शों, मूल्यों एवं सिद्धांतों के अनुरूप आचरण बनाए रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञान प्रकाश राय, क्षेत्राधिकारी नगर सहित पुलिस विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



नाबालिग ई–रिक्शा चालकों और बिना फिटनेस वाले स्कूली वाहनों पर होगी कार्रवाई

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। कलेक्ट्रेट के महात्मा गांधी सभागार में गुरुवार को जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक की संयुक्त अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। डीएम ने एआरटीओ को सड़क किनारे अवैध पार्किंग रोकने और नाबालिगों द्वारा ई–रिक्शा चलाने पर कार्रवाई के निर्देश दिए। बिना परमिट और फिटनेस के विद्यालय वाहन संचालित मिलने पर कार्रवाई करने तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त कराने की संस्तुति करने को कहा। उन्होंने बिना हेलमेट, सीट बेल्ट और नंबर प्लेट के वाहनों पर कार्रवाई के साथ नशे में वाहन चलाने वालों के लाइसेंस जब्त करने के निर्देश दिए।

संविधान दिवस पर हुआ कार्यक्रम बाबा साहेब को किया नमन

सांसद छोटेलाल खरवार ने संविधान दिवस पर दिया पीडीए का संदेश

देवा सरकार
प्रातःकाल एक्सप्रेस

चकिया, चन्दौली। संविधान दिवस के अवसर पर अमरा उत्तरी में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सांसद छोटेलाल खरवार ने संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।



कार्यक्रम में उन्होंने पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की एकजुटता का संदेश दिया। लोगों को संबोधित करते हुए सांसद छोटेलाल खरवार ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में पीडीए का कारवां लगातार आगे बढ़ रहा है। संविधान और आरक्षण की रक्षा के लिए उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनना बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जनता ने समाजवादी पार्टी के प्रति अपना विश्वास जताया है और इसी विश्वास के बल पर वर्ष 2027 में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने जा रही है। कार्यक्रम के दौरान बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर, मान्यवर कांशीराम और जय भीम के नारों से पूरा परिसर गूंज उठा। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता सुधाकर कुशवाहा, सदर मुस्ताक साहब, अजय गुप्ता, समाजसेवी सुनील यादव, उस्मान गनी उर्फ बबलू खान, शमशेर यादव, अमरेश यादव, देवा सरकार, बुलबुल मौर्य सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

आस्था के केंद्र पंचमुखी हनुमानगढ़ी को भव्य बनाने की तैयारी, मंदिर निर्माण के लिए आगे आए ग्रामीण

प्रातःकाल एक्सप्रेस

वाराणसी। परमानंदपुर स्थित प्राचीन पंचमुखी हनुमानगढ़ी मंदिर के विकास एवं निर्माण को लेकर क्षेत्र में धार्मिक एकजुटता देखने को मिल रही है। शिवपुर वार्ड नंबर 14 के आल्हा–काल्हा पोखरा स्थित मंदिर को भव्य स्वरूप देने के लिए ग्रामीणों ने सहयोग का संकल्प लिया है। क्षेत्रवासियों के अनुसार मंदिर के प्रति गांव के लोगों की गहरी आस्था है। कुछ लोगों के शुरुआती विरोध के बावजूद मंदिर निर्माण के समर्थन में ग्रामीणों की संख्या लगातार बढ़ रही है। मंदिर के मुख्य संरक्षक एवं कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर से निर्माण कार्य के लिए सहयोग राशि की मांग की गई है। ग्रामीण भी घर–घर से आर्थिक सहयोग जुटा रहे हैं। मंदिर समिति के अध्यक्ष विनय पटेल, उपाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, महासचिव अरविंद पटेल, कोषाध्यक्ष डॉ. श्याम बली पटेल सहित अन्य पदाधिकारियों और सदस्यों ने मंदिर विकास में सभी से सहयोग की अपील की।



वाराणसी में रियलमी सर्विस सेंटर पर अचानक बंदी का फरमान, कर्मचारियों को मिला सिर्फ एक दिन का समय

प्रातःकाल एक्सप्रेस

वाराणसी। मोबाइल कंपनी रियलमी के सर्विस सेंटर को अचानक बंद करने के फैसले से कर्मचारियों के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो गया है। आरोप है कि कंपनी की ओर से कर्मचारियों को बंदी की सूचना ईमेल के माध्यम से दी गई और अगले ही दिन से सर्विस सेंटर बंद करने का निर्देश जारी कर दिया गया। कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें दो महीने का नोटिस देना तो दूर, एक दिन का भी पर्याप्त समय नहीं दिया गया। वहीं कर्मचारियों का आरोप है कि इस फैसले से उन्हें अचानक बेरोजगारी का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि यदि कंपनी को सर्विस सेंटर बंद करने या संचालन में बदलाव करने का निर्णय लेना था तो पहले से सूचना और वैकल्पिक व्यवस्था का अवसर दिया जाना चाहिए था। हालांकि, इस मामले में कंपनी की ओर से वाराणसी सेंटर की बंदी और कर्मचारियों को दिए गए नोटिस को लेकर आधिकारिक स्पष्टीकरण सामने नहीं आया है। गौरतलब है कि कंपनी ने 12 नवंबर को देशभर में अपने सेवा नेटवर्क को 550 से अधिक शहरों में 670 से अधिक केंद्रों तक विस्तारित करने की घोषणा की थी। ऐसे में स्थानीय स्तर पर सेंटर बंद होने की शिकायत ने कर्मचारियों और उपभोक्ताओं के बीच सवाल खड़े कर दिए हैं।



पागल कुत्ते ने युवक को काटा, पीएचसी में भर्ती

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मुंगराबाद शाहपुर।मुंगराबादशाहपुर क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। गुरुवार को पागल कुत्ते ने एक युवक को काटकर घायल कर दिया। घायल को परिजनों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुंगराबादशाहपुर में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है।घायल की पहचान नितिन (19), निवासी अधमपुर के रूप में हुई है। बताया गया कि नितिन कहीं जा रहा था, तभी अचानक पागल कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो कुत्ता भाग गया।परिजन उसे लेकर तत्काल पीएचसी पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद एंटी रेबीज इंजेक्शन लगाया। डॉक्टरों के अनुसार युवक की हालत खतरे से बाहर है।घटना के बाद से क्षेत्र में दहशत है। ग्रामीणों ने प्रशासन से आवारा कुत्तों को पकड़वाने की मांग की है।

संविधान गौरव दिवस पर भाजपा कार्यालय में बैठक संपन्न

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। मीरजापुर नगर विधानसभा क्षेत्र के पीलिकोठी स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर संविधान गौरव दिवस के अवसर पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे काशी क्षेत्र के उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी भानु प्रताप सिंह ने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ भारतीय संविधान, उसके महत्व और बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज जायसवाल भी मौजूद रहे।बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सिंह ने की, जबकि संचालन जिला महामंत्री स्वामीनाथ सिंह ने किया। बैठक में जिला प्रभारी ने भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन संघर्ष, उनके विचारों और भारतीय संविधान के निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया।पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने भी कहा कि भारतीय संविधान देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूत आधारशिला है। यह प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता, न्याय और सम्मान के साथ जीवन जीने का अधिकार प्रदान करता है।बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का योगदान देश के इतिहास में सदैव स्मरणीय रहेगा। उनके विचार आज भी समाज को समानता, सामाजिक न्याय और अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा देते हैं।इसके साथ ही बैठक में आगामी 28 एवं 29 नवंबर को मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के तहत सभी कार्यकर्ताओं से अपने–अपने बूथों पर पहुंचकर बीएलओ (ठस्) से संपर्क करने की अपील की गई। कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया कि मतदाता सूची में छूटे हुए पात्र नागरिकों के नाम जुड़वाने के लिए विशेष प्रयास करें। इसके साथ ही 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं को मतदाता बनने के लिए जागरूक करें, ताकि कोई भी पात्र नागरिक अपने मताधिकार से वंचित न रहे।इस मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य उत्तर मौर्य,पूर्व जिलाध्यक्ष बालेंदुमणि त्रिपाठी,महिला मोर्चा की काशी क्षेत्रीय महामंत्री आभा सिंह पटेल, जिला महामंत्री रवि पाण्डेय सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।



संविधान की उद्देशिका संविधान की कुंजी है : श्याम मोहन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

वाराणसी । हरिश्चन्द्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय, वाराणसी के विधि विभाग द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के स्व. श्याम मोहन अग्रवाल कमेटी हॉल में उद्देशिका : संविधान की कुंजीष् विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. रजनीश कुँवर ने की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो. रजनीश कुँवर ने कहा कि हमें संविधान के शब्दों से अधिक उसकी भावनाओं और मूल मूल्यों का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को संविधान के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया।

इतिहास विभाग के अध्यक्ष प्रो. विश्वनाथ वर्मा ने संविधान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों से संवैधानिक नैतिकता के अनुरूप कार्य करने का आह्वान किया।

संगोष्ठी में विधि विभाग के अध्यक्ष प्रो. ओम शर्मा, डॉ. सत्येन्द्र कुमार सिंह, डॉ. रमेश कुमार, विवेक कुमार, अजीत कुमार, डॉ. अंकित रघुवंशी, मोहम्मद अबु शाहिद तथा हिन्दी विभाग के डॉ. अमित कुमार सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. धर्मेन्द्र कुमार गुप्त ने किया। संगोष्ठी में छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। सारगर्भित अभिव्यक्ति के लिए सुधांशु मिश्र, अंशु मिश्रा एवं आशीष कुमार ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।



इस अवसर पर विधि विभाग के विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें सुनील यादव सहित अन्य विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम के अंत में विधि विभाग के अध्यक्ष प्रो. ओम शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

अपहरण के दोषी अजीत कुमार को 8 साल की सजा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सोनभद्र। करीब 6 वर्ष पूर्व 13 वर्षीय नाबालिग लड़की के अपहरण किए जाने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसीध्सीएडब्लू , सोनभद्र बिपिन कुमार तृतीय की अदालत ने बृहस्पतिवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी अजीत कुमार को 8 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। उसके ऊपर 25 हजार रूपये अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर 2 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित होगी।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक हाथीनाला थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता के पिता ने 13 नवंबर 2020 को थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसकी 13 वर्षीय नाबालिग बेटी को 10 नवंबर 2020 को रात्रि करीब 10 बजे अजीत कुमार पुत्र अम्बिका प्रसाद निवासी ग्राम बेलहत्थी टोला रानीताली, थाना हाथीनाला, जिला सोनभद्र बहला फुसलाकर कहीं भगाकर ले गया है। उसकी बेटी से कभी कभार चोरी छुपे मोबाईल पर वह बातचीत करता था। बेटी को काफी खोजा गया लेकिन उसका पता नहीं चला। आवश्यक कार्रवाई करें। इस तहरीर पर हाथीनाला पुलिस ने अपहरण की एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया था।

मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्को को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर अपहरण के दोषी अजीत कुमार को 8 वर्ष का कठोर कारावास एवं 25 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 2 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित होगी। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील सत्यप्रकाश तिवारी ने बहस की।

रेलवे ट्रैक के किनारे मिली जिंदगी की जंग लड़ती नवजात बालिका, चाइल्ड हेल्पलाइन की त्वरित कार्रवाई से मिला सुरक्षा का साया

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सोनभद्र। मानवता को झकझोर देने वाली एक घटना में ग्राम कुरा, चुर्क, रॉबर्ट्सगंज क्षेत्र में रेलवे ट्रैक के किनारे एक नवजात बालिका मिलने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही चाइल्ड हेल्पलाइन, सोनभद्र की टीम ने बिना समय गंवाए तत्काल कार्रवाई करते हुए डायल 112 पुलिस टीम के सहयोग से नवजात बालिका को सुरक्षित रेस्क्यू किया।

जिलाधिकारी चर्चित गौड के संरक्षण एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया के कुशल निर्देशन में जनपद में बच्चों की सुरक्षा, संरक्षण एवं उनके अधिकारों के प्रति संवेदनशीलता के साथ कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में सूचना प्राप्त होते ही चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम सक्रिय हो गई।



सूचना की गंभीरता को देखते हुए चाइल्ड हेल्पलाइन के परियोजना समन्वयक मुकेश कुमार सिंह, सुपरवाइजर अंशु गिरि एवं सुधा गिरि तथा डायल 112 की पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। संयुक्त टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर नवजात बालिका को सुरक्षित बाहर निकाला और उसकी सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक कार्रवाई की।

रेस्क्यू के उपरांत परियोजना समन्वयक मुकेश कुमार सिंह द्वारा नवजात बालिका को आवश्यक चिकित्सकीय परीक्षण एवं उपचार के लिए अस्पताल, रॉबर्ट्सगंज में भर्ती कराया गया। वर्तमान में बालिका चिकित्सकों की देखरेख में है।

चाइल्ड हेल्पलाइन का उद्देश्य संकटग्रस्त, असुरक्षित लावारिस एवं जरूरतमंद बच्चों को तत्काल सहायता, सुरक्षा और संरक्षण उपलब्ध कराना है।

परियोजना समन्वयक मुकेश कुमार सिंह ने जनसामान्य से अपील करते हुए कहा यदि कहीं भी कोई नवजात शिशु अथवा बच्चा लावारिस, असुरक्षित, परित्यक्त या किसी संकटपूर्ण परिस्थिति में दिखाई दे, तो कृपया उसे नजरअंदाज न करें। तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 अथवा पुलिस हेल्पलाइन 112 पर सूचना दें।

उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा केवल किसी एक विभाग या संस्था की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज का सामूहिक दायित्व है। यदि कोई व्यक्ति बच्चे की परवरिश करने में असमर्थ है, तो बच्चे को छोड़ने या उसकी जान जोखिम में डालने के बजाय बाल कल्याण समिति अथवा चाइल्ड हेल्पलाइन के माध्यम से वैधानिक संरक्षण और सहायता प्राप्त करें।

एक मासूम की जिंदगी बचाने के लिए कभी–कभी आपकी एक छोटी–सी सूचना ही काफी होती है।

बच्चों को बचाना केवल हमारा कर्तव्य नहीं, बल्कि हमारा मानवीय दायित्व भी है।

कस्बे में जाम से लोगों को परेशानी, दो घंटे फंसे रहे राहगीर

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मुंगराबादशाहपुर–मुंगराबादशाहपुर गुरुवार को नगर में जाम लगने से दिनभर लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। शादी–विवाह के चलते बाजार में भीड़ उमड़ रही है, जिससे नगर के प्रमुख



मार्गों पर जाम लग रहा है।पुरानी सब्जी मंडी, आलू मंडी, कटरा, सिनेमा गली, गोला मंडी, नईगंज और चूड़ी गली के सामने सहित नगर के मुख्य मार्ग पर जाम के चलते लोग दिनभर परेशान रहे। करीब दो घंटे तक जाम में फंसे राहगीर प्रशासन को कोसते नजर आए।लोगों का कहना है कि सड़क पर छोटे–बड़े वाहन बेतरतीब खड़े कर दिए जाते हैं। इतना ही नहीं, दुकानदार पटरी पर भी दुकान लगा देते हैं, जो जाम का प्रमुख कारण है। इससे लोगों की मुसीबतें बढ़ गई हैं। जाम से खास तौर से मरीजों, महिलाओं और स्कूली वाहनों में बैठे बच्चों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।चंद्रशेखर शुक्ला, राम सिंह, राहुल मौर्या व दिनेश प्रताप सिंह आदि ने जिला प्रशासन से जाम से निजात दिलाने की मांग की है।इस संबंध में थाना प्रभारी गजानंद चौबे ने बताया कि जाम दिखवाया जा रहा है।

स्व–गणना कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रगणक एवं पर्यवेक्षक सम्मानित

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर । तहसील लालगंज, जनपद मीरजापुर में स्व–गणना कार्य के अंतर्गत अब तक सर्वाधिक स्व–गणना कराने में उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्रगणक रमेश चंद्र पांडेय एवं पर्यवेक्षक सच्चिदानंद मौर्य को 26 नवम्बर 2026 को तहसीलदार लालगंज द्वारा सम्मानित किया गया।



इस अवसर पर तहसीलदार लालगंज ने दोनों कर्मचारियों को शाल ओढ़ाकर एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि किसी भी शासकीय अभियान की सफलता में कर्मचारियों की मेहनत, लगन, निष्ठा एवं समर्पण की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। स्व–गणना कार्य में दोनों कर्मचारियों द्वारा किया गया सराहनीय प्रयास अन्य कर्मचारियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है।

उन्होंने अपेक्षा जताई कि इसी प्रकार सभी कर्मचारी पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए निर्धारित लक्ष्यों को समय से पूरा करने में अपना योगदान देंगे।

दोनों कर्मचारियों को सम्मानित किए जाने से तहसील परिसर में कार्यरत अन्य कर्मचारियों में भी हर्ष एवं उत्साह का माहौल रहा। इस सम्मान से कर्मचारियों का मनोबल बढ़ा है तथा अन्य कर्मचारियों को भी बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिली है।

विकसित भारत युवा संवाद के तहत मना संविधान दिवस, युवाओं ने किया संवाद

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर । विकसित भारत युवा संवाद – संविधान दिवस के थीम पर माय भारत मिर्जापुर, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में माता प्रसाद माता भीख इंटर कॉलेज के सभागार में संविधान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी शिवम गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में श्री माता प्रसाद माता भीख इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अरुण कुमार शुक्ला, वरिष्ठ प्रवक्ता शिक्षाशास्त्र श्री रमेश द्विवेदी एवं वरिष्ठ प्रवक्ता भूगोल श्री सियाराम राय उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता के रूप में प्रीतम सिंह, भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री पुष्पेंद्र द्विवेदी एवं भाजपा जिला मंत्री श्रीमती पूनम चौरसिया ने युवाओं को संबोधित किया। वक्ताओं ने युवाओं को संविधान के मूल्यों, अधिकारों, कर्तव्यों और विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में सैकड़ों बालक एवं बालिकाओं ने प्रतिभाग कर संवाद किया। इस अवसर पर माय भारत मिर्जापुर के स्वयंसेवक रिंकेश कुमार, शिवम प्रजापति, सुश्री सीता देवी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. शिव शंकर के द्वारा किया गया।



सपा कार्यालय लोहिया ट्रस्ट पर मनाया गया संविधान दिवस

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर । समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट पर कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अशोक यादव के निर्देशानुसार संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर संविधान की शपथ ली गई तथा गोष्ठी आयोजित कर संविधान पर विस्तृत चर्चा की गई। इस मौके पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि संविधान दिवस हमें याद दिलाता है कि भारत की एकता, अखंडता और लोकतंत्र की असली ताकत उसका संविधान है। प्रत्येक भारतीय को संविधान के मूल्यों का सम्मान करना चाहिए और एक जिम्मेदार नागरिक बनने का संकल्प लेना चाहिए।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक फिरदौस फातिमा द्वारा 79–ए–मोतीलाल नेहरू रोड, जिला–प्रयागराज –211002, (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 79–ए–मोतीलाल नेहरू रोड, जिला–प्रयागराज –211002, (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक
फिरदौस फातिमा
मो.9451721210
UPHIN/2015/61843
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.वी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद जनपद न्यायालय इलाहाबाद, जिला प्रयागराज के अधीन होंगे।

सपा का चुनावी घोषणापत्रः अखिलेश बोले- जब तक नौकरी नहीं तब तक ग्रेजुएट को मिलेगा पांच हजार प्रतिमाह का भत्ता

लखनऊ, संवाददाता। समाजवादी पार्टी ने अपने चुनावी घोषणा–पत्र में जातिगत जनगणना कराने का वादा किया है। पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार बनने पर जातिगत जनगणना कराई जाएगी। हालांकि, केंद्र सरकार पहले ही देश में जातिगत जनगणना कराने का नोटिफिकेशन जारी कर चुकी है। अखिलेश यादव ने बुजुर्ग महिलाओं को हर साल 40 हजार रुपये पेंशन देने की घोषणा की। इसके अलावा दलितों के उत्थान के लिए मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में दलित विकास परिषद गठित करने का वादा किया। अखिलेश के मुताबिक, यह परिषद दलितों के विकास और कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए काम करेगी। समाजवादी पार्टी ने अपने चुनावी घोषणापत्र में युवाओं, शिक्षकों और कर्मचारियों से जुड़े कई बड़े वादे किए हैं। पार्टी ने युवाओं को हर महीने पांच हजार रुपये बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि शिक्षामित्रों और अनुदेशकों को शिक्षकों के बराबर वेतन देने के लिए काम किया जाएगा। अखिलेश ने पुरानी पेंशन योजना लागू करने का भी भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि शिक्षा, शिक्षक और शिक्षार्थी का गौरव बहाल करने के लिए बंद किए गए विद्यालयों को फिर से शुरू किया जाएगा। घोषणापत्र में आशा, आंगनबाड़ी, संविदा और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को सम्मानजनक वेतन देने और समायोजन का लाभ दिलाने की बात भी कही गई है। अखिलेश ने प्रदेश की कानून–व्यवस्था को और मजबूत बनाने का प्रयास करने का भरोसा दिया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चुनावी घोषणा–पत्र में शिक्षा, रोजगार और कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा, शिक्षक और शिक्षार्थी का गौरव बहाल करने के लिए बंद किए गए विद्यालयों को फिर से शुरू किया जाएगा। अखिलेश ने कहा कि शिक्षामित्रों, अनुदेशकों और हर स्तर के शिक्षकों को समान वेतन देने के लिए काम करेंगे। इसके साथ ही आशा, आंगनबाड़ी, संविदा और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को सम्मानजनक वेतन और समायोजन का लाभ दिलाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने पुरानी पेंशन योजना लागू करने की दिशा में काम करने का भी भरोसा दिलाया। अखिलेश ने कहा कि प्रदेश में कानून–व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए भी प्रयास किए जाएंगे। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने संविधान दिवस पर भाजपा और संविधान बदलने की बात करने वाली शक्तियों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कुछ लोग देश को हिंदू राष्ट्र बनाना चाहते हैं और संविधान को बदलने की साजिश कर रहे हैं। ऐसी कोशिशों को नाकाम करने के लिए सभी संविधान समर्थक एकजुट हैं। अखिलेश



ने कहा कि कुछ प्रभुत्ववादी और स्वार्थी लोग अपनी परंपरागत सत्ता बनाए रखने के लिए संविधान बदलने की बात कर रहे हैं। समीक्षा और पुनर्विचार के नाम पर संविधान को मिटाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने ऐसी शक्तियों को संविधान विरोधी, संकीर्ण सोच वाला और विध्वंसकारी बताया। उन्होंने कहा, "हमारा देश संविधान से चलेगा, मन–विधान से नहीं।" अखिलेश के मुताबिक, संविधान शोषित और वंचित वर्गों के लिए ढाल की तरह है। सभी संविधान प्रेमियों का कर्तव्य है कि वे एकजुट होकर संविधान के खिलाफ किसी भी साजिश को सफल न होने दें। अखिलेश यादव ने कहा कि आज संविधान को लेकर संघर्ष का समय है। एक तरफ वे लोग हैं, जो सत्ता पाने के लिए संविधान का दुरुपयोग करना चाहते हैं, जबकि दूसरी तरफ समाजवादी पार्टी संविधान के जरिए हर तरह का भेद मिटाने, आरक्षण बचाने और समाज में समानता का भाव जगाने के पक्ष में है। उन्होंने पीडीए का जिक्र करते हुए कहा, "जितनी पीड़ा बढ़ेगी, उतना ही पीडीए बढ़ेगा।" अखिलेश ने कहा कि संविधान संशोधन के नाम पर किए जाने वाले किसी भी षड्यंत्र का मुकाबला करने के लिए वे सभी एकजुट हैं।

पुरातत्व निदेशालय में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन एवं संकल्प ग्रहण

भारतीय संविधान हमारे अधिकारों का संरक्षक एवं लोकतंत्र का सजग प्रहरी-जयवीर

लखनऊ, संवाददाता। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में संविधान दिवस के अवसर पर आज उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व निदेशालय, लखनऊ में भारतीय संविधान के प्रति सम्मान एवं प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुये संविधान के उद्देशिका का प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। पर्यटन मंत्री ने अपने संदेश में कहा है कि हमारा संविधान सिर्फ एक लिखित दस्तावेज ही नहीं बल्कि हमारे अधिकारों का संरक्षक और लोकतंत्र का सजग प्रहरी है। संविधान हमारे अधिकारों का संरक्षक होने के साथ ही समस्त नागरिकों के कल्याण की भावना को समेटे हुये है। निदेशक रेनू द्विवेदी ने निदेशालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराते हुए संविधान में निहित आदर्शों एवं मूल्यों के अनुरूप आचरण करने तथा राष्ट्र की एकता, अखंडता, संप्रभुता और लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति निष्ठा बनाए रखने का संकल्प दिलाया। पर्यटन मंत्री ने कहा कि हमें संवैधानिक मूल्यों के प्रति आस्था व्यक्त करते हुये देश के निर्माण में जुट जाना चाहिए। संविधान की प्रस्तावना में उल्लिखित न्याय, स्वतंत्रता, समता एवं बंधुता के मूल सिद्धांतों को आत्मसात करने तथा अपने कर्तव्यों का निर्वहन संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। इस अवसर पर निदेशालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

विश्व पर्यावरण संरक्षण दिवस पर डिप्टी सीएम ने किया पौधरोपण

लखनऊ, संवाददाता। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज विश्व पर्यावरण संरक्षण दिवस के अवसर पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने देश एवं प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत प्रत्येक व्यक्ति से अपनी मां के सम्मान में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाने की अपील की। प्रकृति हमारी अमूल्य धरोहर है। इसका संरक्षण करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। जल संरक्षण, वृक्षारोपण और प्राकृतिक संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग हमारी जीवनशैली का हिस्सा बनना चाहिए। प्रत्येक नागरिक अपने स्तर पर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेकर धरती को स्वच्छ, हरित और प्रदूषण मुक्त बनाने में योगदान दे। उन्होंने कहा कि आज लगाया गया एक पौधा और उसकी देखभाल का हमारा छोटा–सा प्रयास आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवनरक्षक सिद्ध होगा। हमें भावी पीढ़ियों को स्वच्छ, सुरक्षित और संतुलित पर्यावरण सौंपने के लिए आज से ही अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी।

बदलाव ने स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों के बीच शुरू किया 'बियॉन्ड द बाउल' अभियान

लखनऊ, संवाददाता। भिक्षावृत्ति में लगे लोगों के पुनर्वास और सामाजिक समावेशन की दिशा में काम करने वाली संस्था बदलाव ने गुरुवार को लखनऊ के राजाजीपुरम स्थित पायनियर मॉन्टेसरी स्कूल में 'बियॉन्ड द बाउल' अभियान की शुरुआत की। पहले सत्र में करीब 150 विद्यार्थी, शिक्षक और अन्य स्कूल कर्मचारी शामिल हुए।'सहानुभूति और गरिमा' के विचार पर आधारित इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों को भिक्षावृत्ति से जुड़ी परिस्थितियों को समझने और इस काम में लगे लोगों को उनकी परिस्थितियों से अलग एक व्यक्ति के रूप में देखने के लिए प्रेरित करना है। सत्र की शुरुआत एक वीडियो से हुई, जिसमें लखनऊ के अलग–अलग इलाकों में भीख मांगते लोगों के दृश्य दिखाए गए। वीडियो देखने के बाद विद्यार्थियों से पूछा गया कि उन्होंने क्या देखा। जवाब में 'भिखारी', 'जरूरतमंद', 'गरीब' और 'बेघर' जैसे शब्द सामने आए। इसके बाद चर्चा हुई कि अक्सर किसी व्यक्ति को उसकी परिस्थिति के आधार पर पहचान लिया जाता है, जबकि उसके जीवन के अनुभव और उसकी कहानी पर ध्यान नहीं दिया जाता। बातचीत के दौरान विद्यार्थियों को अपनी सोच पर विचार करने और यह समझने के लिए प्रोत्साहित किया गया कि किसी व्यक्ति के प्रति हमारा नजरिया और व्यवहार कैसा होना चाहिए। इस दौरान विद्यार्थियों ने बदलाव की एग्जीबिशन गैलरी भी देखी, जहां तस्वीरों और इन्फोग्राफिक्स के माध्यम से संस्था के काम को समझाया गया। इसमें बताया गया कि संस्था भिक्षावृत्ति में लगे लोगों तक कैसे पहुंचती है, उनकी जरूरतों को समझकर उनके पुनर्वास, रोजगार और सरकारी योजनाओं से जोड़ने की दिशा में किस तरह काम करती है। सत्र के अंत में विद्यार्थियों के लिए सहानुभूति और गरिमा थीम पर चित्रकला, कविता और नाटक प्रतियोगिताओं की घोषणा की गई।

स्वरोजगार के विजन पर खरा उतरा आजमगढ़, बलिया दूसरे और रामपुर तीसरे पायदान पर

नौकरी मांगने नहीं, नौकरी देने की राह पर युवा

लखनऊ, संवाददाता। योगी सरकार प्रदेश के युवाओं को नौकरी तलाशने की बजाय रोजगार देने वाला बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) प्रदेश के युवाओं के लिए स्वरोजगार का मजबूत माध्यम बनकर उभर रहा है। योजना के तहत युवाओं को अपना उद्यम स्थापित करने के लिए पांच लाख रुपये तक का ब्याजमुक्त और गारंटीमुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन का नतीजा है कि आजमगढ़ ने ऋण वितरण की प्रगति में 75.69 प्रतिशत के साथ पूरे प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। वहीं बलिया जिले ने 63.11 प्रतिशत प्रगति के साथ प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है जबकि रामपुर 56.50 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर है। आजमगढ़ के जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इसके माध्यम से युवाओं को बैंक ऋण उपलब्ध कराकर छोटे उद्योग, व्यवसाय और स्वरोजगार की गतिविधियां शुरू करने के अवसर दिए जा रहे हैं। खास बात यह है कि पांच लाख रुपये तक के ऋण पर ब्याज और गारंटी की बाध्यता नहीं है, जिससे अपना उद्यम शुरू करने के इच्छुक युवाओं को आर्थिक सहायता प्राप्त करने में सहूलियत मिल रही है। वित्तीय वर्ष 2026–27 में सीएम युवा योजना के तहत ऋण उपलब्ध कराने के लक्ष्य के सापेक्ष आजमगढ़ ने शानदार प्रदर्शन किया है। जिले ने 75.69 प्रतिशत प्रगति दर्ज कर प्रदेश की रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किया है। वहीं पूर्वांचल के ही बलिया ने 63.11 प्रतिशत प्रगति के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा रामपुर 56.50 प्रतिशत के साथ तीसरे, अमरोहा 49 प्रतिशत के साथ चौथे और जौनपुर 48.90 प्रतिशत प्रगति के साथ पांचवें स्थान पर है। इस तरह प्रदेश के शीर्ष पांच जिलों में पूर्वांचल के तीन जिले आजमगढ़, बलिया और जौनपुर शामिल हैं। वाराणसी ने भी



योजना के क्रियान्वयन में बेहतर प्रदर्शन करते हुए 47.37 प्रतिशत प्रगति के साथ प्रदेश में दसवां स्थान हासिल किया है। पूर्वांचल के अन्य जिलों में भदोही 45.41 प्रतिशत के साथ 20वें, मऊ 44.71 प्रतिशत के साथ 22वें, गाजीपुर 41.89 प्रतिशत के साथ 32वें, चंदौली 40.76 प्रतिशत के साथ 38वें, सोनभद्र 40.35 प्रतिशत के साथ 40वें और मीरजापुर 31.13 प्रतिशत प्रगति के साथ प्रदेश में 73वें स्थान पर है। आंकड़े बताते हैं कि पूर्वांचल के कई जिले युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के मामले में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026–27 में 1.50 लाख युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के लिए बैंक ऋण उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रदेशभर में योजना का व्यापक स्तर पर क्रियान्वयन किया जा रहा है। 25 नवंबर तक प्रदेश में कुल 2,08,753 आवेदन प्राप्त हो चुके थे। इनमें से 1,88,611 आवेदन पत्र बैंकों को भेजे गए। बैंकों ने इनमें से 63,215 आवेदन स्वीकृत किए, जबकि 62,671 लाभार्थियों को ऋण उपलब्ध कराया जा चुका है। इस प्रकार प्रदेश में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष ऋण वितरण की कुल प्रगति 41.78 प्रतिशत दर्ज की गई है। प्रदेश में आवेदन प्राप्त होने और उन्हें बैंकों तक पहुंचाने की गति यह दर्शाती है कि युवाओं में अपना उद्यम स्थापित करने को लेकर रुचि बढ़ रही है।

पूर्ववर्ती सरकारों ने संविधान की आत्मा को आपातकाल लगाकर कुचला-केशव

– बाबा साहब का भूमाफिया कहकर किया अपमान

– विपक्ष को प्रदेश की जनता 2027 में चुनाव हराकर करारा देगी जवाब

लखनऊ, संवाददाता। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज लोक भवन में संविधान गौरव दिवस कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के स्मृतिचित्र पर पुष्प अर्पित कर हुआ। इस अवसर पर श्री मौर्य ने संविधान की उद्देशिका का सामूहिक पाठ कर उपस्थित लोगों को संविधान के प्रति निष्ठा एवं उसके मूल्यों के अनुरूप आचरण करने की शपथ दिलाई और वाद–विवाद एवं निबंध प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छह विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया, कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि संविधान गौरव दिवस हम सभी के



लिए गर्व, सम्मान और संकल्प का दिवस है, भारत का संविधान विश्व के सर्वश्रेष्ठ संविधानों में से एक है। इसकी वास्तविक सार्थकता तभी है, जब देश का प्रत्येक नागरिक संविधान की भावना को आत्मसात करे और उसके अनुरूप अपने कर्तव्यों का निर्वहन करे। भारतीय संविधान ने देश के प्रत्येक नागरिक को समान अवसर, अधिकार और सम्मान के साथ आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त किया है, संविधान की शक्ति ही है कि एक आदिवासी परिवार में जन्म लेने वाली बेटी देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद राष्ट्रपति तक पहुंचती है और एक गरीब परिवार में जन्मे चाय बेचने वाले के बेटे को लगातार तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनने का अवसर मिलता है। 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने भारत के संविधान को अंगीकृत किया था, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 26 नवंबर, 2015 से संविधान दिवस के रूप में व्यापक स्तर पर मनाने की शुरुआत हुई, जिन लोगों ने अपने राजनीतिक स्वार्थों के लिए संविधान की मूल भावना को आघात पहुंचाया। श्री मौर्य ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि इन दलों का इतिहास संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनके आचरण से समझा जा सकता है, बाबा साहब के सम्मान और सामाजिक न्याय की बात करने वालों को अपने शासनकाल के कार्यों का भी जवाब देना चाहिए। कन्नौज मेडिकल कॉलेज का नाम बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम से हटाए जाने का उल्लेख करते हुए उन्होंने समाजवादी पार्टी के नेतृत्व से सवाल किया कि बाबा साहब के प्रति सम्मान का दावा करने वाले लोगों ने ऐसा निर्णय क्यों लिया।

संक्षिप्त

पर्यटन मंत्री आज से आगरा, फिरोजबाद, मैनपुरी, फर्रूखाबाद दौरे पर

लखनऊ, संवाददाता। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह 27 नवम्बर के अपराह्न से आगरा, फिरोजबाद, मैनपुरी, तथा फर्रूखाबाद के भ्रमण पर रहेंगे। पर्यटन मंत्री कल अपराह्न से प्रस्थान कर फतेहपुर सीकरी जनपद आगरा पहुंचेंगे वहां मुख्यमंत्री पर्यटन सहभागिता योजना के अन्तर्गत सीकरी में लाईट एवं साउण्ड शो एवं इलुमिनेशन कार्य का लोकार्पण करेंगे अगले दिन 28 नवम्बर को मैनपुरी स्थित ट्रॉजिट हास्टल पीडब्लूडी पुलिस लाईन के सामने जनता की समस्याओं की सुनिवाई करेंगे। मैनपुरी में रामलीला मैदान के चहारदीवारी आदि का लोकार्पण करेंगे। अपराह्न 2.45 बजे थाना शिकोहाबाद फिरोजबाद में बाउण्ड्रीवॉल आदि निर्माण कार्यों के लोकार्पण हेतु आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। बाला जी मंदिर शिकोहाबाद में पर्यटन विकास की परियोजना के लोकार्पण समारोह में शामिल होंगे तथा सांय 5 बजे नवनिर्मित कम्यूनिटी सेन्टर कल्याण मण्डपम, डाक बंगला रसूलपुर, फिरोजाबाद में कल्याण मण्डपम का लोकार्पण करेंगे। शाम को करहल चौराहा, मेन रोड सिरसागंज, फिरोजाबाद में मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होंगे। 29 नवम्बर को पर्यटन मंत्री कैम्प कार्यालय सिरसागंज फिरोजाबाद में आम जनता की समस्याओं की सुनवाई करेंगे। फिरोजाबाद के सिरसागंज में शिव वाटिका, हुसैनपुर बैजुआ तथा अमर शहीद राजेश कुमार जादोंन स्मारक का लोकार्पण करेंगे। ठाकुर जी महाराज मंदिर के पर्यटन विकास की परियोजना का लोकार्पण करेंगे। इसके बाद वनखण्डेश्वर महादेव मंदिर, कोटला थाना नारखी, जनपद फिरोजाबाद में टूण्डला विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत वनखण्डेश्वर महादेव मंदिर कोटला, श्रीराम लीला मैदान कोटला, प्राचीन सनातन मंदिर ग्राम गंगापुर तथा श्री राधाकृष्ण मंदिर ग्राम गौंछ से सम्बन्धित पर्यटन विकास एवं सौन्दर्यीकरण की परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। अपराह्न लगभग 5 बजे फिरोजाबाद में श्री 1008 नेमिनाथ जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे। अगले दिन 30 नवम्बर सोमवार को नारायण वाटिका पंचाल घाट फर्रूखाबाद में एक बैठक को संबोधित करेंगे। इसके उपरान्त दोपहर 12 बजे जनपद के प्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इसके उपरान्त अपराह्न लगभग 2 बजे कलेक्ट्रेट सभागार फर्रूखाबाद में जिले के विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा करेंगे। इसके उपरान्त कलेक्ट्रेट सभागार फर्रूखाबाद में प्रेस प्रतिनिधियों से वार्ता करेंगे। इसके बाद देर शाम लखनऊ पहुंचेंगे।

हम जेल में थे, इसलिए सियार गंगा पार करने लगे-आजम

लखनऊ, संवाददाता। समाजवादी पार्टी का उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 का चुनावी घोषणा पत्र जारी होने से पहले आजम खान ने बड़ा दावा किया है. अखिलेश यादव की प्रेस कॉन्फ्रेंस का हिस्सा बनने के लिए रामपुर से लखनऊ पहुंचे आजम खान ने कहा– श्मुझे अभी तक यह भी नहीं पता कि इसमें क्या है। जो भी होगा, वह समाज की भलाई के लिए होगा, और अच्छा होगा।अगर कोई कमी है, तो हम उसमें सुधार कर सकते हैंम सरकार बननी चाहिए, और जुल्म करने वाला राज खत्म होना चाहिए।आजम खान ने कहा,श्कोई यह न सोचे कि कोई अपने छोटे–मोटे फायदों के लिए हमें या कमजोर तबके को नुकसान पहुंचा सकता है। हम लाचार थे, हम जेल में थे, इसलिए सियार गंगा पार करने लगे क्योंकि नदी सूख गई थी लेकिन अब गंगा फिर से बह रही है। हम पूरी बहुमत से अपनी सरकार बनाएंगे. लोग बहुत परेशान हैं. लोग हिंदू–मुस्लिम झगड़े से तंग आ चुके हैं।अब कोई नहीं चाहते हैं कि उनके बच्चे फंदे पर लटकें. आप जितनी चाहें बड़ी–बड़ी बातें कर लें। जितने चाहें बड़े–बड़े दावे कर लें, लेकिन सच्चाई लोगों के दिलों में बैठ गई है. लोग बहुत डरे हुए हैं, यहां तक कि उनके अपने लोग भी डरे हुए हैं।

संविधान दिवस पर नवयुग कन्या महाविद्यालय में प्रस्तावना का वाचन एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

लखनऊ, संवाददाता। संविधान दिवस के अवसर पर आज 26 नवम्बर 2026 को नवयुग कन्या महाविद्यालय, राजेंद्र नगर, लखनऊ के मतदाता साक्षरता क्लब द्वारा प्राचार्या प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय की अध्यक्षता तथा मतदाता साक्षरता क्लब की नोडल अधिकारी एवं समन्वयक डॉ. (मेजर) मनमीत कौर सोढ़ी के संयोजन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या द्वारा मतदाता साक्षरता क्लब की छात्रा सदस्यों प्रीति कुमारी, आस्था त्रिपाठी, सृष्टि नायक, निकिता सिंह, अनुष्का पटेल, अलीशा, निधि बाजपेई, उरूज, इला सिद्दीकी, सिद्धि वर्मा, नैंसी कश्यप, शुभी सिंह तथा मुस्कान साहू को बैज प्रदान कर किया गया। ये छात्राएँ निरंतर महाविद्यालय में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी छात्राओं के नव मतदाता पंजीकरण में सहयोग कर रही हैं। तत्पश्चात नोडल अधिकारी द्वारा भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की एनसीसी कैडेट्स ने केयरटेकर ऑफिसर डॉ आभा दुबे के निर्देशन में श्हमारा संविधान, हमारी पहचानश विषय पर आकर्षक पोस्टर तैयार किए, जिनके माध्यम से संविधान के महत्व, उसके मूल्यों एवं नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों को प्रदर्शित किया गया। प्राचार्या प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि हमारा संविधान हमें अधिकारों के साथ–साथ कर्तव्यों का भी बोध कराता है। संविधान में निहित लोकतांत्रिक मूल्यों, समानता, स्वतंत्रता एवं न्याय की भावना ही हमारे राष्ट्र की एकता और अखंडता का आधार है। प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह संवैधानिक मूल्यों का सम्मान करते हुए एक जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाए। भारतीय संविधान केवल कानूनों का एक दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह हमारे लोकतंत्र की आत्मा, हमारे अधिकारों का रक्षक और हमारे कर्तव्यों का मार्गदर्शक है। इसकी वास्तविक सफलता तभी है, जब हम केवल संविधान को पढ़ें नहीं, बल्कि उसके मूल्यों को अपने जीवन में भी अपनाएँ। नोडल अधिकारी डॉ. (मेजर) मनमीत कौर सोढ़ी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि हमारे लोकतंत्र की आत्मा और राष्ट्रीय जीवन का आधार है।

एक स्वर में गूंजी संविधान की प्रस्तावना, 63,946 विद्यार्थियों ने लिया संकल्प

संविधान दिवस पर जिले के 179 विद्यालयों में 'संविधान संवाद' कार्यक्रम का आयोजन, विजेता हुए पुरस्कृत

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सिद्धार्थनगरः संविधान दिवस के अवसर पर गुरुवार को जनपद के 179 विद्यालयों में 'संविधान संवाद-एक स्वर, एक संविधान' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित इस अभियान के तहत सुबह नौ बजे एक साथ सभी विद्यालयों में भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन हुआ, जिसमें लगभग 63,946 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। मुख्य कार्यक्रम सकतपुर सनई स्थित जय किसान इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव (तृतीय) ने उपस्थित अधिकारियों, शिक्षकों और छात्र-छात्राओं को संविधान की प्रस्तावना का पाठ कराया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि हर नागरिक को अपने मौलिक अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के प्रति भी





सजग रहना चाहिए। इस दौरान विद्यार्थियों को विधिक जागरूकता और निःशुल्क विधिक सहायता की जानकारी देते हुए संविधान के आदर्शों को जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया गया। मुख्य स्थल पर आयोजित समारोह में जय किसान इंटर कॉलेज के साथ-साथ मुस्लिम इंटर कॉलेज महदेइया के शिक्षक व विद्यार्थी भी शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अनुभव कटियार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव शैलेंद्र नाथ, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल अश्वनी कुमार मिश्र, जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार, जय किसान इंटर कॉलेज के प्रबंधक आनंद प्रकाश श्रीवास्तव तथा प्रधानाचार्य जयराम यादव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अगले चरण में सुबह 11 से दोपहर 12 बजे तक जनपद के चयनित 179 विद्यालयों में संविधान एवं विधिक जागरूकता विषय पर प्रशनेत्तरी प्रतियोगिता आयोजित कर विद्यार्थियों के संवैधानिक ज्ञान को परखा गया। दोपहर एक बजे प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए गए और अव्वल रहने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्राधिकरण के सचिव शैलेंद्र नाथ ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य भावी पीढ़ी में संविधान के प्रति सम्मान बढ़ाना और उनमें विधिक साक्षरता की भावना विकसित करना है।

संविधान दिवस पर जनपद में गूंजा 'एक स्वर, एक संविधान' का संदेश

80 हजार विद्यार्थियों ने किया प्रस्तावना का सामूहिक वाचन

प्रातः काल एक्सप्रेस
ब्यूरो कुशीनगर

कुशीनगर। संविधान दिवस के अवसर पर गुरुवार को माननीय उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश कुशीनगर संजीव कुमार त्यागी के मार्गदर्शन में संविधान संवाद अभियान के अन्तर्गत प्रस्तावना वाचन कार्यक्रम 'एक स्वर, एक संविधान' का आयोजन किया गया।इस अवसर पर न्यायालय परिसर में जनपद के समस्त न्यायिक अधिकारियों द्वारा भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। इसके साथ ही मध्यस्थ अधिवक्ताओं, पैनल लॉयर्स एवं न्यायालय के कर्मचारियों ने भी प्रस्तावना का वाचन कर संविधान के मूल आदर्शों, मूल्यों एवं लोकतांत्रिक सिद्धांतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव भुवन ने बताया कि संविधान संवाद अभियान के अन्तर्गत जनपद के कुल 369 विद्यालयों में शिक्षकगण एवं कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं द्वारा संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 80 हजार विद्यार्थियों ने सहभागिता की। इसके अतिरिक्त जनपद के विद्यालयों में स्थापित विधिक साक्षरता क्लबों के






अन्तर्गत कुल 1,476 लीगल कैडेट्स तैयार किए गए है, जो विद्यार्थियों में विधिक एवं संवैधानिक जागरूकता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।कार्यक्रम के क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव भुवन द्वारा उदित नारायण इंटर कॉलेज, पडरौना में, अपर सिविल जज (जू0डि0) अभिषेक पाण्डेय द्वारा गीता इंटरनेशनल स्कूल, रविन्द्रनगर में, सुश्री ऐश्वर्या यादव द्वारा सेठ एम0आर0 जयपुरिया स्कूल, पडरौना में तथा सिविल जज (जू0डि0)/एफटीसी बृजेन्द्र स्वरूप द्वारा जिन्दल पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों को संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराया गया।इस अवसर पर विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव भुवन ने कहा कि संविधान हमारे लोकतंत्र की आधारशिला है। इसमें प्रत्येक नागरिक के अधिकारों, कर्तव्यों एवं लोकतांत्रिक मूल्यों का उल्लेख किया गया है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से अपील की कि वे अपने अभिभावकों से भारतीय संविधान की पुस्तक उपलब्ध कराने का आग्रह करें तथा उसका अध्ययन कर संविधान द्वारा प्रदत्त अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों की जानकारी प्राप्त करें।

उन्होंने बताया कि संविधान दिवस से पूर्व ही जनपद के प्रत्येक विद्यालय में एक नोडल अधिकारी नामित करते हुए कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं के लिए विधिक साक्षरता क्लब स्थापित किए गए हैं। ये क्लब विद्यालयों में विधिक एवं संवैधानिक जागरूकता को बढ़ावा देने के साथ ही विद्यार्थियों को उनके अधिकारों, कर्तव्यों तथा कानून संबंधी जानकारी प्रदान करने के लिए एक स्थायी मंच के रूप में कार्य करेंगे।

गर्भावस्था में खून की कमी (एनीमिया): एक खामोश खतरा जिसे रोका जा सकता है

लेखिकाः डॉ. भीमी डाइमारी, डॅए, श्ए (स्त्री एवं प्रसूति रोग)

गर्भावस्था एक माँ के लिए खुशी का समय होता है, लेकिन यह शरीर पर बहुत बड़ा बोझ भी डालता है। इस दौरान सबसे आम और सबसे अधिक अनदेखी की जाने वाली समस्याओं में से एक है – खून की कमी, यानी एनीमिया। भारत में बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाएँ पहले से ही खून की कमी के साथ गर्भधारण करती हैं, और यही चुपचाप माँ और बच्चे दोनों के लिए खतरा बन जाता है। अच्छी बात यह है कि इसे आसानी से पहचाना और रोका जा सकता है।



एनीमिया का मतलब है शरीर में हीमोग्लोबिन (खून की लाल कोशिकाओं में मौजूद वह तत्व जो ऑक्सीजन पहुँचाता है) का सामान्य से कम हो जाना। गर्भावस्था में शरीर को अधिक खून बनाने की ज़रूरत होती है, और अगर आयरन (लौह तत्व) की कमी हो, तो यह कमी और गहरी हो जाती है।

किन संकेतों पर ध्यान दें

खून की कमी के लक्षण अक्सर धीरे-धीरे आते हैं, इसलिए इन्हें सामान्य थकान समझकर नज़रअंदाज़ कर दिया जाता है। ध्यान देने योग्य संकेत हैं – लगातार थकान और कमज़ोरी, थोड़ा काम करने पर साँस फूलना, चक्कर आना, दिल की धड़कन तेज़ होना, और चेहरे, आँखों के भीतरी हिस्से तथा नाखूनों का पीला पड़ना। अगर ऐसे लक्षण दिखें, तो इन्हें हल्के में न लें।

यह क्यों खतरनाक है

गंभीर एनीमिया माँ को प्रसव के दौरान और बाद में अधिक रक्तस्राव के खतरे में डाल देता है, क्योंकि उसके शरीर में कोई 'बचत' नहीं बचती। इससे समय से पहले प्रसव, बच्चे का कम वज़न, और माँ में संक्रमण तथा थकावट का खतरा बढ़ जाता है। यही कारण है कि एनीमिया को भारत में मातृ स्वास्थ्य की एक बड़ी, पर रोकी जा सकने वाली चुनौती माना जाता है।

इसे कैसे रोकें

सबसे ज़रूरी कदम है – समय पर और नियमित प्रसव-पूर्व जाँच (ANC) कराना, जिसमें खून की जाँच शामिल हो। आयरन से भरपूर भोजन मदद करता है: हरी पत्तेदार सब्ज़ियाँ, गुड़, दालें, फलियाँ, और (जो खाते हों उनके लिए) अंडा व मांस। आयरन को बेहतर अवशोषित करने के लिए विटामिन-C वाले फल जैसे नींबू, संतरा, आँवला साथ लें। चाय-कॉफ़ी को भोजन के ठीक साथ लेने से बचें, क्योंकि ये आयरन का अवशोषण घटाती है। इसके साथ ही, डॉक्टर की सलाह पर आयरन और फोलिक एसिड की खुराक लेना मानक सलाह है – इसे अपनी जाँच के अनुसार अपने डॉक्टर के परामर्श से ही लें।

डॉक्टर से कब मिलें

यदि थकान, साँस फूलना या चक्कर बढ़ते जाएँ, या जाँच में हीमोग्लोबिन कम आए, तो देर न करें। समय पर पहचान और इलाज से माँ और बच्चा दोनों सुरक्षित रहते हैं। खून की कमी कोई शर्म की बात नहीं, बल्कि एक सामान्य और इलाज-योग्य स्थिति है – बस इसे अनदेखा न करें।

हर गर्भवती माँ इस बात की हकदार है कि उसकी गर्भावस्था सुरक्षित हो। खून की कमी जैसी रोकी जा सकने वाली समस्या पर थोड़ा-सा ध्यान, कई जानें बचा सकता है।

डॉ. भीमी डाइमारी (डॅए, श्ए, स्त्री एवं प्रसूति रोग) होजाई, असम में प्रैक्टिस करती है और दूरदर्शन मेडिकल रिव्यूअर हैं। यह लेख एआई की सहायता से तैयार किया गया और सटीकता के लिए लेखिका द्वारा जाँचा गया।

जाति प्रमाण पत्र में लोनिया के स्थान पर विस्थापित राजपूत दर्ज करने की मांग



मो. फिरोज संवाददाता
प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज । जाति प्रमाण पत्र में लोनिया के स्थान पर विस्थापित राजपूत दर्ज किए जाने की मांग को लेकर चौहान समाज ने आवाज बुलंद की है। समाज के लोगों ने अपनी ऐतिहासिक पहचान, सामाजिक सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए संगठित होकर संघर्ष करने का संकल्प लिया। इस दौरान सम्राट पृथ्वीराज चौहान को अपना पूर्वज बताते हुए समाज की एकजुटता पर विशेष जोर दिया गया।

इसी क्रम में कोरांव तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत नीबी मरलहा स्थित त्रिवेणी नारायण मैरिज हाल में सम्राट पृथ्वीराज चौहान फाउंडेशन के तत्वावधान में समाज की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश सिंह चौहान ने कहा कि चौहान समाज के लोग सम्राट पृथ्वीराज चौहान के वंशज हैं। ऐसे में उनकी ऐतिहासिक पहचान और सामाजिक सम्मान को ध्यान में रखते हुए जाति प्रमाण पत्र में लोनिया के स्थान पर विस्थापित राजपूत दर्ज किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि अपने सामाजिक सम्मान और अधिकारों की लड़ाई के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को एकजुट होना होगा। जब तक लोग संगठित होकर अपनी आवाज बुलंद नहीं करेंगे, तब तक उनकी मांगों को मजबूती नहीं मिलेगी। उन्होंने आह्वान किया कि सभी चौहान साथी कंधे से कंधा मिलाकर इस मुहिम को आगे बढ़ाएं। अभी तो यह अगड़ाई है, आगे और लड़ाई है। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज की वास्तविक ताकत उसकी एकता और मजबूत संगठन में होती है।

संगठन विस्तार के लिए कई पदाधिकारियों को मिली जिम्मेदारी

बैठक के दौरान संगठन को जनपद, तहसील और ब्लॉक स्तर पर मजबूत बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश सिंह चौहान ने विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों की नियुक्ति की घोषणा की। इसमें कालिका सिंह चौहान को प्रयागराज जिलाध्यक्ष, हरिनारायण सिंह को प्रदेश सचिव, रमेश चंद्र सिंह को प्रदेश उपाध्यक्ष तथा अधिवक्ता सिपाही लाल सिंह को स्थानीय विधानसभा अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई।

इसी क्रम में ठाकुर रविन्द्र सिंह को ब्लॉक सचिव, सत्यनारायण सिंह एवं इंद्रदेव सिंह को प्रदेश सलाहकार, हरेराम सिंह को प्रदेश संरक्षक, जय प्रकाश सिंह को प्रयागराज जिला कोषाध्यक्ष, सागर सिंह को तहसील सचिव, महेश कुमार सिंह को तहसील उपाध्यक्ष, संतोष सिंह को कोरांव विधानसभा उपाध्यक्ष तथा सुरेश सिंह एवं लवकुश सिंह को प्रयागराज जिला सचिव नियुक्त किया गया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों से संगठन के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने और समाज के लोगों को एकजुट करने की अपेक्षा जताई। उन्होंने कहा कि पदाधिकारियों की जिम्मेदारी समाज के प्रत्येक व्यक्ति की समस्याओं और आवाज को संगठन के माध्यम से उचित मंच तक पहुंचाना है।

बैठक में सुरेश सिंह, फुलेंद्र सिंह, राजेश कुमार सिंह, शंकर सिंह, पिंटू सिंह, कोटेदार संतोष सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में चौहान समाज के लोग मौजूद रहे। अंत में सभी ने सामाजिक एकता, संगठन के विस्तार और जाति प्रमाण पत्र में अपेक्षित बदलाव की मांग को लेकर सामूहिक रूप से प्रयास जारी रखने का संकल्प लिया।

संविधान दिवस पर कोरांव तहसील परिसर में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। संविधान दिवस के अवसर पर गुरुवार को कोरांव तहसील परिसर में कार्यक्रम आयोजित कर भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। इस दौरान तहसील परिसर स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पुष्पमाला अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी कोरांव ठाकुर प्रसाद सिंह, तहसीलदार अनिल कुमार यादव, अजय पेशकार, राहुल एसटी, संग्रह अनुसेवक कमलेश्वर, बंधु, आशुतोष सोनी, अनिल कुमार, पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष एवं अधिवक्ता रामेश्वर तिवारी तथा अधिवक्ता रोहित तिवारी, सुरेंदर, नाजीर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।इस अवसर पर बाबा



साहेब के योगदान को याद करते हुए भारतीय संविधान के महत्व और उसके मूल आदर्शों के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की बड़ी कार्रवाई, पांच खाद्य प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निलंबित

कमाल खान(ब्यूरो प्रमुख),प्रातःकाल एक्सप्रेस

बलरामपुर। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश के निर्देशन में जनपद में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित किए जाने को लेकर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा कार्रवाई की गई है।सहायक आयुक्त खाद्य-द्वितीय गिरिजेश कुमार दूबे ने बताया कि पूर्व में संचालित अभियानों के दौरान खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण में पाई गई कमियों के संबंध में सुधार सूचना जारी करते हुए संबंधित खाद्य कारोबारियों को 14 दिन का समय प्रदान किया गया था। निर्धारित समयावधि में प्रतिष्ठानों में सुधार नहीं किए जाने पर निमनलिखित पांच खाद्य प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए है।

1. राम मिष्ठान भंडार, चौक बलरामपुर।2. बीकानेर स्वीट्स, वीर विनय चौराहा।3. अमर स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट, वीर विनय चौराहा।

4. ओम स्वीट्स, सिविल लाइन बलरामपुर।5. केसरवानी अनन्भंडार, भगवतीगंज।

अवमानक खाद्य पदार्थों की बिक्री पर 79 हजार रुपये का अर्थदंड

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, बलरामपुर द्वारा अवमानक खाद्य पदार्थों की बिक्री के प्रकरणों में संबंधित खाद्य कारोबारकर्ताओं पर अर्थदंड अधिरोपित किया गया है, जिसका विवरण निमन्वत है–

1. मेसर्स महाकाल इंटरप्राइजेज (सोयाबीन तेल) - 15,000 रुपये।2. मेसर्स भारत स्वीट्स (छेना मिठाई) - 8,000 रुपये।3. मेसर्स भारत स्वीट्स (बेसन) - 10,000 रुपये।4. मेसर्स भारत स्वीट्स (छेना मिठाई) - 8,000 रुपये।5. मेसर्स सात्विक फूड प्रोडक्ट्स (छेना मिठाई) - 10,000 रुपये।6. मेसर्स सात्विक फूड प्रोडक्ट्स (मिल्क केक) - 10,000 रुपये।7. मेसर्स अमन किराना स्टोर (रस्क) - 8,000 रुपये।8. मेसर्स दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति (पनीर) - 10,000 रुपये।

इस प्रकार अवमानक खाद्य पदार्थों की बिक्री के आठ प्रकरणों में कुल 79 हजार रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है।

पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर के नमूने भी जांच में मानकों के विपरीत पाए गए

सहायक आयुक्त खाद्य-द्वितीय ने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर के दो नमूने लिए गए थे। जांच में स्वान ग्लोबल कम्पनी, धरमपुर, भगवतीगंज का नमूना अवमानक तथा आईके फूड एंड बेवरेजेज, जरवा रोड तुलसीपुर का नमूना अवमानक एवं असुरक्षित पाया गया है।

सांसद विजय कुमार दूबे के कर-कमलों से हुआ न्यू मुसहर कॉलोनी का भूमिपूजन, 15 लाभार्थियों को मिले प्रमाण-पत्र

प्रातः काल एक्सप्रेस
ब्यूरो कुशीनगर

कुशीनगर। विकास खण्ड विशुनपुरा के जंगल सिंगापट्टी में प्रस्तावित न्यू मुसहर कॉलोनी का भूमिपूजन कार्यक्रम गुरुवार को मुख्य अतिथि सांसद विजय कुमार दूबे के कर-कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि विधायक मनीष कुमार जायसवाल एवं ब्लॉक प्रमुख/प्रशासक विकास खण्ड विशुनपुरा विन्ध्यवासिनी श्रीवास्तव की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रशासक प्रतिनिधि एवं वरिष्ठ समाजसेवी भीम सिंह ने की।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद विजय कुमार दूबे एवं विधायक मनीष जायसवाल ने न्यू मुसहर कॉलोनी के अन्तर्गत चयनित 15 आवास लाभार्थियों को आवास स्वीकृति प्रमाण-पत्र एवं भूमि आवंटन पत्र प्रदान किए। इस पहल का उद्देश्य पात्र मुसहर परिवारों को आवास एवं भूमि की सुविधा उपलब्ध कराकर उन्हें सुरक्षित आवासीय परिवेश प्रदान करना तथा उनके जीवन स्तर में सुधार लाना है।

कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों ने लाभार्थियों को आवास एवं भूमि आवंटन के प्रमाण-पत्र प्रदान करते हुए उन्हें शासन की



जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक पीयूष कुमार सिंह, उपायुक्त श्रम रोजगार राकेश कुमार सहित विकास विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। विकास खण्ड विशुनपुरा से खण्ड विकास अधिकारी अखण्ड प्रताप, समस्त सहायक विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत सचिव एवं तकनीकी सहायक भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त राजस्व विभाग की ओर से तहसीलदार सदर एवं राजस्व कर्मियों तथा पुलिस प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

सीएमपी डिग्री कॉलेज में संविधान बोध कार्यक्रम आयोजित, विद्यार्थियों ने समझे संवैधानिक मूल्य

45 प्रश्नों की लिखित प्रश्नोत्तरी, व्याख्यान और शपथ के जरिए संविधान के प्रति किया जागरूक

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। संविधान दिवस के अवसर पर 26 नवंबर को सीएमपी डिग्री कॉलेज, प्रयागराज के विधि विभाग के बी.ए. एलएल.बी. ऑनर्स पाठ्यक्रम की ओर से संविधान बोध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें एलएल.बी. ऑनर्स और बी.ए. एलएल.बी. ऑनर्स के सभी सेमेस्टरों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य प्रो. अजय प्रकाश खरे की उस संकल्पना के अनुरूप किया गया, जिसमें विधि शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को कानून के ज्ञान के साथ सहिष्णुता, गरिमा, स्वतंत्रता और न्याय जैसे संवैधानिक मूल्यों से भी जोड़ने पर बल दिया गया।कार्यक्रम के अंतर्गत 45 प्रश्नों की लिखित प्रशनेत्तरी आयोजित हुई। इसमें संविधान सभा के सदस्यों एवं समितियों, संविधान सभा की बहसों में की गई महत्वपूर्ण टिप्पणियों, प्रमुख तिथियों और संविधान निर्माण के मार्गदर्शक सिद्धांतों से जुड़े प्रश्न शामिल रहे। इस दौरान संविधान दिवस पर केंद्रित राज्यसभा टीवी का विशेष कार्यक्रम भी विद्यार्थियों को दिखाया गया।बी.ए. एलएल.बी. ऑनर्स पाठ्यक्रम की समन्वयक रेनू सिंह ने संविधान दिवस की शपथ ली और विद्यार्थियों को भी शपथ दिलाई। डॉ. अनुश्री पांडेय ने नेल्सन मंडेला और आर्थर चास्कलसन के प्रसंगों के माध्यम से संविधानवाद की अवधारणा समझाई। पीयूष कुमारेन्द्र ने भारतीय संविधान की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डाला, जबकि हिमांशु उपाध्याय ने विधि समुदाय के भावी सदस्यों के रूप में विद्यार्थियों के सात महत्वपूर्ण दायित्वों की जानकारी दी।कार्यक्रम में विधि विभाग के संकाय सदस्य रेनू सिंह, पीयूष कुमारेन्द्र,हिमांशु उपाध्याय, विनय तिवारी, संदीप अग्रहरि, डॉ. अनुश्री पांडेय एवं डॉ. प्रमोद कुमार उपस्थित रहे।

संविधान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बाबा साहेब को किया याद



प्रातःकाल एक्सप्रेस

औरैया। संविधान दिवस के अवसर पर गुरुवार को अजीतमल क्षेत्र के ग्राम पंचायत बीघेपुर, ग्राम जगतपुर के अम्बेडकर पार्क में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में भारत के संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए एडवोकेट धर्मा भाई ने नागरिकों को संविधान में निहित मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों की जानकारी दी। रजनीश कुमार सिंह ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया और संविधान के आदर्शों व मूल्यों को जीवन में अपनाने का संकल्प दिलाया। वक्ताओं ने कहा कि भारतीय संविधान देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है। संविधान सभी नागरिकों को समानता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व का अधिकार प्रदान करता है। संविधान दिवस केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों और नागरिक कर्तव्यों को याद करने का अवसर है। कार्यक्रम के अंत में संविधान की रक्षा, देश की एकता-अखंडता बनाए रखने तथा लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान करने का संकल्प लिया गया। साथ ही स्व गणना के विषय में भी लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान ग्राम प्रधान लोकेंद्र सिंह सहित कई गणमान्य लोग व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

इटावा पुलिस ने संविधान की शपथ लेकर दोहराई लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की प्रतिबद्धता

एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को दिलाई संविधान की प्रस्तावना की शपथ

प्रातः काल एक्सप्रेस



इटावा। संविधान दिवस के अवसर पर गुरुवार को रिजर्व पुलिस लाइन में इटावा पुलिस ने भारतीय संविधान के आदर्शों, लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक दायित्वों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना का पाठ कराते हुए संविधान के प्रति निष्ठा और कर्तव्यपरायणता की शपथ दिलाई।इस दौरान पुलिसकर्मियों ने संविधान में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता के मूल सिद्धांतों को आत्मसात करते हुए देश की एकता एवं अखंडता बनाए रखने तथा लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने का संकल्प लिया। एसएसपी ने संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकारों, नागरिकों के कर्तव्यों और विधि के शासन के महत्व पर प्रकाश डाला।उन्होंने निष्पक्ष, पारदर्शी और संवेदनशील पुलिसिंग के माध्यम से प्रत्येक नागरिक के अधिकारों एवं सम्मान की रक्षा सुनिश्चित करने के दायित्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम में संविधान को देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था, सामाजिक न्याय और राष्ट्रीय एकता का आधार बताते हुए उसके मूल आदर्शों का पालन करने का संदेश दिया गया।इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर बबीता सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध संतोष कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीश चन्द्र, क्षेत्राधिकारी नगर अवनीश सिंह सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मायके में हुई मौत, दो साल पहले हुई थी शादी

प्रातः काल एक्सप्रेस

औरैया। बेला थाना क्षेत्र के फतेहपुर गांव स्थित मायके में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। विवाहिता की मौत से परिवार में मातम छा गया। मृतका की शादी लगभग दो वर्ष पहले हुई थी और उसकी एक छोटी पुत्री है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना क्षेत्र के फतेहपुर गांव निवासी उदय नारायण पाल सिंह की पुत्री रोशनी की शादी जनपद फर्रुखाबाद के असगरपुर निवासी पुष्पेंद्र पाल के साथ हुई थी। ससुराल में ही रोशनी की तबियत बिगड गई जिसके बाद 11 नवंबर को पति पुष्पेंद्र उन्हें बीमार हालत में मायके छोड़ गए थे। इसके बाद पिता ने उन्हें तिर्वा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां उपचार के बाद डॉक्टर ने छुट्टी दे दी थी। बताया गया कि देर रात घर पर अचानक रोशनी की तबीयत बिगड़ गई। परिजनों ने उपचार का प्रयास किया, लेकिन उनकी मौत हो गई। परिजनों ने घटना की सूचना डायल 112 पर पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर जांच-पड़ताल की।

वहीं विवाहिता की मौत को लेकर कई सवाल उठ रहे है। फिलहाल मौत की वास्तविक वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। मृतका अपने पीछे मासूम पुत्री को छोड़ गई। महिला की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी निरीक्षक अमर बहादुर सिंह ने बताया है की परिजन की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

मासूम से दरिंदगी की कोशिश करने वाला आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

प्रातःकाल एक्सप्रेस

इटावा। थाना इकदिल क्षेत्र में 4 वर्षीय बच्ची के साथ गलत हरकत के प्रयास के मामले में पुलिस ने महज छह घंटे के भीतर आरोपी को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में आरोपी के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने उसके कब्जे से अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किए है।पुलिस के मुताबिक, 25/26 नवंबर की रात बच्ची शादी समारोह से घर लौट रही थी, तभी आरोपी ने उसे बहलाकर खेत की ओर ले जाकर गलत हरकत का प्रयास किया। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने बीएनएस व पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की।देर रात चेकिंग के दौरान सैयद बाबा देवस्थान के पास पुलिस को संदिग्ध दिखाई दिया। पुलिस के अनुसार, उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी, जिसके जवाब में पुलिस की फायरिंग में वह घायल हो गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान विजय यादव निवासी मोहल्ला कायस्थान, थाना इकदिल के रूप में हुई। मुठभेड़ व अवैध असलहा बरामदगी के मामले में अलग से मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

कंप्यूटर खराब होने से रेलवे स्टेशन पर टिकट वितरण ठप, यात्री परेशान

प्रातःकाल एक्सप्रेस



औरैया। जनपद के कंचौसी रेलवे स्टेशन पर यूटीएस में तकनीकी खराबी आने से टिकट वितरण व्यवस्था पूरी तरह बाधित हो गई। कंप्यूटर खराब होने के कारण यात्रियों को टिकट नहीं मिल पाया और कई यात्रियों को बिना टिकट ही वापस लौटना पड़ा। कंचौसी रेलवे स्टेशन पर अनारक्षित टिकट बिक्री के लिए मात्र एक ही काउंटर है। कंप्यूटर खराब होने से टिकट काउंटर पर यात्रियों की लंबी लाइन लगी रही, लेकिन टिकट न मिलने से यात्रियों को निराश होकर लौटना पड़ा। यात्रियों ने बताया कि काफी देर तक इंतजार के बाद भी टिकट नहीं मिल रहा है, जिससे उनकी यात्रा प्रभावित हो रही है। उन्होंने रेलवे प्रशासन से जल्द कंप्यूटर सही कराकर टिकट वितरण व्यवस्था शुरू कराने की मांग की है। इस संबंध में स्टेशन मास्टर सतीश कुमार ने बताया कि कंप्यूटर सिस्टम में तकनीकी खामी आ गई है, जिसकी जानकारी उच्चाधिकारियों को दे दी गई है। फरक्का एक्सप्रेस और ऊंचाहार एक्सप्रेस से यात्रा करने वाले यात्रियों को कानपुर सेंट्रल, फफूंद, भरथना और इटावा स्टेशन पर ट्रेन रोककर टिकट दिलवाए जा रहे है।

वोट की ताकत समझाने स्कूल पहुंचे डीएम, बोले - लोकतंत्र के दर्शक नहीं, भागीदार बनें युवा

प्रातःकाल एक्सप्रेस



लखीमपुर खीरी। एक वोट की ताकत देश की दिशा और दशा बदलने का सामर्थ्य रखती है। इसी लोकतांत्रिक ताकत का अहसास कराने के लिए डीएम अंजनी कुमार सिंह बुधवार को आजमानी इंटरनेशनल स्कूल पहुंचे। यहां उन्होंने इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं से सीधा संवाद कर उन्हें मताधिकार का महत्व समझाया। डीएम ने कहा कि आगामी 1 जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा फॉर्म-6 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराएं। वोट देना केवल संवैधानिक अधिकार नहीं, बल्कि लोकतंत्र के प्रति नागरिक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है। युवा खुद मतदाता बनें और अपने परिवार व आसपास के पात्र लोगों को भी पंजीकरण के लिए प्रेरित करें। लोकतंत्र की अवधारणा समझाते हुए डीएम ने कहा कि देश का संचालन 'हम भारत के लोग' करते हैं। प्रशासनिक अधिकारी जनता के सेवक है। जनप्रतिनिधियों के चयन की वास्तविक शक्ति जनता के पास है और इस शक्ति का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम उसका वोट है। वर्ष 1989 में मतदान की न्यूनतम आयु 21 से घटाकर 18 वर्ष किए जाने का उद्देश्य युवाओं को भी देश के भविष्य से जुड़े निणर्यों में भागीदार बनाना था। डीएम ने विद्यार्थियों को पियर प्रेशर और संकोच से बाहर निकलकर अपनी बात खुलकर रखने, सवाल पूछने से न हिचकने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों को मतदाता जागरूकता का दूत बनने का संकल्प दिलाया गया।

बैंक ऑफ बड़ौदा कफारा में कैश का संकट, अपने ही पैसे के लिए दिनभर तरसे खातेदार



प्रातःकाल एक्सप्रेस

धौरहरा, लखीमपुर खीरी। बैंक ऑफ बड़ौदा की कफारा शाखा में बुधवार को नकदी संकट ने बैंकिंग व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी। अपने ही खाते में जमा रुपये निकालने पहुंचे सैकड़ों खाताधारकों को पूरे दिन इंतजार के बाद भी नकदी नसीब नहीं हुई। बैंक में कैश खत्म होने की बात कहकर कैश काउंटर बंद कर दिया गया। इसके बाद बैंक पहुंचे ग्राहक परिसर में बैठे-बैठे परेशान होते रहे, लेकिन उन्हें भुगतान नहीं मिल सका। आखिरकार सैकड़ों खातेदार मायूस होकर खाली हाथ घर लौटने को मजबूर हो गए। सुबह करीब दस बजे से ही रुपये निकालने के लिए ग्राहकों की भीड़ जुटने लगी थी। किसी को घरेलू जरूरतों के लिए पैसे चाहिए थे तो किसी को खेती-किसानी, दवा और शादी के लिए। दूर-दराज के गांवों से आए महिला, पुरुष और बुजुर्ग खाताधारक इस उम्मीद में घंटों बैंक में बैठे रहे कि शायद कुछ देर बाद भुगतान शुरू हो जाएगा। लेकिन सुबह से शाम चार बजे तक इंतजार के बाद भी किसी को नकदी नहीं मिल सकी। खाताधारकों का सवाल था कि जब बैंक में नकदी ही उपलब्ध नहीं है तो ग्राहकों को घंटों बैठाकर क्यों रखा गया। बैंक प्रबंधन की जिम्मेदारी है कि ग्राहकों के लिए पर्याप्त नकदी की व्यवस्था पहले से सुनिश्चित करे। खाताधारकों ने उच्चाधिकारियों से मामले का संज्ञान लेकर शाखा में नियमित रूप से पर्याप्त नकदी उपलब्ध कराने और कैश काउंटर का संचालन सुचारु रखने की मांग की है।

काशी नरेश विश्वविद्यालय में संविधान दिवस पर प्रतियोगिताएं हुईः भाषण में सपना प्रजापति, क्विज में अंतिमा पाल विजेता; पोस्टर में अंशुप्रिया प्रथम

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। काशी नरेश विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वावधान में संविधान दिवस पर भाषण, क्विज और पोस्टर प्रतियोगिताएं कराई गईं। विद्यार्थिन्यों ने इनमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। प्रोफेसर अंशु बाला, डॉ. आनंद कुमार सिंह और डॉ. अर्चना सिंह ने भारतीय संविधान के महत्व, लोकतांत्रिक मूल्यों और नागरिकों के अधिकारों व कर्तव्यों पर प्रकाश डाला। भाषण प्रतियोगिता में बीए प्रथम सेमेस्टर की सपना प्रजापति प्रथम रहीं। क्विज में अंतिमा पाल विजेता बनीं। पोस्टर प्रतियोगिता में अंशुप्रिया प्रथम, अनुराग यादव द्वितीय और सन्हा तृतीय रहीं।

कार्यक्रम का समापन भारतीय संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक पाठ से हुआ। अंत में प्राध्यापकों ने विजेताओं को बधाई दी और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

हाईकोर्ट के आदेश पर अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम सख्त, 48 लोगों को नोटिस

तीन दिन में कब्जा हटाने का अल्टीमेटम, नहीं तो चलेगा ध्वस्तीकरण अभियान

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में नगर निगम प्रयागराज ने शहर में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। जलभराव की समस्या दूर करने और यातायात व्यवस्था सुचारु बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के तहत जोन-04 में 48 अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किया गया है।

रिट याचिका संख्या-छः-ए 33377/2026 में पारित आदेश के क्रम में नगर निगम प्रशासन ने सभी जोनों के अधिशासी अभियंताओं और अवर अभियंताओं को सड़कों, फुटपाथों एवं सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे करने वालों को चिह्नित कर कार्रवाई के निर्देश दिए है। इसके अलावा नालों को अवरुद्ध कर स्थायी निर्माण करने और उन पर स्लैब डालने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

इसी क्रम में जोन-04 के अंतर्गत 80 फीट रोड, अल्लापुर और बाघम्बरी गद्दी क्षेत्र में अभियान चलाकर 48 लोगों को नोटिस दिया गया है। नगर निगम ने संबंधित लोगों को तीन दिन के भीतर स्वयं अतिक्रमण हटाने का अल्टीमेटम दिया है। निर्धारित समय में कब्जा नहीं हटाने पर नगर निगम बलपूर्वक ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करेगा। गुरुवार से सभी जोनों में अभियान को और व्यापक स्तर पर चलाने की तैयारी है। नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों से सरकारी भूमि, सड़क, फुटपाथ और नालों पर किए गए अवैध कब्जे तत्काल हटाने की अपील की है। अधिकारियों का कहना है कि अतिक्रमण के कारण नालों की सफाई और जल निकासी प्रभावित होती है, जिससे शहर में जलभराव की समस्या पैदा होती है। नगर निगम ने शहर को स्वच्छ, अतिक्रमण मुक्त और जलभराव से मुक्त बनाने में नागरिकों से सहयोग की अपील की है।

उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में संविधान दिवस पर हुआ प्रस्तावना-पाठ समारोह

महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिलाई संविधान के मूल्यों के प्रति निष्ठा की शपथ

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। संविधान दिवस के अवसर पर गुरुवार, 26 नवंबर को महाप्रबंधक कार्यालय, उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय के संगम ब्लॉक प्रांगण में संविधान दिवस प्रस्तावना-पाठ समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक श्री नरेश पाल सिंह ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ कराया।

समारोह में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एक स्वर में संविधान की प्रस्तावना पढ़ते हुए न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता के आदर्शों के प्रति अपनी निष्ठा दोहराई। साथ ही संविधान में निहित मूल्यों एवं सिद्धांतों के अनुरूप अपने दायित्वों का निर्वहन करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने संविधान की मूल भावना और लोकतांत्रिक व्यवस्था में इसके महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम में प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री मुदित चंद्रा, सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी तथा मुख्यालय के बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। समारोह के माध्यम से संविधान के आदर्शों को आत्मसात करने और राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत बनाने का संदेश दिया गया।



गोवा में सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड का चार दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर संपन्न

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज की ब्रिगेड संख्या-1 एवं 2 के संयुक्त तत्वावधान में चार दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 20 से 23 नवंबर तक मडगांव, गोवा में किया गया। शिविर में अधिकारियों एवं सदस्यों सहित कुल 56 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिदिन सुबह परेड एवं प्रार्थना के बाद विशेषज्ञ प्रशिक्षक सतपाल सिंह के मार्गदर्शन में सैद्धांतिक और व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इसमें प्राथमिक चिकित्सा, सीपीआर, फ्रैक्चर ड्रिल, रक्तस्राव नियंत्रण, घायलों के सुरक्षित स्थानांतरण तथा भीड़ प्रबंधन का अभ्यास कराया गया। अंतिम दिन परेड, क्विज प्रतियोगिता, समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण आयोजित हुआ। समापन समारोह में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं ब्रिगेड के उपायुक्त सुरेंद्र नाथ, अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आशीष अग्रवाल, सहायक मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. परवेज अहमद सहित अनेक अधिकारी व ब्रिगेड पदाधिकारी मौजूद रहे।

पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान शिक्षा के भविष्य पर दिल्ली विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सम्मेलन, 150 से अधिक शिक्षाविदों ने की सहभागिता



प्रातःकाल एक्सप्रेस

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग की शोध पत्रिका 'जर्नल ऑफ लाइब्रेरी एंड इन्फॉर्मेशन साइंस' के स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में गांधी भवन में राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। 'पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान शिक्षाः समस्याएं, संभावनाएं एवं भविष्य' विषय पर आयोजित सम्मेलन में देश के विभिनन हिस्सों से 150 से अधिक शिक्षाविदों, शोधाथिन्यों और पेशेवरों ने सहभागिता की। सम्मेलन का प्रमुख आकर्षण दिल्ली लाइब्रेरी एसोसिएशन के पूर्व कोषाध्यक्ष स्वर्गीय एन.के. गोयल की स्मृति में आयोजित व्याख्यान तथा 'थैर्ह्ह् घ्र्दैर्ंसूदह एमाहम ल्ंूमदह ग्ह्प ङ्ि-2020' पुस्तक का विमोचन रहा। इसके अलावा शोध पत्र प्रस्तुतियों के लिए तीन तकनीकी सत्र आयोजित किए गए।

मुख्य अतिथि जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. रोशन रैना ने व्ध्य्ह के स्वर्ण जयंती वर्ष पर विभाग को बधाई दी और शोध पत्रिका की गुणवत्ता व अकादमिक उत्कृष्टता को मजबूत बनाने के लिए ऐसे आयोजनों को महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. के.पी. सिंह ने दो महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने 'गांधी भवन घोषणा' प्रस्तुत की, जिसे विभाग की आठ दशकों की शैक्षणिक यात्रा को संस्थागत पहचान देने तथा विभागीय एलुमनी एसोसिएशन के औपचारिक गठन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया गया। दूसरी घोषणा में उन्होंने व्ध्य्ह को स्कोपस में अनुक्रमित कराने के लक्ष्य को विभाग की सामूहिक प्राथमिकता बनाने पर जोर दिया। सम्मेलन ने पाठ्यक्रम, शिक्षण पद्धतियों, शोध और व्यावसायिक कौशल को बदलती शैक्षणिक आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित करने की जरूरत को रेखांकित किया।

फ्रेंडशिप कप बास्केटबॉल में मौर्य शूटर्स और रॉयल ब्वॉयज बने विजेता

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। फ्रेंडशिप कप बास्केटबॉल प्रतियोगिता में मौर्य शूटर्स और रॉयल ब्वॉयज ने क्रमशः सीनियर एवं जूनियर वर्ग के खिताब पर कब्जा जमाया। केपी बास्केटबॉल अकादमी में आयोजित प्रतियोगिता में बुधवार को खेले गए सीनियर वर्ग के फाइनल में मौर्य शूटर्स ने रेगिंस को 58-40 अंकों से हराया।। विजेता टीम की ओर से आदित्य पटेल और वंश शर्मा ने 18-18, अनंत मौर्य ने 16, यश ने 4 और अनुशा अग्रवाल ने 2 अंक बनाए। पराजित टीम की ओर से काव्या त्रिपाठी ने 16, ओमजी और शिव ने 10-10 तथा सागर यादव और प्रणव ने 2-2 अंक अर्जित किए। जूनियर वर्ग के फाइनल में रॉयल बॉयज ने पिंक टाइगर 12-10 अंकों से जीत हासिल कर खिताब अपने नाम किया।मुख्य अतिथि केपी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. योगेंद्र सिंह और खेल शिक्षक उमेश खरे ने पुरस्कार वितरित किए। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आदित्य यादव को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, वंश शर्मा को सर्वश्रेष्ठ स्कोरर, अनुशा अग्रवाल को सर्वश्रेष्ठ रिबाउंडर, काव्या त्रिपाठी को सर्वश्रेष्ठ शूटर और अनंत मौर्य को सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर का पुरस्कार मिला। अकादमी के कोच रवि प्रकाश मौर्य ने स्मृति चिह्न देकर अतिथियों का स्वागत किया।

भाजपा की सरकार डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचारों और उनके आदर्शों को लेकर आगे बढ़ रही : पवन गौतम

संविधान गौरव दिवस पर बाबा साहब के विचारों और योगदान को किया याद, पंचतीर्थ विकास की चर्चा



प्रातःकाल एक्सप्रेस

झांसी। भारतीय जनता पार्टी जिला झांसी के तत्वावधान में गुरुवार को भाजपा जिला कार्यालय पर संविधान गौरव दिवस मनाया गया। कार्यक्रम जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल की अध्यक्षता एवं जिला पंचायत अध्यक्ष पवन गौतम के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। इस अवसर पर भारतीय संविधान के महत्व, संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर के योगदान तथा उनके विचारों पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने संविधान के मूल्यों को अपनाने और समाज में समानता एवं सामाजिक समरसता बनाए रखने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष पवन गौतम ने कहा कि 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने भारतीय संविधान को अंगीकृत किया था। यह दिन देश के लोकतांत्रिक इतिहास में विशेष महत्व रखता है। भारतीय संविधान प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व का अधिकार प्रदान करता है। संविधान ने देश के सभी नागरिकों को समान अधिकार देते हुए एक मजबूत लोकतांत्रिक व्यवस्था की नींव रखी है।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचारों और उनके आदर्शों को लेकर आगे बढ़ रही है। बाबा साहब ने समाज के वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष किया। उनके विचार आज भी सामाजिक समानता और न्याय की दिशा में मार्गदर्शन करते हैं। भाजपा सरकार द्वारा दलित समाज के उत्थान, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा और आर्थिक सशक्तीकरण के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है।

पवन गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर को उचित सम्मान देने का कार्य किया गया है। प्रधानमंत्री ने बाबा साहब के जीवन और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान से जुड़े पांच प्रमुख स्थलों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित कराया है। इन पंचतीर्थों के माध्यम से देश की नई पीढ़ी को बाबा साहब के जीवन, संघर्ष, विचारों और सामाजिक परिवर्तन के लिए किए गए कार्यों को जानने का अवसर मिल रहा है।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल ने कहा कि भारतीय संविधान देश की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक व्यवस्था का मजबूत आधार है। संविधान निर्माताओं ने देश के प्रत्येक नागरिक के अधिकारों और हितों को ध्यान में रखकर संविधान का निर्माण किया। उन्होंने कहा कि संविधान का सम्मान करना और उसमें निहित मूल्यों को अपने जीवन में अपनाना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।इस अवसर पर जिला महामंत्री डॉ अनिल राज, यशोदा कुशवाहा, चंचल कंठरिया, यज्ञेश यादव, उदय लुहारी, दीपक त्रिपाठी, मनीष कोरी,कृष्णचंद्र तिवारी, प्रथम कनौजिया, अंकित शिवहरे,जय प्रकाश पाल, अशोक कुमार, रविकांत आर्य, नगेंद्र प्रताप, आदि उपस्थित रहे। संचालन जिला महामंत्री बद्री त्रिपाठी ने किया।

संविधान हमारा गौरव और लोकतंत्र हमारी शक्ति : सांसद अनुराग शर्मा

कृषि विश्वविद्यालय में संविधान गौरव दिवस मनाया, विद्यार्थियों को दिलाई संविधान के सम्मान और राष्ट्रसेवा की शपथ

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झाँसी। रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय में गुरुवार को संविधान गौरव दिवस उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झाँसी-ललितपुर सांसद अनुराग शर्मा ने कहा कि संविधान देश की एकता, समानता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व का आधार है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में देश के 28 राज्यों से विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। ये युवा देश का भविष्य और भावी नेतृत्वकर्ता है। कृषि वैज्ञानिकों एवं विद्यार्थियों की खाद्य सुरक्षा और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने ज्ञान का उपयोग किसानों और देश के कल्याण के लिए करने तथा संविधान के मूल्यों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान, पंच तीर्थ तथा संविधान निर्माण में झाँसी के पंडित रघुनाथ विनायक धुलेकर और पंडित कृष्णचन्द्र शर्मा की भूमिका का उल्लेख किया। साथ ही सभी को संविधान के सम्मान और नागरिक कर्तव्यों के निर्वहन की शपथ दिलाई।

अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति प्रो. अशोक कुमार सिंह ने कहा कि संविधान भारत जैसे विविधताओं वाले देश को एक सूत्र में बांधने वाला सर्वोच्च मार्गदर्शक दस्तावेज है। यह प्रत्येक नागरिक को समान अवसर, सम्मान और न्याय प्रदान करने की भावना को मजबूत करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से संविधान के आदर्शों को आत्मसात कर राष्ट्र की उन्नति में योगदान देने का आह्वान किया। इस दौरान उन्होंने संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया।निदेशक शिक्षा डॉ. अनिल कुमार ने स्वागत संबोधन में संविधान को लोकतंत्र की आत्मा और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक बताया। उन्होंने संविधान निर्माण की ऐतिहासिक प्रक्रिया तथा डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान पर प्रकाश डालते हुए झाँसी के पंडित रघुनाथ विनायक धुलेकर एवं पंडित कृष्णचन्द्र शर्मा की भूमिका का



उल्लेख किया। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक और कर्तव्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहने की अपील की।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों सत्य और प्रभव ने 'संविधान : एक संवाद' विषय पर प्रभावशाली मंचीय प्रस्तुति दी। उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 19 और 21 के माध्यम से समानता, स्वतंत्रता, जीवन के अधिकार और भेदभाव से संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं को प्रस्तुत किया। साथ ही कृषि, खाद्य सुरक्षा, किसान सम्मान और ग्रामीण विकास को सामाजिक एवं आर्थिक न्याय से जोड़ते हुए संविधान के महत्व को रेखांकित किया।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर, मां सरस्वती और महारानी लक्ष्मीबाई के चित्रों पर माल्यार्पण कर किया गया। कुलपति ने सांसद अनुराग शर्मा का शॉल एवं विश्वविद्यालय के उत्पाद और स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया। डॉ. अर्तिका सिंह ने कार्यक्रम का संचालन एवं आभार व्यक्त किया। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिकारी, विभागाध्यक्ष, वैज्ञानिक, शिक्षक, विद्यार्थी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

भक्ति जागृत होने से मिटता है अहंकारः दिवाकर महाराज

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झांसी। सिद्धेश्वर बालाजी धाम ट्रस्ट एवं राय परिवार हंसारी के तत्वावधान में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय दिवस का प्रसंग सुनाते हुए श्रीधाम ओरछा से पधारे कथा व्यास दिवाकर महाराज ने पुण्य कम होने से ही मनुष्य परेशानी में घिर जाता है। इसलिए वेदपाठ करते रहने हृदय में भगवान की भक्ति जागृत रहती



है।श्रीमद भागवत को कल्पवृक्ष का पका हुआ फल बताते हुए वे कहते है इस फल में त्यिघने लायक कुछ भी नहीं है इसलिए जब तक सभी दुख दूर न हो जायें तब तक इसका रसपान करते रहो। सनक, सनत और सनंदन कुमारों के साथ नारद जी के वार्तालाप का प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने कहा कि काशी ज्ञान, वृंदावन भक्ति और अयोध्या वैराग्य की नगरी है। भगवान से जब भी कुछ मांगने का मौका मिले तो संसार की क्षणिक सुख देने वाली यश तथा आराम देने वाली वस्तुएं न मांगकर स्वयं भगवान को अर्थात उनकी भक्ति को मांगना चाहिए। माता कुंती भगवान कृष्ण से कहती है कि सुख से अच्छा तो दुख ही ठीक है क्योंकि दुख में उन्हें भगवान का स्मरण होता रहता है किंतु सुख में हम भगवान को भूल कर अपनी सांसारिक माया में ही खोये रहते है। वे कहते हैं कि जब प्राणी परमात्मा के प्रति समर्पण का भाव बना लेता है और सत्कर्म करता है तो फिर उसके भीतर का अहंकार खत्म हो जाता है और उसे प्रभु की कृपा प्राप्त होने लगती है। द्वितीय दिवस हनुमान अंश के डायरेक्टर के माता पिता श्रीमती सुधा शशीकांत चतुर्वेदी कथा श्रवण हेतु पधारे और भागवताचार्य का माल्यार्पण कर शुभाशीष प्राप्त किया??। मुख्य यजमान ने उनका पट्टिका पहनाकर अभिनंदन किया।इस मौके पर अमित राय, नरेश महाजन, संतोष राय प्रधान, के.के. राय भांजे, निखिल राय, अरविंद राय , के के राय, जितेंद्र राय फौजी, सोनू राय,आनंद राय, रवि राय,बबलू राय, किशन यादव,शैतान सिंह ,सूरज यादव फौजी , शिवम राय, रतन्श राय, अतुल राय, रवींद्र राय, आदि मौजूद रहे। अंत में कार्यक्रम आयोजक नितेंद्र रघुवीर राय ने सभी का आभार व्यक्त किया।हसारी में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पाण्डाल में बतौर अतिथि जब हनुमान अंश के डायरेक्टर के माता-पिता श्रीमती सुधा शशीकांत चतुर्वेदी के कथा पाण्डाल में प्रवेश करते ही मंच से भजन गूंजा'मैंने तेरे ही भरोसे हनुमान सागर में नैया बार दई...उसी क्षण पाण्डाल में बैठे श्रद्धालुओं ने उठकर करतल ध्वनि से चतुर्वेदी दम्पति का गर्मजोशी से स्वागत वहीं मंच पर पहुंचते ही कार्यक्रम आयोजक पूजा नितेंद्र रघुवीर राय ने धर्म पट्टिका पहनाकर उनका अभिनंदन किया।

संविधान दिवस पर समाजवादी छात्रसभा ने बाबा साहब को किया नमन, प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झांसी। संविधान दिवस के अवसर पर 26 नवंबर को बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में समाजवादी छात्रसभा द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर को नमन किया गया। नीतेश यादव के नेतृत्व में छात्रसभा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पार्पण एवं माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।इस अवसर पर उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं संगठन के सदस्यों ने भारतीय संविधान के निर्माण में बाबा साहब के अतुलनीय योगदान को याद किया। साथ ही संविधान में निहित समानता, स्वतंत्रता, न्याय एवं बंधुत्व जैसे मूलभूत आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया।कार्यक्रम के दौरान समाजवादी छात्रसभा के सदस्यों ने बाबा साहब के विचारों को याद करते हुए संविधान की गरिमा, लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक समानता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।इस मौके पर रविंद्र जाटव, हिमांशु यादव, राजवीर, अभिषेक, शिवम कुशवाहा, अतुल एवं परमजीत सिंह सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

मेधावी छात्राओं का विधायक राजीव सिंह पारीछा ने किया सम्मान

बेटियों की शिक्षा और आत्मनिर्भरता से ही बनेगा सशक्त समाज : राजीव सिंह पारीछा

प्रातःकाल एक्सप्रेस



झांसी। चिरगांव स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मेधावी छात्राओं के सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बबीना विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजीव सिंह पारीछा उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार की ओर से मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया।कार्यक्रम के दौरान विधायक राजीव सिंह पारीछा ने उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करने वाली मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया। उन्होंने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा समाज और राष्ट्र के सर्वांगीण विकास का सबसे सशक्त माध्यम है। आज बेटियां अपनी प्रतिभा, लगन और कठिन परिश्रम के बल पर प्रत्येक क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। बेटियों को बेहतर शिक्षा, आत्मनिर्भरता और आगे बढ़ने के समान अवसर उपलब्ध कराना हम सभी की जिम्मेदारी है।उन्होंने छात्राओं को जीवन में बड़े लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें हासिल करने के लिए निरंतर मेहनत करने की प्रेरणा दी। साथ ही कहा कि छात्राएं अपनी सफलता के माध्यम से माता-पिता, गुरुजनों और विद्यालय का गौरव बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि देश का भविष्य शिक्षित और संस्कारवान युवा पीढ़ी के हाथों में है।समारोह में विद्यालय के प्रबंधक, प्रधानाचार्य, शिक्षकगण, अभिभावक एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंत में विद्यालय परिवार ने मुख्य अतिथि विधायक राजीव सिंह पारीछा के प्रति आभार व्यक्त किया।

झाँसी मंडल में संविधान दिवस पर संविधान की उद्देशिका का सामूहिक पाठ

रेल कर्मियों ने संवैधानिक मूल्यों एवं नागरिक कर्तव्यों के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झाँसी। उत्तर मध्य रेलवे के झाँसी मंडल में संविधान दिवस के अवसर पर 26 नवंबर को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भारतीय संविधान की उद्देशिका का सामूहिक पाठ कराया।

कार्यक्रम के दौरान मंडल रेल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार ने संविधान की उद्देशिका के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संविधान हमारे लोकतंत्र की आधारशिला है। यह प्रत्येक नागरिक को न्याय, स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुता जैसे मूल्यों के प्रति जागरूक करता है। उन्होंने रेलकर्मियों से संविधान में निहित



आदर्शों एवं मूल्यों को अपने कार्य और व्यवहार में अपनाने तथा अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं जिम्मेदारी के साथ करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रास्ट्रक्चर) प्रेम प्रकाश शर्मा, अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) नंदीश शुक्ला, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. केएस मिश्रा, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक अतुल यादव, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा, वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक डीके मीणा, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक सत्य साधन सिंह, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी गिरीश कंचन, सहायक सुरक्षा आयुक्त केएल तिवारी, जनसंपर्क अधिकारी मनोज कुमार सिंह, सहायक कार्मिक अधिकारी (कल्याण) आदेश कुमार मिश्रा, सहायक कार्मिक अधिकारी (संरक्षा) एके मीणा, सहायक अभियंता (विद्युत) अनिरुद्ध शुक्ला सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का उद्देश्य रेलकर्मियों में संवैधानिक मूल्यों, लोकतांत्रिक आदर्शों तथा नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इन मूल्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को और मजबूत करना रहा।

संविधान लोकतंत्र की आधारशिला, इसके आदर्शों को आत्मसात करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व : मंडलायुक्त कृष्ण कुमार

मंडलायुक्त ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिलाई शपथ

प्रातःकाल एक्सप्रेस



झांसी। संविधान दिवस के अवसर पर गुरुवार को आयुक्त कार्यालय के सभागार में मंडलायुक्त कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में संविधान दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान मंडलायुक्त सहित उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया और संविधान के मूल्यों एवं आदर्शों के प्रति निष्ठा रखने की शपथ ली।इस अवसर पर मंडलायुक्त कृष्ण कुमार ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराते हुए कहा कि भारतीय संविधान हमारे लोकतंत्र की आधारशिला है। संविधान ने देश के प्रत्येक नागरिक को न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व का अधिकार एवं आदर्श प्रदान किए हैं। उन्होंने कहा कि संविधान में निहित इन मूल्यों को आत्मसात करना और उनका पालन करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। संविधान के आदर्श ही देश की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाते हैं।मंडलायुक्त ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें अपने दैनिक कार्यों और दायित्वों के निर्वहन में भी संवैधानिक मूल्यों का विशेष ध्यान रखना चाहिए।कार्यक्रम में अपर आयुक्त न्यायिक प्रियंका सिंह, एडी सूचना सुरजीत सिंह, प्रशासनिक अधिकारी जसवंत चौरसिया, वैयक्तिक सहायक फिरोजा, पेशकार नईम, एओ मोहम्मद रहीस, टेकनीशियन गौरव, चंदा विश्वकर्मा, काजल तिवारी, मनीष, राजकुमार सहित आयुक्त कार्यालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

भेल से सेवानिवृत्त जेपी वर्मा और अवध बिहारी सिंह को दी भावभीनी विदाई

39 और 35 वर्षों तक संस्थान को दी सेवाएं, पटेल सेवा संस्थान ने किया सम्मानित

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झांसी। भेल झांसी से सेवानिवृत्त हुए पटेल सेवा संस्थान के वरिष्ठ सदस्य जेपी वर्मा एवं अवध बिहारी सिंह को भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर भेल के मुख्य द्वार पर पटेल सेवा संस्थान के सदस्यों ने दोनों सेवानिवृत्त कर्मचारियों का माला पहनाकर स्वागत किया। संस्थान के वरिष्ठ सदस्यों ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा भेंट की।

संस्थान के अध्यक्ष पटेल कुंवर वीरेंद्र निरंजन ने बताया कि जेपी वर्मा ने भेल में अपने 39 वर्षों के सेवाकाल के दौरान लोको, पावर वाइंडिंग, एसपीसी स्टोर सहित विभिन्न विभागों में महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान कीं। वहीं अवध बिहारी सिंह ने अपने 35 वर्षों के सेवाकाल में



लोको, ट्रैक्शन ट्रांसफार्मर सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया।संस्थान की ओर से दोनों सेवानिवृत्त सदस्यों को जीवन की दूसरी पारी की शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ, सुखी एवं परिवार सहित प्रसन्न रहने की कामना की गई।इस अवसर पर संस्थान के वरिष्ठ सदस्य वीरेंद्र कुमार, ओपी निरंजन, श्रवण कुमार पटेल, बेनी प्रसाद वर्मा, कमलेश निरंजन, महेंद्र सिंह निरंजन, दिनेश सिंह, रोहित पटेल, शिवकुमार पटेल, महेंद्र कुमार सिंह, कमलजीत सचान, अवधेश निरंजन, कमलेश सिंह, संतोष सिंह निरंजन, वंशराज पटेल, देवेंद्र निरंजन सहित भेल झांसी के कर्मचारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन संस्थान के अध्यक्ष पटेल कुंवर वीरेंद्र निरंजन ने किया तथा उपस्थित जनसमूह का आभार महामंत्री पटेल राजेश सचान ने व्यक्त किया।

सनराइज मॉडर्न स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झाँसी। आईटीआई स्थित सिद्धेश्वर नगर के सनराइज मॉडर्न स्कूल में आसरा सोसायटी के तत्वावधान में चित्रकला प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपनी रचनात्मकता, कल्पनाशक्ति और कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी एवं सहकारी बैंक झाँसी के डायरेक्टर आशीष उपाध्याय तथा समाजसेवी डॉ. विजय पहाड़िया उपस्थित रहे। अतिथियों ने बच्चों की कलाकृतियों की सराहना करते हुए कहा कि चित्रकला बच्चों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। इससे बच्चों की रचनात्मक सोच, कल्पनाशक्ति और आत्मविश्वास को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने बच्चों को स्वयंसेवा से लेकर देशसेवा तक अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी बच्चों को प्रमाण-पत्र, मेडल एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। अतिथियों ने कहा कि बच्चों की प्रतिभा को पहचानकर उन्हें प्रोत्साहित करना आवश्यक है, जिससे वे भविष्य में अपनी क्षमताओं का बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

इस अवसर पर राशि साहू, ऐश्वर्या श्रीवास्तव, प्रियांशी, खुशी, सीमा सैनी, नेहा, राघवेंद्र मालवीय, सुमित कुमार, हिमांशु मिश्रा एवं प्रिंस बिन्द सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। विद्यालय की डायरेक्टर कीर्ति एवं निशांत वर्मा ने मुख्य अतिथियों के साथ ही पूजा शर्मा, बंटी शर्मा एवं आसरा सोसायटी के समस्त सदस्यों का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों एवं अन्य गणमान्य नागरिकों की सहभागिता रही। आसरा सोसायटी की ओर से कहा गया कि बच्चों की प्रतिभा को पहचानना, उन्हें प्रोत्साहित करना और समाजसेवा एवं देशसेवा के लिए प्रेरित करना ही उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है।

न्यायालय में 'एक स्वर, एक संविधान' कार्यक्रम, न्यायिक अधिकारियों ने किया प्रस्तावना का सामूहिक पाठ

प्रातःकाल एक्सप्रेस



मुजफ्फरनगर। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में संविधान दिवस के अवसर पर जनपद न्यायालय मुजफ्फरनगर के सेंट्रल हॉल में शाम 4:30 बजे 'एक स्वर, एक संविधान' के अंतर्गत प्रस्तावना का सामूहिक पाठ एवं 'संविधान पर संवाद' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष राजीव कमल पाण्डेय के निर्देशन में सचिव डॉ. सत्येन्द्र कुमार चौधरी द्वारा कराया गया। कार्यक्रम में जनपद न्यायाधीश राजीव कमल पाण्डेय, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय रजनीश कुमार, अपर जिला जज डॉ. विजय कुमार सहित अन्य न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सिविल जज (सीनियर डिवीजन) एवं (जूनियर डिवीजन) सहित जनपद के अन्य न्यायिक अधिकारी भी मौजूद रहे। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के समस्त कर्मचारीगण तथा जनपद न्यायालय के तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों ने भी सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक पाठ के माध्यम से संविधान में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता के मूल आदर्शों के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

संविधान दिवस पर मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने किया डॉ. आंबेडकर मूर्ति जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण योजना का शुभारंभ

प्रातःकाल एक्सप्रेस



मुजफ्फरनगर। संविधान दिवस के अवसर पर प्रदेशभर में डॉ. बी.आर. आंबेडकर मूर्ति जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण योजना का शुभारंभ किया गया। इसी क्रम में मुजफ्फरनगर में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने नारियल फोड़कर योजना के अंतर्गत चयनित स्थलों पर महापुरुषों की प्रतिमाओं के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर संत शिरोमणि गुरु रविदास मंदिर, फैयाजपुरा में श्रद्धासुमन अर्पित कर बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर को नमन किया गया। कार्यक्रम में लखनऊ स्थित लोक भवन से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा योजना के प्रदेशव्यापी शुभारंभ एवं उनके संबोधन का सजीव प्रसारण भी देखा गया।कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री ने उपस्थित लोगों को संविधान की उद्देशिका का सामूहिक पाठ कराया। उन्होंने कहा कि संविधान हमारे लोकतंत्र की आत्मा है। संविधान में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता के मूल्यों को अपनाकर ही एक सशक्त समाज और मजबूत राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर, संत शिरोमणि गुरु रविदास और महर्षि वाल्मीकि के विचार समाज को शिक्षा, समानता, स्वाभिमान, सामाजिक समरसता और मानवता का संदेश देते है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गंभीर सिंह ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में 'हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान' और 'संविधान की रक्षा, देश की सुरक्षा' जैसे नारों के माध्यम से लोगों को संवैधानिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया गया।

रेलवे ट्रैक के किनारे मिली जिंदगी की जंग लड़ती नवजात बालिका, चाइल्ड हेल्पलाइन की त्वरित कार्रवाई से मिला सुरक्षा का साया

प्रातः काल एक्सप्रेस



सोनभद्र। मानवता को झकझोर देने वाली एक घटना में ग्राम कुरा, चुर्क, रॉबर्ट्सगंज क्षेत्र में रेलवे ट्रैक के किनारे एक नवजात बालिका मिलने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही चाइल्ड हेल्पलाइन, सोनभद्र की टीम ने डायल 112 पुलिस टीम के सहयोग से नवजात बालिका को सुरक्षित रेस्क्यू किया। जिलाधिकारी के संरक्षण एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशन में सूचना प्राप्त होते ही चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम सक्रिय हो गई। परियोजना समन्वयक मुकेश कुमार सिंह, सुपरवाइजर अंशु गिरि एवं सुधा गिरि तथा डायल 112 की पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची।

रेस्क्यू के उपरांत नवजात बालिका को आवश्यक चिकित्सकीय परीक्षण एवं उपचार के लिए अस्पताल, रॉबर्ट्सगंज में भर्ती कराया गया। वर्तमान में बालिका चिकित्सकों की देखरेख में है। परियोजना समन्वयक मुकेश कुमार सिंह ने जनसामान्य से अपील करते हुए कहा कि यदि कहीं भी कोई नवजात शिशु अथवा बच्चा लावारिस, असुरक्षित, परित्यक्त या किसी संकटपूर्ण परिस्थिति में दिखाई दे, तो उसे नजरअंदाज न करें। तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 अथवा पुलिस हेल्पलाइन 112 पर सूचना दें।

अपहरण के दोषी अजीत कुमार को 8 साल की सजा

प्रातः काल एक्सप्रेस

सोनभद्र। करीब 6 वर्ष पूर्व 13 वर्षीय नाबालिग लड़की के अपहरण के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी/सीएडब्लू बिपिन कुमार तृतीय की अदालत ने बृहस्पतिवार को दोषी अजीत कुमार को 8 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। उसके ऊपर 25 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर 2 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक हाथीनाला थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता के पिता ने 13 नवंबर 2020 को थाने में तहरीर दी थी कि उसकी 13 वर्षीय नाबालिग बेटी को 10 नवंबर 2020 की रात करीब 10 बजे अजीत कुमार पुत्र अम्बिका प्रसाद निवासी ग्राम बेलहत्थी टोला रानीताली बहला-फुसलाकर भगाकर ले गया है। इस तहरीर पर हाथीनाला पुलिस ने अपहरण की एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू की थी। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषी को सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील सत्यप्रकाश तिवारी ने बहस की।

मंडल रेल प्रबंधक ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिलाई संविधान की शपथ

डीआरएम रजनीश अग्रवाल ने संविधान के आदर्शों और मौलिक कर्तव्यों के पालन का किया आह्वान



प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। संविधान दिवस के अवसर पर 26 नवंबर को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, प्रयागराज में समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक रजनीश अग्रवाल ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना में निहित आदर्शों एवं मूल्यों के प्रति निष्ठा रखने तथा मौलिक कर्तव्यों के पालन की शपथ दिलाई। इस अवसर पर डीआरएम रजनीश अग्रवाल ने कहा कि भारतीय संविधान देश के लोकतंत्र की आधारशिला है। यह प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व के मूल्यों की गारंटी देने के साथ देश की एकता एवं अखंडता बनाए रखने की प्रेरणा देता है।उन्होंने कहा कि संविधान दिवस हमें संविधान निर्माताओं के योगदान और उनके दूरदर्शी विचारों का स्मरण कराता है। एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में संवैधानिक मूल्यों का पालन करना और अपने कर्तव्यों का ईमानदारी एवं निष्ठा से निर्वहन करना हम सभी का दायित्व है।

2008 में खरीदे प्लॉट को लेकर विवाद, पीड़ि परिवार ने मीडिया क्लब ऑफ इंडिया पहुंच लगाई न्याय की गुहार

प्रातःकाल एक्सप्रेस



मुजफ्फरनगर। रतनपुरी थाना क्षेत्र के ग्राम रियावली नगला निवासी पीड़ित परिवार ने अपने प्लॉट पर मालिकाना हक को लेकर चल रहे विवाद और कथित मारपीट के मामले में न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित परिवार ने मीडिया क्लब ऑफ इंडिया के कार्यालय पहुंचकर प्रेस वार्ता की और अपनी आपबीती पत्रकारों के सामने रखी। प्रेस वार्ता में सैय्याद पुत्र रियासत ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2008 में ग्राम रियावली नगला स्थित खसरा संख्या 2069 में दिलशाद पुत्र जफर से लगभग चार लाख रुपये में एक प्लॉट खरीदा था। उस समय आपसी सहमति से पैसों का लेनदेन कर सौदा किया गया था, लेकिन किसी कारणवश उसकी विधिवत रजिस्ट्री नहीं हो सकी।? सैय्याद का आरोप है कि वर्ष 2019 में दिलशाद की मृत्यु के बाद उनके परिवार के लोगों ने प्लॉट को लेकर विवाद शुरू कर दिया। उनसे दोबारा पैसों की मांग की जा रही है और मांग पूरी नहीं होने पर प्लॉट किसी अन्य व्यक्ति के नाम बेचने की बात कही जा रही है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि बीते सोमवार को हसीन, भूरा और मतीन पुत्रगण दिलशाद कथित रूप से उनके घर पहुंचे और लाठी-डंडों से मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी। घटना की सूचना पुलिस को दिए जाने के बावजूद अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं होने का भी आरोप लगाया गया है।? पीड़ित सैय्याद एवं गुलशन खातून ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने तथा जांच पूरी होने तक विवादित प्लॉट की किसी अन्य व्यक्ति के नाम रजिस्ट्री नहीं किए जाने की मांग की है।

सपा कार्यालय लोहिया ट्रस्ट पर मनाया गया संविधान दिवस

प्रातः काल एक्सप्रेस



मीरजापुर । समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट पर कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अशोक यादव के निर्देशानुसार संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर संविधान की शपथ ली गई तथा गोष्ठी आयोजित कर संविधान पर विस्तृत चर्चा की गई। इस मौके पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि संविधान दिवस हमें याद दिलाता है कि भारत की एकता, अखंडता और लोकतंत्र की असली ताकत उसका संविधान है। प्रत्येक भारतीय को संविधान के मूल्यों का सम्मान करना चाहिए और एक जिम्मेदार नागरिक बनने का संकल्प लेना चाहिए। भारत में हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है। यह दिन देश के इतिहास में बेहद महत्वपूर्ण स्थान रखता है, क्योंकि इसी तारीख को वर्ष 1949 में संविधान सभा ने भारतीय संविधान को अपनाया था। इसके निर्माण में डॉ. भीमराव अंबेडकर की महत्वपूर्ण भूमिका रही थी। इस मौके पर मुन्ने यादव, सुरेंद्र सिंह पटेल, राजेश भारती, आदर्श यादव, संतोष गोयल, मेवालाल प्रजापति, परवीन बानो, ज्योति गुप्ता, झल्लू यादव, कन्हैया यादव, संतोष यादव, डॉ. शक्ति श्रीवास्तव, वीरेंद्र यादव, रामजी यादव, कृपाशंकर जायसवाल, सलीम बादशाह, राजू पासी, अजय यादव, आशीष कोल, उपेंद्र तिवारी आदि मौजूद रहे।

भदोही में संविधान दिवस पर प्रस्तावना का सामूहिक पाठ, मुख्य विकास अधिकारी ने कहा- संविधान नागरिकों को एकता के सूत्र में बांधता है

प्रातःकाल एक्सप्रेस



भदोही। संत रविदास नगर भदोही में 'हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान' अभियान के तहत संविधान दिवस मनाया गया। विकास भवन सभागार समेत जिले के सरकारी कार्यालयों, तहसीलों, विकास खंडों, नगरीय निकायों, ग्राम पंचायतों और शिक्षण संस्थानों में लखनऊ के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविन्द शुक्ला ने संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया। बाल गोविन्द शुक्ला ने कहा कि संविधान सभा ने 26 नवंबर 1949 को भारतीय संविधान को अंगीकार किया था। इसी दिन की याद में हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है। संविधान नागरिकों को एकता के सूत्र में बांधता है। प्रस्तावना में दिए न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता के आदर्श लोकतंत्र की नींव हैं। जिलाधिकारी शुभांगी शुक्ला ने कहा कि संविधान दिवस का उद्देश्य नागरिकों को संविधान के मूल्यों के प्रति जागरूक करना और लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना है।

भोपा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 10 वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर। जनपद में वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना भोपा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 10 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय के निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अक्षय संजय महाडीक के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी भोपा राधारमण सिंह और थाना प्रभारी भोपा आशुतोष कुमार के नेतृत्व में की गई।

पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार अभियुक्त अलग-अलग मुकदमों में न्यायालय से जारी वारंट के तहत वांछित थे। कार्रवाई में उपनिरीक्षक विवेक चौधरी, उपनिरीक्षक श्रीनिवास तथा कांस्टेबल चन्द्रशेखर यादव, रोबिन सिंह, अरविन्द कुमार और विनोद कुमार शामिल रहे।

पॉक्सो पीड़िता ने फरार आरोपी की गिरफ्तारी को डीसीपी से लगाई गुहार

प्रातःकाल एक्सप्रेस

लालगोपालगंज। नवाबगंज थाना क्षेत्र में मासूम छात्रा के साथ हुई दुष्कर्म की घटना के मामले में मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी न होने से पीड़ित परिवार आहत है। बुधवार को पीड़िता अपनी मां के साथ डीसीपी कार्यालय पहुंची और फरार आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी की गुहार लगाई।

पीड़िता की मां ने बताया कि घटना 19 अक्टूबर की है। उस दिन उनकी बेटी स्कूल के काम के लिए बाजार से चार्ट पेपर खरीदकर घर लौट रही थी। रास्ते में गांव के ही दो फुफेरे भाइयों ने उसे अकेला पाकर दुष्कर्म किया। घर पहुंचकर छात्रा ने मां को आपबीती सुनाई। पिता रोजगार के सिलसिले में परदेस में रहते हैं। मां ने हिम्मत जुटाकर 22 अक्टूबर को नवाबगंज थाने में तहरीर दी। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, लेकिन मुख्य आरोपी अब भी फरार है। डीसीपी से भेंट कर मां ने फरार आरोपी की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

मुजफ्फरनगर में अवैध शराब तस्करी का भंडाफोड़, 15 लाख की शराब समेत दो तस्कर गिरफ्तार

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मुजफ्फरनगर। छपार पुलिस, एसओजी और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने चंडीगढ़ से बिहार ले जाई जा रही 290 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद शराब की अनुमानित कीमत करीब 15 लाख रुपये बताई गई है।

पुलिस के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर बढ़ेड़ी कट से पहले एक होटल के सामने खड़े ट्रक की तलाशी ली गई। तलाशी में पेस्टीसाइड के कार्टूनों के बीच छिपाकर रखी गई शराब की 290 पेटियां बरामद हुईं। पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल ट्रक और 625 कार्टून पेस्टीसाइड भी बरामद किए है।

गिरफ्तार आरोपी - प्रदीप चौधरी पुत्र जोगेंद्र चौधरी, निवासी छपरा, बिहार- साहिल उर्फ काक्कू पुत्र सदीक मोहम्मद, निवासी बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश

बरामदगी- 50 पेटी रॉयल मेंशन गोल्ड व्हिस्की (750 एमएल)- 140 पेटी रॉयल मेंशन गोल्ड व्हिस्की (375 एमएल)- 100 पेटी रॉयल मेंशन गोल्ड व्हिस्की (180 एमएल)- 625 कार्टून पेस्टीसाइड

- ट्रक संख्यां 14 उउ 4054पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे चंडीगढ़ से सस्ते दामों पर शराब खरीदकर बिहार में ऊंचे दामों पर बेचते थे। बिहार में शराबबंदी होने के कारण वहां अवैध शराब की सप्लाई कर मुनाफा कमाते थे। इस मामले में थाना छपार पर मुकदमा संख्या 246/2026, धारा 60(1) आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

एसडी कॉलेज और नगर पालिका इंटर कॉलेज में चला सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान



प्रातःकाल एक्सप्रेस

मुजफ्फरनगर। यातायात माह नवंबर-2026 के अंतर्गत मुजफ्फरनगर पुलिस द्वारा एसडी कॉलेज एवं नगर पालिका इंटर कॉलेज में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों को यातायात नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपनिरीक्षक यातायात पुष्पेन्द्र कुमार और उनकी टीम ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पुलिस टीम ने बताया कि यातायात नियमों का पालन करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। नियमों की अनदेखी और लापरवाही के कारण सड़क दुर्घटनाएं होती है।कार्यक्रम में विद्यार्थियों को दोपहिया वाहन चलाते समय और पीछे बैठने पर हेलमेट पहनने की आवश्यकता समझाई गई। साथ ही चारपहिया वाहनों में चालक और यात्रियों को सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं यातायात नियमों का पालन करें तथा अपने अभिभावकों, परिजनों और आसपास के लोगों को भी हेलमेट, सीट बेल्ट एवं अन्य यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें।

संविधान के सम्मान और कर्तव्यों के पालन का पुलिसकर्मियों ने लिया संकल्प, किरीट राठौड़ ने दिलाई शपथ

प्रातःकाल एक्सप्रेस

वाराणसी :- संविधान दिवस के मौके पर गुरुवार को कमिश्नरेट वाराणसी के पुलिस कार्यालय में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें अपर पुलिस आयुक्त (अपराध) किरीट राठौड़ ने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ कराया। इसके साथ ही सभी को संविधान के मूल सिद्धांतों और आदर्शों के प्रति समर्पित रहने की शपथ दिलाई गई।

इस दौरान न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व जैसे संवैधानिक मूल्यों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया गया। पुलिसकर्मियों को याद दिलाया गया कि प्रत्येक नागरिक के अधिकारों की रक्षा करना और कानून के दायरे में रहकर निष्पक्ष कार्रवाई करना उनकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।अपर पुलिस आयुक्त किरीट राठौड़ ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को पूरी ईमानदारी, निष्ठा और निष्पक्षता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में पुलिसकर्मियों ने संविधान की गरिमा बनाए रखने और उसकी मूल भावना के अनुरूप अपने कर्तव्यों का पालन करने का संकल्प दोहराया।